Title Code :- RAJHIN27855

TDN THE DAYSPRING NEWS

दैनिक
# द डेस्प्रिंग

@tdnnewsindia
@tdn_thedayspringnews
@the Dayspring news
@thedayspring
@tdnnewsindia

वर्ष: 4 | अंक:243 | मूल्य: 3 रू | पेज: 8 | जयपुर, शुक्रवार/ 26 सितम्बर /2025 | जयपुर से प्रकाशित (सीकर, जोधपुर, कोटा, भरतपुर, सिरोही से प्रसारित)

### पंचम मां स्कंदमाता



देवी मां का पांचवां रूप स्कंदमाता के नाम से प्रचलित है। भगवान् कार्तिकेय का एक नाम स्कन्द भी है जो ज्ञानशक्ति और कर्मशक्ति के एक साथ सूचक हैं। स्कन्द इन्हीं दोनों के मिश्रण का परिणाम है।

## 97 तेजस विमानों से हवा में मार करने की बढ़ेगी रफ्तार

### भारतीय वायुसेना के लिए रक्षा मंत्रालय ने किया खास करार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय वायुसेना को मजबूत करने के लिए गुरुवार को एक अहम करार किया गया। इसके तहत रक्षा मंत्रालय ने गुरुवार को भारतीय वायुसेना के लिए 97 तेजस लड़ाकू विमान खरीदने के लिए हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) के साथ 62,370 करोड़ रुपए के अनुबंध पर हस्ताक्षर किए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता वाली सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति (सीसीएस) द्वारा इस बड़ी खरीद को हरी झंडी दिए जाने के लगभग एक महीने बाद अनुबंध पर हस्ताक्षर किए गए हैं। एयरोस्पेस क्षेत्र की इस सरकारी दिग्गज कंपनी के साथ किया गया यह दूसरा ऐसा अनुबंध है। फरवरी 2021 में, रक्षा मंत्रालय ने भारतीय वायुसेना के लिए 83 तेजस एमके-1ए जेट विमानों की खरीद के लिए एचएएल के साथ 48,000 करोड़ रुपए का सौदा किया था।



मंत्रालय ने बताया कि भारतीय वायुसेना के लिए 62,370 करोड़ रुपए (करों को छोड़कर) की लागत से 97 तेजस हल्के विमान 'एमके-1ए' और संबंधित उपकरणों की खातिर अनुबंध पर हस्ताक्षर किए।

## भाजपा ने 3 राज्यों के लिए नियुक्त किए चुनाव प्रभारी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भाजपा ने गुरुवार को बिहार, पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु में विधानसभा चुनाव के लिए प्रभारी और सह प्रभारी नियुक्त किए हैं। बिहार के लिए केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को चुनाव प्रभारी, उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल को सह-प्रभारी बनाया है। वहीं, केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव को पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव का प्रभारी और त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री बिप्लब कुमार देब सह प्रभारी बनाया गया है। इसके अलावा, तमिलनाडु में भाजपा सांसद बैजयंत पांडा को प्रभारी और मुरलीधर मोहोल को सह प्रभारी नियुक्त किया गया है। बिहार में अक्टूबर-नवंबर में विधानसभा चुनाव होने हैं, यहां फिलहाल नीतिश कुमार की जेडीयू और भाजपा गठबंधन की सरकार है।

## बिहार चुनाव में महागठबंधन का कैंपेन लीड करेगी कांग्रेस

### तेजस्वी यादव को साफ संदेश! मुश्किल में लालू के लाल

**पटना (एजेंसी)।** बिहार विधानसभा चुनाव 2025 में महागठबंधन के प्रचार को कांग्रेस लीड करेगी। पार्टी अपने मुद्दों को महागठबंधन के चुनावी घोषणा पत्र में भी शामिल कराएगी। कांग्रेस महासचिव नासिर हुसैन ने गुरुवार को यह बात कही है। राजनीतिक गलियारों में कांग्रेस के इस बयान पर चर्चा शुरू हो गई है। माना जा रहा है कि कांग्रेस ने तेजस्वी यादव की पार्टी राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) को साफ संदेश दे दिया है कि बार गठबंधन में बड़े भाई की भूमिका में कौन रहेगा। तेजस्वी को मुख्यमंत्री का चेहरा घोषित करने के सवाल को भी कांग्रेस के आला नेता अब तक टालते रहे हैं। कांग्रेस महासचिव नासिर हुसैन ने पटना स्थित पार्टी प्रदेश कार्यालय सदाकत आश्रम में गुरुवार को प्रेस वार्ता की। इस दौरान उन्होंने कहा कि कांग्रेस अपने मुद्दों को मैनिफेस्टो में शामिल कराएगी और सत्ता में आने पर अपने वादों को पूरा भी करेगी। उन्होंने नासिर हुसैन ने अति पिछड़ा वर्ग के आरक्षण को बढ़ाने के कांग्रेस के संकल्प को दुहराया। उन्होंने कहा कि



पार्टी ने कांग्रेस शासित राज्यों कर्नाटक और तेलंगाना में इसे लागू करवाया है। बिहार में भी इसे लागू करवाया जाएगा। बिहार में अगले महीने में विधानसभा चुनाव की घोषणा संभव है।

## भारत की मारक क्षमता में हाईलेवल का इजाफा

### ट्रेन से लॉन्च हुई अग्नि मिसाइल, 2000 किमी तक प्रहार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत ने अपनी सामरिक क्षमताओं को और मजबूत करते हुए गुरुवार को मध्यम दूरी की अग्नि-प्राइम मिसाइल का सफल उड़ान परीक्षण किया। यह परीक्षण पहली बार विशेष रूप से तैयार किए गए रेल-आधारित मोबाइल लॉन्चर प्रणाली से किया गया। इस उपलब्धि की जानकारी रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर साझा की। रक्षा मंत्री ने अपने संदेश में कहा, अग्नि-प्राइम




मिसाइल के सफल परीक्षण पर डीआरडीअ, स्ट्रैटेजिक फोर्सेज कमांड और सशस्त्र बलों को बधाई। इस परीक्षण ने भारत को उन चुनिंदा देशों की श्रेणी में शामिल कर दिया है, जिन्होंने रेल नेटवर्क से 'ऑन द मूव' कैनिस्टराइज्ड लॉन्च सिस्टम विकसित किया है। उन्होंने कहा कि यह अगली पीढ़ी की मिसाइल 2000 किलोमीटर तक की मारक क्षमता के लिए डिज़ाइन की गई है और कई उन्नत सुविधाओं से लैस है। नया रेल-आधारित मोबाइल लॉन्चर बिना किसी पूर्व शर्त के देशभर में काम करेगा।

## चिप से लेकर शिप तक सब देश में ही बनाएंगे

● मोदी बोले-किसी पर निर्भर रहना अब मंजूर नहीं

### नोएडा में इंटरनेशनल ट्रेड शो का किया उद्घाटन

**नोएडा (एजेंसी)।** पीएम मोदी ने नोएडा में इंडिया एक्सपो मार्ट में गुरुवार को यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो का शुभारंभ किया। उन्होंने कारोबारियों से कहा कि हम चिप से शिप तक भारत में बनाना चाहते हैं। इसलिए अपना बिजनेस मॉडल ऐसा बनाइए जो आत्मनिर्भर भारत को मजबूती देता हो। बदलती हुई दुनिया में जो देश जितना ज्यादा दूसरों पर निर्भर रहेगा, उसकी ग्रोथ उतनी ही कॉम्प्रोमाइज रहने वाली है। इसलिए भारत को किसी पर निर्भर रहना अब मंजूर नहीं है। भारत को आत्मनिर्भर बनाना होगा। इससे पहले पीएम ने कारोबारियों से बात की। मोदी



प्रोड्यूसर बोनी कपूर और उनके बेटे अर्जुन से भी मिले। ट्रेड शो 29 सितंबर तक चलेगा। रूस पार्टनर देश के रूप में हिस्सा ले रहा है। अनुमान है कि इस बार ट्रेड शो में 5 हजार करोड़ का व्यापार होगा।

### जीएसटी पर राजनैतिक दल देश को गुमराह कर रहे

कुछ राजनीतिक दल जीएसटी की नई दरों को लेकर देश के लोगों को भ्रमित कर रहे हैं। 2014 से पहले जो सरकार चला रहे थे, उसकी नाकामियां छिपाने के लिए कांग्रेस और उसके साथी दल जनता से झूठ बोल रहे हैं। सच्चाई तो ये है कि कांग्रेस के समय टैक्स की लूट मची थी। लूटे हुए धन में से भी लूट होती थी। देश के आम नागरिकों को टैक्स की मार से निचोड़ा जा रहा था। ये हमारी सरकार है, जिसने टैक्स को बड़े पैमाने पर कम किया है। मोदी ने कहा कि जीएसटी की नई दर भारत की विकास गाथा को नई उड़ान देंगे।

● **जीएसटी पर राजनैतिक दल देश को गुमराह कर रहे-** कुछ राजनीतिक दल जीएसटी की नई दरों को लेकर देश के लोगों को भ्रमित कर रहे हैं। 2014 से पहले जो सरकार चला रहे थे, उसकी नाकामियां छिपाने के लिए कांग्रेस और उसके साथी दल जनता से झूठ बोल रहे हैं। सच्चाई तो ये है कि कांग्रेस के समय टैक्स की लूट मची थी। लूटे हुए धन में से भी लूट होती थी। देश के आम नागरिकों को टैक्स की मार से निचोड़ा जा रहा था। ये हमारी सरकार है, जिसने टैक्स को बड़े पैमाने पर कम किया है। मोदी ने कहा कि जीएसटी की नई दर भारत की विकास गाथा को नई उड़ान देंगे। ये जीएसटी पंजीकरण को सरल बनाएंगे, कर विवादों को कम करेंगे और एमएसएमई को तेजी से रिफंड सुनिश्चित करेंगे।

## भारत किसी से भी तेल खरीदे रूस से नहीं

**वॉशिंगटन (एजेंसी)।** अमेरिका के ऊर्जा मंत्री क्रिस राइट ने भारत से अपील की है कि वह रूस से कच्चे तेल का आयात करने पर दोबारा सोचे। न्यूयॉर्क में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान राइट ने कहा, आप दुनिया के किसी भी देश से तेल खरीद सकते हैं, बस रूस से नहीं। अमेरिका भी तेल बेचता है और बाकी देश भी। हम भारत को सजा नहीं देना चाहते, बल्कि युद्ध खत्म करना चाहते हैं और भारत के साथ अपने रिश्ते मजबूत करना चाहते हैं। राइट ने कहा कि अमेरिका चाहता है कि भारत उसके साथ मिलकर काम करे। राइट ने कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प भी चाहते हैं कि यह युद्ध जल्द खत्म हो।

## कमरे से कैमरे तक, मुश्किल में फंसे स्वामी चैतन्यानंद

### एफआईआर में 11 करतूतें,डीन श्वेता देती थी साथ!

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली स्थित श्री शारदा इंस्टीट्यूट ऑफ इंडियन मैनेजमेंट के फरार डायरेक्टर चैतन्यानंद सरस्वती उर्फ पार्थ सारथी पर लगे आरोप बेहद चौंकाने वाले हैं। 12 सालों से मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट में अपना दबदबा बनाकर लड़कियों से छेड़छाड़ करने के आरोपी 62 साल के चैतन्यानंद सरस्वती पर आरोप है कि वह यहां पढ़ने वाली गरीब लड़कियों को निशाने पर लेकर उनका यौन शोषण करता था।



इंस्टीट्यूट के सीईओ की ओर से दर्ज कराए गए एफआईआर में चैतन्यानंद पर 11 गंभीर आरोप लगाए गए हैं। इसमें यहां तक कहा गया है कि उसने हॉस्टल में कैमरे लगा दिए थे। वह लड़कियों को डराता था कि यदि उसकी बात नहीं मानी तो डिग्री रोक दी जाएगी। एफआईआर में कहा गया है कि इस पूरे कांड में उसका साथ असोसिएट डीन श्वेता भी देती थी। कुछ करीबियों ने छात्राओं को डराया व उनका यौन उत्पीड़न किया।

## बांग्लादेश को इस्लामिक देश बनाने की तैयारी

● यूनुस राज में अगला निशाना सेना, सामने आया इस्लामिक आर्मी का ब्लू प्रिंट



ढाका (एजेंसी)। बांग्लादेश में मोहम्मद यूनुस के राज में देश को इस्लामिक मुल्क बनाने पर पूरे जोर-शोर से काम चल रहा है। मोहम्मद यूनुस और उनके शासन पर इस्लामिक-जेहादी तत्वों का प्रभुत्व है, जो अपने मिशन में लग गए हैं। देश की राष्ट्रीय संप्रभुता की रक्षा करने वाली संस्थाओं को अपने कब्जे में सुनियोजित साजिश चल रही है। लेकिन बांग्लादेश की सेना इस राह में अब तक रोड़ा बनी हुई है। यही वजह है कि अब सेना को सावधानीपूर्वक तैयार किए गए सफाई अभियान के जरिए निशाना बनाया जा रहा है।

यूनुस शासन को अपने इशारे पर चलाने वाले इस्लामिक कट्टरपंथी मुल्क में बांग्लादेश की सेना को ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर (आरजीसी) की तरह इस्लामी सैन्य व्यवस्था में बदलना चाहते हैं।

## दुनिया की सबसे लग्जरी ट्रेन से मथुरा पहुंचीं राष्ट्रपति

### बांके बिहारी के दर्शन किए,निधिवन में 500 मीटर परिक्रमा लगाई



मथुरा (एजेंसी)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू दुनिया की सबसे लग्जरी ट्रेनों में से एक महाराजा एक्सप्रेस से गुरुवार सुबह मथुरा के वृंदावन पहुंचीं। यहां उन्होंने ठाकुर बांके बिहारी मंदिर में दर्शन-पूजन किया। इसके बाद वह निधिवन पहुंचीं। यहां वृक्षों की पूजा की और 500 मीटर परिक्रमा लगाई। राष्ट्रपति श्रीकुब्जा मंदिर और सुदामा कुटी भी गईं। वह गुरुवार सुबह 8 बजे दिल्ली से रवाना हुईं। करीब डेढ़ घंटे बाद यानी 10 बजे वृंदावन रोड रेलवे स्टेशन पहुंचीं। ट्रेन के 18 में से 12 कोच राष्ट्रपति और उनके स्टाफ के लिए रिजर्व रखे गए थे। इनमें प्रेसिडेंशियल सुइट, डीलक्स सुइट, रेस्टोरेंट, लाउंज और पावर कार शामिल हैं। राष्ट्रपति मुर्मू 7 घंटे मथुरा-वृंदावन में रुकीं। इस दौरान वह कई धार्मिक स्थलों पर दर्शन के लिए गईं।

## भारत-कनाडा संबंधों में धीरे-धीरे बन रही है बात!

### अगले महीने भारत आ रही हैं विदेश मंत्री अनीता आनंद

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत और कनाडा के बीच संबंधों में आई तल्खी दूर होती दिख रही है। इस साल जून में प्रधानमंत्री मोदी की अपने कनाडाई समकक्ष मार्क कार्नी से मुलाकात की थी। अब भारत और कनाडा संबंधों को सामान्य बनाने की दिशा में एक और कदम बढ़ाने के लिए तैयार दिख रहे हैं। कनाडा की विदेश मंत्री अनीता आनंद अगले महीने नई दिल्ली की यात्रा पर आ सकती हैं। 2023 में दोनों देशों के संबंधों में कड़वाहट आ गई थी। उस समय मार्क कार्नी के पूर्ववर्ती जस्टिन ट्रूडो ने आरोप लगाया था कि भारत सरकार कनाडा की धरती पर खालिस्तानी अलगाववादी हरदीप निज्जर की हत्या में शामिल थी। उसके घटना के बाद से यह दोनों देशों के किसी विदेश मंत्री की पहली द्विपक्षीय यात्रा होगी।



## अब पाली के कुल्हड़ में रेलवे स्टेशनों पर परोसी जाएगी चाय

● रेलमंत्री बोले-यहां के सिकोरे की क्वालिटी काफी अच्छी,रेलवे इस्तेमाल करेगा

**पाली (एजेंसी)।** पाली में बने कुल्हड़ में देशभर के रेलवे स्टेशनों पर चाय परोसी जाएगी। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि पाली में बन रहे मिट्टी के सिकोरे की क्वालिटी काफी अच्छी है। पाली देश के लिए रेल मॉडल बने, इसलिए यहां की महिलाओं द्वारा बनाए गए मिट्टी के सिकोरे रेलवे उपयोग में लेगा। इससे देशभर में प्लेटफॉर्म पर सिकोरे में लोग चाय पीते नजर आएंगे। महिलाओं के रोजगार में इजाफा होगा। रेल मंत्री गुरुवार सुबह करीब 6 बजे ट्रेन से पाली रेलवे स्टेशन पर उतरे।



● **कुर्सी छोड़ जाजम पर बैठकर सुना महिलाओं का संघर्ष-** रेल मंत्री पाली के निकट हेमावास गांव गए। जहां लघु उद्योग भारती की ओर से महिलाओं से चूड़ी पर नग लगाने का काम करवाने के प्रोजेक्ट का निरीक्षण किया। उन्होंने मशीन के जरिए प्लास्टिक की चूड़ियों पर नग लगाने का काम करते देखा। उन्होंने महिलाओं से बातचीत भी की।

## एशिया का सबसे बड़ा फूड पार्क बनाएंगे मुकेश अंबानी

### सरकार के साथ किया 40,000 करोड़ का समझौता

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत और एशिया के सबसे बड़े रईस मुकेश अंबानी की कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज फूड सेक्टर में बड़ा दांव खेलने जा रही है। रिलायंस की सहयोगी कंपनी रिलायंस कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड ने देश भर में एकीकृत खाद्य विनिर्माण सुविधाएं स्थापित करने के लिए खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय के साथ 40,000 करोड़ रुपये के समझौते पर हस्ताक्षर किए है। सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि एमओयू पर विश्व खाद्य भारत 2025 कार्यक्रम के दौरान गुरुवार को हस्ताक्षर किए गए। रिलायंस इंडस्ट्रीज ने अगस्त में घोषणा करते हुए कहा था कि वह एआई-संचालित टिकाऊ प्रौद्योगिकियों के साथ फूड पार्क बनाएगी।



## अब स्कूल में ही मिलेगी आईआईटी-जेईई जैसी कोचिंग!

● कोचिंग की निर्भरता कम करने सीबीएसई का नया प्लान ● नीट और सीयूईटी जैसी परीक्षाओं की भी कराएगा तैयारी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कोचिंग पर बढ़ रही निर्भरता और स्कूली शिक्षा को कमतर आंकने की समस्या का हल ढूंढ़ने के लिए शिक्षा मंत्रालय की विशेषज्ञ समितियां लगातार मंथन कर रही है। मंत्रालय की एक हाई लेवल कमिटी ने स्कूलों में भी प्रोफेसर ऑफ प्रैक्टिस मॉडल अपनाने की जरूरत बताई है। वहीं, सीबीएसई की एक विशेषज्ञ समिति ने स्कूलों में सेंटर फॉर एडवांस स्टडीज स्थापित करने की सिफारिश की है, जहां पर इंजीनियरिंग, मेडिकल समेत दूसरे बड़े एंट्रेंस की तैयारी करने वाले छात्रों को गाइडेंस दी जा सके। सीबीएसई के मौजूदा संबद्ध स्कूलों को एडवांस स्टडीज शुरू करने की इजाजत दी सकती है। एडवांस स्टडीज का केंद्र स्कूल कैंपस में ही होगा और सेंटर में क्लासेज स्कूल टाइमिंग में ही होंगी। सीएएस में नामांकन स्वैच्छिक होगा। छात्रों को सीएएस से बाहर निकलने और 'स्टैंडर्ड' क्लासेज में अपनी नियमित स्कूली शिक्षा फिर से शुरू करने की आजादी होगी। स्कूल विशेष इनपुट के लिए उच्च शिक्षा और राष्ट्रीय प्रतिष्ठा के संस्थानों की फैकल्टी के साथ टाईअप कर सकते हैं। सीएएस के लिए कोचिंग संस्थानों के साथ कोई समझौता नहीं होगा।



### मैथ्स की तरह हर विषय के लिए दो लेवल

सीबीएसई ने जिस तरह से 10वीं और 12वीं में मैथ्स के दो लेवल बनाए हैं, उसी तरह से दूसरे कई विषयों के करिकुलम स्टैंडर्ड भी तैयार किए जाएं। यह छात्र पर निर्भर हो कि वह एडवांस करिकुलम का चयन करें या फिर दूसरा विकल्प चुनें। मैथ्स, फिजिक्स, केमिस्ट्री, बायोलॉजी, कंप्यूटर साइंस, लीगल स्टडीज, अकाउंट्स, इकोनॉमिक्स जैसे विषयों की पढ़ाई व एंट्रेंस की तैयारी एडवांस सेंटर में हो। सीएएस का विकल्प नहीं चुनने वाले छात्रों के साथ भेदभाव नहीं होगा।

### अलग होंगे सेंटर फॉर एडवांस स्टडीज के टीचर्स!

सीबीएसई की कमिटी ने कहा है कि देश की नामी यूनिवर्सिटी, कॉलेजों में एडमीशन का लक्ष्य रखने वाले छात्र कोचिंग में एंट्रेंस टेस्ट की तैयारी पर ज्यादा समय लगाते हैं। डमी स्कूलों का कल्चर भी उभर रहा है, जिस पर सीबीएसई ने कड़ा शिकंजा कसा है। स्कूलों में सेंटर फॉर एडवांस स्टडीज में उन छात्रों का नामांकन किया जा सकेगा, जो देश के बड़े एंट्रेंस एग्जाम की तैयारी करना चाहते हैं। हालांकि स्कूलों को अपने यहां कोई डमी स्कूल शुरू करने की इजाजत नहीं होगी।

### शेखावाटी विवि में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अवतरण दिवस पर विभिन्न आयोजन

# पंडित उपाध्यायजी की आर्थिक लोकतंत्र की अवधारणा, आज भी प्रासंगिक : मंत्री खर्रा

## आर्थिक लोकतंत्र की अवधारणा पर विचार संगोष्ठी और दीपोत्सव में जलाए 15000 दीपक

द डेस्प्रिंग

**सीकर।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर में गुरुवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय अवतरण दिवस पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। दिनभर चली गतिविधियों में राष्ट्रीय विचार संगोष्ठी, पुस्तक परिचर्चा, रंगोली, संभाषण, निबंध लेखन प्रतियोगिताएं और भव्य दीपोत्सव प्रमुख आकर्षण रहे। शेखावाटी विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. (डॉ)अनिल कुमार राय ने बताया कि 'पंडित दीनदयाल उपाध्याय की आर्थिक लोकतंत्र की अवधारणा' विषय पर राष्ट्रीय विचार संगोष्ठी हुई। मुख्य अतिथि शहरी विकास एवं स्वायत्त शासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने कहा कि उपाध्याय जी का आर्थिक लोकतंत्र अंत्योदय पर आधारित है, जो आत्मनिर्भर भारत के लिए अत्यंत प्रासंगिक है। उन्होंने कहा कि पंडित जी समाज के अंतिम व्यक्ति तक सुविधाएं पहुंचाने के पक्षधर थे। विशिष्ट अतिथि राज्यसभा सांसद घनश्याम तिवाड़ी ने विश्वविद्यालय की सराहना करते हुए कहा कि अब शेखावाटी विवि का स्वरूप एकदम बदल गया है, यहां विकास और विद्यार्थियों की चहलपहल नजर आने लगी है। इसका श्रेय कुलगुरु प्रो. अनिल कुमार राय को जाता है। तिवाड़ी ने कहा कि एकात्म मानववाद को आर्थिक लोकतंत्र से जोड़ते हुए ग्रामीण









अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने पर बल दिया। पंडित दीनदयाल उपाध्याय के 109वें अवतरण दिवस पर सभी को शुभकामनाएं देते हुए पंडित दीनदयाल जी का दूसरा महत्वपूर्ण विचार अंत्योदय है मुख्य वक्ता, जेएनवीयू के पूर्व कुलपति प्रो. लोकेश कुमार शेखावत ने आर्थिक लोकतंत्र को सामाजिक न्याय का आधार बताते हुए इसकी समकालीन उपयोगिता पर प्रकाश डाला। आज के समय में भी पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचार उतने ही प्रासंगिक हैं। शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास, जयपुर प्रांत के अध्यक्ष राजीव सक्सेना ने आर्थिक लोकतंत्र को डिजिटल अर्थव्यवस्था और आत्मनिर्भरता से जोड़कर समझाया। संगोष्ठी की अध्यक्षता कुलगुरु प्रो. अनिल कुमार राय ने की, जिन्होंने उपाध्याय जी के विचारों को वर्तमान चुनौतियों का समाधान बताया। कुलगुरु प्रो. राय ने कहा कि दीपोत्सव उपाध्याय जी के अंत्योदय, समग्र विकास और भारतीय संस्कृति के संवर्धन की भावना का प्रतीक है। प्रो. राय ने अपने अध्यक्षीय एवं स्वागत भाषण में बताया कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय का चिंतन भारतीय ज्ञान, परंपरा और संस्कृति में गहराई से निहित था। उन्होंने भारत की सनातन विचारधारा को युग के अनुकूल रूप में प्रस्तुत करते हुए एकात्म मानववाद का दर्शन दिया। इस अवसर पर वित्त नियंत्रक महेश चंद शर्मा, अकादमिक प्रभारी व सहायक कुलसचिव (परीक्षा) डॉ. आर सी मीना, उपकुलसचिव (सम्बद्धता) रामसिंह सरावग और सम्पदा और सामान्य प्रशासन प्रभारी कन्हैया लाल जांगिड़, उपनिदेशक आईटी पंकज मील समेत विवि के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक प्रो. राजेन्द्र सिंह धन्यवाद ज्ञापित किया।

### विभिन्न प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 10:30 बजे निबंध लेखन, संभाषण और रंगोली प्रतियोगिताओं से हुई। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। कुलगुरु प्रो. राय ने कहा कि इन प्रतियोगिताओं का उद्देश्य युवाओं तक पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचार पहुंचाना है।

### पुस्तक परिचर्चा

दोपहर 1 से 3 बजे तक शेखावाटी विवि और अखिल भारतीय साहित्य परिषद् एवं शेखावाटी साहित्य संगम के संयुक्त तत्वावधान में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुस्तक 'जगतगुरु श्री शंकराचार्य' पर परिचर्चा हुई। भारतीय साहित्य परिषद के राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री मनोजजी ने पुस्तक की विस्तृत जानकारी दी और उस पर अपने विचार रखे। वक्ताओं ने उनके दार्शनिक और आध्यात्मिक चिंतन को आधुनिक संदर्भों से जोड़ा।

### दीपोत्सव में 15000 दीपों से जगमगाया परिसर

डॉ. डीपी सिंह ने बताया कि यूडीएच मंत्रर झाबर सिंह खर्रा ने शाम 6:30 बजे विश्वविद्यालय परिसर में उपाध्याय जी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि कर दीपोत्सव का शुभारंभ किया गया। दीपोत्सव में करीब 15,000 दीपों की रोशनी से परिसर जगमगा उठा और मनमोहक दृश्य उत्पन्न हुआ। इस अवसर पर शिक्षक, कर्मचारी और छात्र इस दीपोत्सव में उत्साहपूर्वक शामिल हुए।

# वन विभाग की बड़ी कार्रवाई : सितारगंज-चोरगलिया मार्ग पर अवैध लकड़ी तस्करी का भंडाफोड़

विभाग की इस कार्यवाही को स्थानीय जनमानस ने सराहा

पर्यावरण संरक्षण के लिए बड़ी उपलब्धि बताया।

द डेस्प्रिंग

**सितारगंज / (दीपक भारद्वाज) ।** प्रभागीय वनाधिकारी के आदेश एवं उप प्रभागीय वनाधिकारी के निर्देशन में वन विभाग की टीम ने आज सितारगंज-चोरगलिया मार्ग पर चलाए गए सघन चेकिंग अभियान में अवैध लकड़ी तस्करी का पर्दाफाश करते हुए बिना अभिवहन पास के लकड़ी लेकर जा रहे चार बड़े वाहनों–यूपी 25 टी 7059, यूपी 25 बीटी 2811, एचआर 58 सी 1373 एवं यूपी 22 बीटी 3059–को पकड़ लिया। पकड़े गए वाहनों को बमनपुरी चौकी एवं शक्तिफार्म वन परिसर में सुरक्षित खड़ा कर विधिक कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। इस अभियान की



सफलता में कैलाश चंद्र गुणवंत (वन क्षेत्राधिकारी), नंद किशोर (वन दरोगा), सरजीत सिंह, ललित जोशी, जगदीश पंत, अरुण कुमार, महेश कुमार (वन बीट अधिकारी) एवं वाहन चालक चंदन सिंह राणा की महत्वपूर्ण भूमिका रही। बारकोली रेंज, तराई पूर्वी वन प्रभाग की इस सशक्त कार्रवाई ने न केवल अवैध लकड़ी तस्करी करने वालों के हौसले पस्त कर दिए हैं बल्कि वन संरक्षण के प्रति विभाग की सख्ती और प्रतिबद्धता का भी स्पष्ट संदेश दिया है। लगातार हो रही तस्करी पर अंकुश लगाने हेतु विभाग की इस कार्यवाही को स्थानीय जनमानस ने सराहा और इसे पर्यावरण संरक्षण के लिए बड़ी उपलब्धि बताया।

# बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत विद्यार्थियों को दिलाई गई शपथ

द डेस्प्रिंग

**चित्तौड़गढ़ / गौरव कुमार मेडतवाल ।** जिला कलक्टर के निर्देशन में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत बाल अधिकारिता विभाग एवं चाइल्ड हेल्पलाइन टीम द्वारा मिल्लत पब्लिक स्कूल व मदरसा दारूल उलूम तमन्नाईया शेरे मुस्तफा, सावा में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के विद्यार्थियों को बाल विवाह निषेध की शपथ दिलाई गई। बाल अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक ओमप्रकाश तोषनीवाल ने विद्यार्थियों को बाल विवाह के दुष्परिणामों की जानकारी देते हुए बताया कि बाल विवाह एक दंडनीय अपराध है। उन्होंने कहा कि यदि कहीं बाल विवाह की सूचना मिले तो तुरंत चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 पर सूचना दें, जिसकी पहचान गोपनीय रखी जाती है। साथ ही विद्यार्थियों को बाल अधिकार, बालश्रम निषेध तथा नशा मुक्ति से संबंधित जानकारियां प्रदान की गई। चाइल्ड




हेल्पलाइन एवं बाल अधिकारिता विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं से भी विद्यार्थियों को अवगत कराया गया। कार्यक्रम में शिक्षा विभाग से लोकश सोनी, चाइल्ड हेल्पलाइन से इरफान शोरगर, विद्यालय के प्रधानाचार्य मोहम्मद इसराइल खान, शिक्षक इनायत शेख, जाहेदा खान, भेरूलाल तेली, शबाना खान, शैफाली शेख सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे।

## सोना देवी सेठिया कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में हुआ एनएसएस दिवस पर शिविर का आयोजन

द डेस्प्रिंग

**सुजानगढ़।** सोना देवी सेठिया कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में एनएसएस की दोनों इकाइयों के संयुक्त तत्वावधान में माई भारत पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन एवम VBYLD QUIZ को समर्पित एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत प्राचार्य डॉ साधना सिंह ने एनएसएस के उद्देश्य पर अपने विचार रखे तथा उपप्राचार्य डॉ जयश्री सेठिया ने बताया कि एनएसएस के द्वारा समाज में सामाजिक जिम्मेदारी और नागरिक चेतना की भावना का विकास किया जाता है जिससे स्वयं सेविकाओं का विकास होता है एनएसएस इकाई प्रथम के कार्यक्रम अधिकारी संजय वर्मा ने माई भारत पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन व VBYLD क्विज़ की जानकारी प्रदान की तथा एनएसएस इकाई द्वितीय के कार्यक्रम अधिकारी श्री चंद्र प्रकाश गुर्जर ने बताया कि एनएसएस के अंतर्गत नियमित रूप से आयोजित की जाने वाली सामुदायिक सेवा, गतिविधियाँ, श्रमदान और रक्त दान के बारे में जानकारी प्रदान की । कार्यक्रम के दौरान समस्त स्टॉफ सदस्य तथा स्वयं सेविकाऐं उपस्थित रही।

# पढ़ाई के साथ खेल भी जरूरी : सीबीईओ सुनीता पूनिया

### बाल भारती इंटरनेशनल स्कूल में जिला स्तर पर विजेता खिलाड़ियों का सम्मान

द डेस्प्रिंग

**सुजानगढ़।** पढ़ाई के साथ खेल भी जीवन का अहम हिस्सा है, खेलों से शारीरिक और मानसिक विकास होता है। यह बात मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी (सीबीईओ) सुनीता पूनिया ने गुरुवार को बाल भारती इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित सम्मान समारोह में कही।कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने 69वीं जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं में जूडो, शतरंज और बास्केटबॉल में स्वर्ण, रजत व कांस्य पदक जीतकर विद्यालय व क्षेत्र का नाम रोशन किया।जूडो में शानदार प्रदर्शन करने पर स्वर्ण पदक विजेता पुलकित जांगिड़, रिजवान खान, फरहान खान व रजत पदक विजेता काव्य प्रजापत, सलीक, तेजपाल गोरा, रचित गोलछा व कांस्य पदक विजेता गोकुल जांगिड़, अनिकेत जांगिड़, रमेश तेतरवाल सभी विजेता खिलाड़ियों का विद्यालय प्रांगण



में संस्था के डायरेक्टर नोपाराम मंडा, प्रिंसिपल मैना जानूं, रचना जांगिड़, मीरा जाखड़, फूलचंद बिजारणिया एवं राजू सारण ने माल्यार्पण कर व प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मान किया। कार्यक्रम में जूडो प्रशिक्षक सुभाष सैन का भी विशेष रूप से सम्मान किया गया। साथ ही, राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में चयनित सभी खिलाड़ियों का भी उत्साहवर्धन करते हुए स्वागत किया गया।कार्यक्रम का संचालन विनोद सैन ने किया।

# अंतिम व्यक्ति की सेवा करने का संदेश ही मूल मंत्र बना भारतीय राजनीति का -छुग सिंह सोढ़ा

### सभी मंडलो में भी हुवा जन्मोत्सव कार्यक्रम

द डेस्प्रिंग

**जैसलमेर –रमेश प्रजापत ।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती के उपलक्ष्य में आज (25 सितंबर) पूरे देश में अंत्योदय दिवस मनाया जा रहा है. हर साल मनाया जाने वाला यह दिवस भारतीय राजनीतिक इतिहास के सबसे प्रभावशाली व्यक्तित्वों में से एक, उपाध्याय के जीवन और विरासत को याद करता है. अंत्योदय दिवस समाज के सबसे गरीब और हाशिए पर पड़े वर्गों के उत्थान के उनके दृष्टिकोण पर प्रकाश डालता है, जो सामाजिक व्यवस्था में अंतिम व्यक्ति की सेवा करने के उनके दर्शन को दर्शाता है । यह बात आज पंडित उपाध्याय की 109वी जयंती के अवसर पर भाजपा जिला कार्यालय में मनाई गई श्रद्धांजलि कार्यक्रम में कार्यक्रम सयोजक छुग सिंह सोढ़ा ने कहीं ।



आज के पुष्पांजलि कार्यक्रम में पूर्व विधायक जितेंद्र सिंह भाटी, जिलाध्यक्ष दलपत हिंगड़ा, जिला प्रमुख प्रताप सिंह सोलंकी, जिला उपाध्यक्ष सुशील कुमार व्यास, जिला महामंत्री सुरेश सुथार, मीडिया प्रभारी बाबू लाल शर्मा, पूर्व प्रधान सुनीता भाटी, सवाई सिंह गोगली, पूर्व जिलाध्यक्ष चंद्र प्रकाश सारदा, पवन कुमार सिंह, नवल चौहान, चंदन कुमावत, किशन सिंह भादरिया उपस्थित रहे

# केंद्रीय संचार ब्यूरो की ओर से ग्राम पंचायत रामा में स्वच्छोत्सव एवं केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

द डेस्प्रिंग

**चित्तौड़गढ़ / मनीष धोबी ।** भारत सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के केंद्रीय संचार ब्यूरो, क्षेत्रीय कार्यालय उदयपुर की ओर से ग्राम पंचायत रामा के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में स्वच्छोत्सव 2025, जीएसटी बचत उत्सव एवं केंद्र सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं पर रैली, मिनी प्रदर्शनी, संगोष्ठी, पेंटिंग प्रतियोगिता, मौखिक प्रशनोत्तरी के माध्यम से जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विभाग के क्षेत्रीय प्रचार सहायक रवि कुमार योगी ने विभाग की गतिविधियों के बारे में जानकारी देते हुए स्वच्छता ही सेवा अभियान, नवीन जीएसटी सुधार, केंद्र सरकार की




विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं पर चर्चा करते हुए जीएसटी बचत उत्सव के बारे में उपस्थित जनसमूह को विस्तार से जानकारी दी 7 उन्होंने कहा की 22 सितम्बर से जी.एस.टी. की नई दरें लागू होने के कारण रोजमर्रा की वस्तुओं के दाम कम हुए है केंद्र सरकार ने 12 व 28 प्रतिशत टैक्स स्लैब को खत्म कर अब केवल 5 व 18 प्रतिशत के दो टैक्स स्लैब को ही रखा है जिससे छोटे व्यापारियों और आम आदमी को बड़ी राहत मिली है।

उन्होंने उपस्थित दर्शकों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मानसिकता का विकास होता है । हमें ये समझना चाहिये कि ये केवल सरकार का कार्य नहीं है, बल्कि समाज में रहने वाले हर व्यक्ति की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि हमें खुद को, घर, अपने आसपास, समाज, समुदाय, शहर, उद्यान और पर्यावरण आदि को रोज स्वच्छ रखने की जरुरत है। इस अवसर पर चिकित्सा विभाग के सेक्टर हेल्थ सुपरवाइजर श्री संजय शर्मा ने व्यक्तिगत स्वच्छता के महत्व प्रकाश डालते हुए उपस्थित जन समुह को हाथ धोने के सही तरीके का प्रदर्शन करके दिखाया तथा उन्होंने सभी से अपील की कि वे बीमारियों से बचने के लिए अपनी दिनचर्या में बदलाव कर शारीरिक गतिविधियों को अधिक प्राथमिकता दें उन्होंने आज की युवा पीढ़ी के मानसिक स्वास्थ्य एवं मोबाईल के उपयोग से उस पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों के बारे में उपस्थित दर्शकों को विस्तृत जानकारी दी उन्होंने कहा कि एक अनुमान के मुताबिक अगले कुछ वर्षों में भारत में मानसिक अस्थिरता से ग्रस्त लोगों की संख्या 10 करोड़ के आस पास पहुँच जाएगी उन्होंने राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं- मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना, जननी शिशु सुरक्षा योजना, मा वाउचर योजना, उजाला क्लिनिक, लाड़ो प्रोत्साहन योजना आदि के बारे में भी उपस्थित जनसमूह को जानकारी दी

# भैंस चोरी मामले में दो आरोपी गिरफ्तार, कब्जे से चोरी की गई भैंस बरामद

धौलपुर विजय श्रीवास्तव द डेस्प्रिंग

जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान आईपीएस के निर्देशन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एडीएफ बाड़ी डॉ. कमल कुमार तथा वृत्ताधिकारी वृत्त सरमथुरा नरेन्द्र मीणा के निकटतम सुपरविजन में थानाधिकारी घनश्याम सिंह उप निरीक्षक थाना नादनपुर के नेतृत्व में प्रकरण धारा बीएनएस थाना नादनपुर में दिनांक 03 सितम्बर 2025 की रात्रि को अज्ञात चोरों द्वारा कस्बा नादनपुर से चोरी की गई एक भैंस के प्रकरण का खुलासा करते हुए आरोपी भूरा उर्फ भूरी पुत्र भरत सिंह जाति गुर्जर निवासी मुगलपुरा थाना बाडी सदर जिला धौलपुर एवं नीरु पुत्र कप्तान सिंह जाति गुर्जर निवासी मुगलपुरा थाना बाड़ी सदर जिला धौलपुर को गिरफ्तार कर आरोपियों के कब्जे से उक्त मामले में एक भैंस को बरामद किया गया। ज्ञातव्य रहे कि दिनांक 03 सितम्बर 2025 को रात्रि के समय अज्ञात चोरों द्वारा परिवादी गुड़िया पत्नि हमीद निवासी नादनपुर के बाड़े में बंधी एक भैंस को चोरी कर ले गये थे। जिस पर मामला दर्ज किया गया। मामले का खुलासा करने हेतु थाना पर एक टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए आरोपी भूरा उर्फ भूरी व नीरु को गिरफ्तार किया गया। घटना में संलिप्त अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। गिरफ्तार आरोपियों से सख्ती से पूछताछ की जा रही हैं।




# रोजगार उत्सव कार्यक्रम में 184 नव नियुक्त युवाओं को दिए नियुक्ति पत्र धौलपुर लिफ्ट सिंचाई एवं पेयजल परियोजना का किया लोकार्पण

धौलपुर, विजय श्रीवास्तव द डेस्प्रिंग

प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में केंद्र सरकार और मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा की संकल्पबद्ध प्रदेश सरकार युवाओं के समग्र विकास को प्राथमिकता दे रही है। इसी विजन के तहत माननीय प्रधानमंत्री महोदय श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा बांसवाड़ा से जिले की धौलपुर लिफ्ट सिंचाई एवं पेयजल परियोजना का लोकार्पण एवं रोजगार उत्सव आयोजित किया गया। इस क्रम में जिला स्तरीय कार्यक्रम नगर परिषद धौलपुर के टाउन हॉल में आयोजित हुआ, जो बासवाड़ा में आयोजित समारोह से वर्चुअली जुड़ा रहा।कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहा जिले के 184 नव नियुक्त कार्मिकों का अभिनंदन। जिला कलेक्टर श्रीनिधि बी टी ने सभी नवचयनित कर्मियों को वेलकम किट प्रदान कर





शुभकामनाएं दीं और उन्हें कर्तव्यनिष्ठा, पारदर्शिता और संवेदनशीलता के साथ जनसेवा में कार्य करने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि यह नियुक्तियां प्रदेश सरकार की पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया की बड़ी उपलब्धि हैं और युवाओं में नई ऊर्जा का संचार करेंगी। जिला कलक्टर ने कहा कि धौलपुर लिफ्ट सिंचाई एवं पेयजल परियोजना में चम्बल नदी से प्रतिवर्ष कुल 102.84 एमक्यूएम पानी लिफ्ट किया जाएगा। जिससे धौलपुर के 65, सैपऊ के 25, मनियां के 83 एवं राजाखेड़ा के 83 कुल 256 गांवों के 39 हजार 980 हैक्टेयर में सिंचाई की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि परियोजना के प्रथम चरण में रबी सीजन में सैपऊ, मनिया, धौलपुर एवं राजाखेड़ा तहसील के लगभग 20 हजार हैक्टेयर रकबे में सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष राजवीर सिंह राजावत, पूर्व सांसद रामस्वरुप कोली, नीरजा शर्मा, डॉ. शिवचरण कुशवाह ने भी अपने विचार व्यक्त किए।कार्यक्रम का संचालन गोविंद गुरु ने किया। धौलपुर के कार्यक्रम में मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद ए एन सोमनाथ, अतिरिक्त जिला कलेक्टर हरिराम मीना, संयुक्त निदेशक पशुपालन विभाग संत सिंह मीणा, धीर सिंह जादौन, कमल पहाड़िया, बाचाराम बघेल, महिला अध्यक्ष कल्पना सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव पाली आगमन पर जवाली ट्रैन ठहराव पर दिया ज्ञापन

द डेस्प्रिंग

**जवाली / नगराज वैष्णव ।** आज रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव के पाली आगमन पर जवाली रेलवे स्टेशन पर एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव के लिए सांसद पी पी चौधरी , विधायक केसाराम चौधरी , पूर्व सभापति नगरपरिषद पाली एवं पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा महेंद्र बोहरा, पूर्व विधायक ज्ञानचंद पारख की उपस्थिति में रेल मंत्री जी को ज्ञापन दिया। ज्ञापन में सूर्यनगरी ,रणकपुर ,बैंगलोर एक्सप्रेस के ठहराव और जवाली रेलवे स्टेशन पर आरक्षण खिड़की खोलने की मांग रखी गयी। रेल मंत्री ने ज्ञापन की मांगों पर आश्वासन देते हुए कहा कि जल्द इस पर कार्यवाही करेंगे। रेलमंत्रीजी को ज्ञापन देने के लिए जवाली से समाजसेवी उत्तमचन्द गांधी ,नारायण सिंह चौहान (सहकारी समिति अध्यक्ष), नरेश सिंह राजपुरोहित ( स्वयं सेवक R S S), देवराज सोनी , मुकेश कुमार माली आदि ग्रामीण उपस्थित थे।



# विदा होती बेटियाँ : डॉ. ओम प्रकाश की पुस्तक ने सोशल मीडिया पर मचाई धूम

द डेस्प्रिंग




**सोनभद्र।** साहित्य के क्षेत्र में वरिष्ठ प्रबंधक (एनटीपीसी) एवं ख्यातिप्राप्त लेखक डॉ. ओम प्रकाश की पुस्तक "विदा होती बेटियाँ" इन दिनों सोशल मीडिया पर खूब चर्चा में है। भावनाओं की गहराइयों को छूने वाली इस पुस्तक ने पाठकों के दिलों में एक खास जगह बना ली है।समाज की जटिलताओं और बेटियों के विदा होने की पीड़ा को अत्यंत मार्मिक ढंग से प्रस्तुत करती यह पुस्तक न केवल साहित्य प्रेमियों बल्कि आम पाठकों को भी गहराई से प्रभावित कर रही है।

डॉ. ओम प्रकाश ने इस कृति के माध्यम से पारिवारिक संबंधों, सामाजिक सोच और बेटियों की संवेदनाओं को जिस संवेदनशीलता से शब्द दिए हैं, वह उनकी साहित्यिक प्रतिभा का जीवंत प्रमाण है।

एनटीपीसी में वरिष्ठ प्रबंधक पद पर कार्यरत रहते हुए भी डॉ. ओम प्रकाश का साहित्य के प्रति समर्पण प्रेरणादायक है। उनकी लेखनी में सामाजिक सरोकार और मानवीय संवेदनाओं का गहरा समावेश दिखाई देता है।

"विदा होती बेटियाँ" को पाठकों द्वारा मिल रही सराहना यह दर्शाती है कि यह पुस्तक आने वाले समय में हिंदी साहित्य में एक महत्वपूर्ण स्थान बनाएगी।पूर्व प्राचार्य, मोती लाल नेहरू कॉलेज, दिल्ली ने विदा होती बेटियाँ- समय-समाज की दृष्टिसंपन्न संवेदनाएँ में दिविक रमेश ने बताया कवि ओम प्रकाश के कवि रूप को पहली बार ठीक-ठाक से इस संग्रह की कविताओं के माध्यम से जानने का सुखद अवसर मिला है। प्रारंभ में ही संग्रह की कविताओं के बारे में उत्साहवर्द्धक लिखा पढ़ा- "ये कविताएँ समय और सच की सारथी हैं और समाज के बदलाव की पूरक भी। ये कविताएँ आम आदमी की आवाज बन मुखर हों तो सार्थक सिद्ध हो सकेंगी।"

कविता की सहज सम्प्रेषणीयता और पठनीयता ने इस संग्रह की कविताओं को एक-दो बैठक में ही अबाध पढ़वा लिया। मुझे व्यंग्य और दर्द से भरपूर कविता 'जब तुम लिख रहे थे कविता' ने कविता की सही जरूरत के इस परोक्ष पाठ से सहज कविता की ताकत के भरोसे से मिलवा दिया।इसके साथ ही एक और कविता 'कविता' के शीर्षक से स्वयं सामने आ खड़ी हुई, भयावह समय में एक कवि की जुझारू चुनौती का ध्वज उठाए

"वक़्त के बहरेपन में मुझमें मर रही हैं कविताएँऔर एक कवि में/कविता का मर जाना/हमारे समय का/ सबसे ख़ौफ़नाक सच है।"कवि के सरोकारों को सीधे-सीधे समझने और आत्मसात करने के लिए कुछ और अच्छी और विशिष्ट कविताओं को भी पढ़ा जाना चाहिए, जैसे भूख, आग, एक कवि का जाना, विचार, हे प्रभु, आत्महंता आदि। यहीं संग्रह की कविताओं की इस खास विशेषता का भी जिक्र करना जरूरी है कि यह कवि प्रतिरोध का कवि है, लेकिन प्रतिरोध के शोर की नहीं बल्कि प्रतिरोध के रचाव की शैली अपनाता है। मेरे आशय की पुष्टि के लिए बतौर नमूना 'बोझिल पंख' कविता को पढ़ा जा सकता है। संग्रह की कविताओं के अनुभव की दुनिया वैविध्यपूर्ण है। कवि निगाह, जहाँ-जहाँ भी विषमता, क्रूरता और प्रतिकूलता आदि नकारात्मक्त सच्चाइयाँ है, वहाँ-वहाँ गई हैं । वह चाहे जेंडर (नन्हीं सी चिड़िया, बुज़दिली, अपाहिज मानसिकता, स्त्री आदि) की हो या वर्ण (अछूत आदि) की या फिर वर्ग (छोटे लोग, दूसरा जीवन, तमाशबीन समाज, मज़दूर आदि) की हो। कवि की महीन अनुभवात्मक समझ आज के समय को प्राय मनुष्यता विरोधी पाती है। वह पाती है कि आज ऐसा समय है जिसमें सभी अच्छी चीजें वक्त से पहले विदा की जा रही हैं। कविता 'मनुष्यत्व' पढ़ी जा सकती है जो सुंदर भी है और सशक्त भी। इसी के साथ कविता 'चीख' को भी पढ़ा जा सकता है। अच्छी बात यह है कि क्रूर सच्चाइयाँ इस रूप में चित्रित हुई हैं कि वे अवसाद या निराशा की ओर न ले जाकर संघर्ष और आशा की ओर जाने को प्रेरित करती हैं। एक कविता का तो शीर्षक ही है- 'उम्मीद है'। कवि ने अपनी एक कविता 'मछलियाँ' का अंत एक ताकतवर आशा से ही किया है-

"मछलियाँ/ जिस दिन मगरमच्छ का/ शिकार होने से बचना सीख लेंगी/ मिलकर लड़ना सीख लेंगी/ उस दिन मछलियों के इतिहास में/ मगरमच्छ/ दुम हिलाते नजर आएँगे।"

यही नहीं, 'जिजीविषा' कविता में तो मनुष्य को, अपने तमाम क्रूर घेरों को काटकर अपनी सच्ची ताकत को पहचानने की समझ भी दी गई है- "अजीब-सा शख़्स रहता है मुझमें/कि जितना मेरे शब्दों का/गला घोंटते हैं बेरहम/ उतना ही मेरे शब्द/फौलाद बनकर/ फिर-फिर छा जाते हैं अंतर्मन पर।" इस प्रसंग में 'मुक्ति' कविता भी एक ज़रूरी कविता बन कर आई है।

संबंधों के जुड़ाव और उसकी सकारात्मकता का ताप महसूस करना हो तो संग्रह की माँ, पिता और प्रेम केंद्रित कविताओं को पढ़ा जा सकता है, जैसे पिता, पिता के सपने, माता-पिता, माँ का अकेलापन, विदा होती बेटियाँ, प्रेम पत्र, प्रेम आदि। इनके अतिरिक्त दो कविताओं, 'एनटीपीसी हूँ मैं' और 'जे.एन.यू में प्रेम' का अपना महत्त्व है।

मेरा विश्वास है कि पाठक इन कविताओं में वह सब कुछ पाएँगे जिसकी उन्हें ज़रूरत है और जिसके वे आज के समय में हकदार भी हैं।

## रानी नगर पालिका में श्रमदान कार्यक्रम संपन्न

द डेस्प्रिंग



**रानी (पाली)/नगराज वैष्णव ।** आज नगर पालिका रानी की ओर से श्रमदान कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका के चेयरमैन श्री भरत राठौड़ मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में अधिशासी अधिकारी श्री सुदर्शन जांगू, समस्त नगर पालिका अधिकारी एवं सफाई कर्मचारी भी शामिल हुए।

**श्रमदान के दौरान सभी ने मिलकर स्वच्छता का संदेश दिया** और आमजन से स्वच्छता बनाए रखने का आह्वान किया। मुख्य अतिथि श्री भरत राठौड़ ने कहा कि "स्वच्छ वातावरण से ही स्वस्थ समाज का निर्माण संभव है।" वहीं अधिशासी अधिकारी श्री सुदर्शन जांगू ने सफाई कर्मचारियों के योगदान की सराहना करते हुए उन्हें और अधिक प्रेरित किया। कार्यक्रम में नगर पालिका के अधिकारी, कर्मचारी व स्थानीय नागरिकों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। इस मौके पर जोधाराम कुमावत, महेश कुमार, नगर पालिका जमादार नारायण लाल, सुरेश कुमार, नगर पालिका कर्मचारी बाबूलाल कुमावत एवं जितेंद्र कुमार सहित अनेक नागरिक मौजूद रहे।

## राजस्थान शिक्षक संघ एकीकृत राजस्थान का दो दिवसीय शैक्षिक सम्मेलन होगा आज

द डेस्प्रिंग



**रामगढ़ अलवर/ अमित भारद्वाज** ।राजस्थान शिक्षक संघ एकीकृत राजस्थान का दो दिवसीय शैक्षिक सम्मेलन दिनांक 26 व27 सितंबर 2025 को जाल वाला कुआं नंबर 3 पुराना स्टेशन रोड स्कूल अलवर में किया जाएगा सम्मेलन में मुख्य अतिथि कुंदन लाल प्रदेश अध्यक्ष राजस्थान शिक्षक संघ एकीकृत राजस्थान व करण सिंह चौधरी जिला अध्यक्ष अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ एकीकृत होंगे शैक्षिक सम्मेलन में बच्चों के सर्वांगीण विकास स्वरोजगार राज्य मुख्य गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तथा शिक्षकों की शिक्षण क्षेत्र में आ रही समस्याओं पर चर्चा की जाएगी व शिक्षकों का मांग पत्र सरकार को पहुंचाया जाएगा यह जानकारी राजस्थान शिक्षक संघ एकीकृत राजस्थान के जिला अध्यक्ष राधेश्याम द्वारा दी गई ।

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर एक पेड़ मां के नाम का वृक्षारोपण कार्यक्रम प्रारंभ

धौलपुर विजय श्रीवास्तव द डेस्प्रिंग न्यूज़






प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर वहालय जा रहे पखवाड़े पर देश की महान विभूति पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती सुअवसर पर राजस्थान सरकार में गृह राज्य मंत्री श्री जवाहर सिंह बेढ़म ने धौलपुर के तसीमों पंचायत के बूथ क्रमांक 26 पर "सेवा पखवाड़ा" के तहत "एक पेड़ माँ के नाम" अभियान का शुभारंभ किया और वृक्षारोपण किया एवं एक विचार संगोष्ठी का आयोजन किया गया मुख्य अतिथि गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय एकात्म मानवाद के प्रेरणा स्त्रोत थे उन्होंने गरीबों के लिए अंत्योदय कार्यक्रम के तहत गरीबों का कल्याण करने के लिए भरसक प्रयास किए और सुझाव दिए जिससे मजदूर को दो वक्त की रोटी मिल सके और रात को भूखा न सो सके। अंत्योदय कार्यक्रम को वास्तविकता के साथ यथार्थ में उतारने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गरीब कल्याण कार्यक्रम के मुफ्त गेहूं वितरण, स्वास्थ्य सेवाओ के लिए आयुष्मान कार्ड सहित कई योजनाएं चला रखी हैं जिससे गरीबों असहायों मजदूरों का कल्याण हो सके।

जिला अध्यक्ष राजवीर सिंह राजावत ने कहा कि गरीबों के लिए भजनलाल शर्मा सरकार ने अन्नपूर्णा रसोई योजना चला रखी है जिसके अंतर्गत कृषि उपज मंडियों में सस्ता भोजन किसानों को मिल रहा है। सरकारी अस्पतालों मुफ्त दवाइया, इलाज मिल रहा है। मजदूरों को अब न्यूनतम मजदूरी मिल रही है जिससे मजदूर और गरीब का परिवार पल रहा है। कार्यक्रम में दिनेश सिंह परमार, धीर सिंह जादौन, दुष्यंत सिंह बघेला, रामविलास बघेल, आशीष मिश्रा, विनय परमार सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 के अंतर्गत लाभार्थियों को मिली पहली किस्त, नगर पालिका में हुआ प्रतीकात्मक चेक वितरण

द डेस्प्रिंग




**रानी/नगराज वैष्णव ।** नगर पालिका रानी में चल रहे शहरी सेवा शिविर-2025 के अंतर्गत आज प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 के लाभार्थियों को प्रथम किस्त के रूप में 50,000 का सांकेतिक चेक प्रदान किया गया। यह कार्यक्रम नगर पालिका परिसर में आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं नगरवासी मौजूद रहे।

**कार्यक्रम के दौरान लाभार्थियों को योजना की जानकारी दी गई** और उन्हें समय पर किस्त प्राप्त होने पर बधाई दी गई। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की बांसवाड़ा यात्रा का सीधा प्रसारण (Live प्रसारण) भी नगर पालिका परिसर में दिखाया गया, जिसे उपस्थित जनसमूह ने उत्साहपूर्वक देखा। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष भरत राठौड़, उपाध्यक्ष दलचंद मेवाड़ा, नेता प्रतिपक्ष इलियास चंदवा, भाजपा मंडल अध्यक्ष हरीश गेहलोत, जनप्रतिनिधि एवं पार्षद जोधाराम कुमावत, मो. अकबर सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं नगर पालिका कर्मचारी मौजूद रहे।

**वक्ताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों के लिए वरदान साबित हो रही है।** इस योजना के माध्यम से प्रत्येक पात्र परिवार को पक्का मकान उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है। कार्यक्रम का संचालन नगर पालिका प्रशासन द्वारा किया गया और लाभार्थियों को भरोसा दिलाया गया कि समयबद्ध तरीके से अगली किस्त भी उपलब्ध करवाई जाएगी।

## रानी नगर पालिका मे एल ई डी पर दिखाया मोदी जी का बांसवाड़ा से लाईव प्रोग्राम


द डेस्प्रिंग



**रानी / नगराज वैष्णव** ।नगर पालिका परिसर मे चल रहे शहरी सुविधा शिविर मे आज एल ई डी पर प्रधाननमंत्री नरेन्द्र मोदि का बांसवाड़ा से सीधा लाईव प्रसारण दिखाया गया ! लाभार्थी व आम जन ने सुना व लाईव प्रसार देखा ! मोदि जी की बात को मन मे उतार कर देश हित मे जो बाते कही ध्यान से देखा! इस अवसर पर रानी चैयरमेन भरत राठौड़ , उपाध्यक्ष डालचंद चौहान , रानी नगर पालिका अधिशाषी अधिकारी सुदर्शन जांगु , रानी प्रतिपक्ष नेता ईलियाश चढ़वा , रानी भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष हरीश गहलोत , पूर्व मंडल अध्यक्ष जयंतिलाल वैष्णव, पार्षद जोधाराम , दिपचंद गर्ग , सवाराम मेगवाल , किशन सिंह खिची , पार्षद सुनील बैरवा पार्षद अकरम खान, सुरेन्द्र सिसोदिया नगर पालिका कर्मचारी धन्नाराम चौधरी , बाबूलाल कुमावत, रतनलाल भाट , किशन भाट, मनीष, जगन्नाथ, सुनील खीचड, कई भाजपाई नेता रहे मौजूद ।

## रानी प्रताप बाजार धर्म वीर मैदान के पास गजानन्द मंदिर परिसर मे महिला गरबा नृत्य

द डेस्प्रिंग







**रानी /नगराज वैष्णव ।** श्री नर्मदेश्वर महादेव विकास संस्थान के तत्वाधान मे गणपति युवा महिला मंडल नवरात्री महोत्सव पधारे हुए समस्त भक्तजनों का हार्दिक स्वागत एवं अभिनन्दन

केवल महिला गरबा , शानदार गरबा , गरबा रास मे केवल महिला ओ का प्रवेश है ! माता बहनो से विषेश अनुरोध मार्यादित वस्त्र पहन कर गरबा रास मे प्रवेश दिया जाता है

### महिला मंडल

संतोष वैष्णव , वीणा वैष्णव, तारा वैष्णव, ममता वैष्णव , कविता बुनकर , आशा कॅवर , वर्षा मालवीय , शोभा मालवीय , संतोष मालवीय , किरण सोनी , जमना देवासी , गीता सुथार , हेतल सोनी , गायत्री प्रजापत , देवी घांची, शोभा चौधरी , किरण सोनी , तरुणा मालवीय , वर्षा अरोडा , रेखा माली पार्षद , रतन माली , रतन कॅवर, मारुति साऊन्ड रानी शानदार गरबो का आयोजन किया जा रहा है माता के गीतो की धुन पर गरबा नृत्य करती महिलाए ।

## शहरी सेवा शिविर का जिला कलक्टर ने किया औचक निरीक्षण

द डेस्प्रिंग



**फलोदी / श्रीराम भादू ।** जिला कलक्टर श्वेता चौहान ने गुरुवार को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में आयोजित शहरी सेवा शिविर का औचक निरीक्षण करते हुए व्यवस्थाएं जांची। इस दौरान उन्होंने स्टॉलवार व्यवस्थाएं जांचते हुए प्रभारी अधिकारी को शिविर में आने वाले आमजन की समस्याओं का त्वरित निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने आमजन को राज्य सरकार की योजनाओं के बारे में जागरूक करते हुए पात्रतानुसार लाभान्वित करने के निर्देश दिए।

### ग्राम पंचायत चाडी में आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर में 80 वर्षीय आशी देवी की सामाजिक सुरक्षा पेंशन पुनः शुरू

ग्रामीण सेवा शिविर में आमजन की समस्याओं का त्वरित निस्तारण हो रहा हैं। इसी क्रम में ग्राम पंचायत चाडी में आयोजित शिविर में 80 वर्षीय आशी देवी की लंबे समय से बंद सामाजिक सुरक्षा पेंशन पुनः शुरू करवाई गई। लाभार्थी ने बताया कि शिविर में आने पर समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों द्वारा त्वरित सुनवाई करते हुए पेंशन शुरू करवाई गई। उन्होंने राज्य सरकार व मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा का सेवा शिविर आयोजित करने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

## भाजपा ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जन्म जयंती मनाई




द डेस्प्रिंग

**केशवरायपाटन(मुकेश जैन)।** गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी शहर मंडल द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जन्म जयंती मनाई पंडित के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ मुख्य वक्ता जिला महामंत्री योगेन्द्र श्रृंगी ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी ने एकात्म मानववाद जरिये भारतीय संस्कृति पर आधारित इस विचारधारा का प्रतिपादन किया, जिसमें समाज को परिवार की तरह देखने की बात है। इसमें व्यक्ति, समाज, राष्ट्र और प्रकृति में संतुलन पर जोर दिया गया। भारतीय जनसंघ का निर्माण और विस्तार में संगठन को मजबूत आधार देने में उनका अहम योगदान रहा। मंडल अध्यक्ष विनोद नामा ने कहा कि आज भी पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की विचारधारा सबका साथ, सबका विकास और आत्मनिर्भर भारत जैसी अवधारणाओं में दिखाई देती है।

कार्यक्रम में पूर्व मंडल अध्यक्ष बाबू सिंह जादौन,पूर्व मंडल अध्यक्ष गौरव मलिक, जगदीश जादौन, मंडल महामंत्री प्रवीण चित्तौड़ा,दीपक शर्मा, उपाध्यक्ष ललित नामा,दीनदयाल गोचर, केशव श्रृंगी,रफीक रंगरेज, मुकेश मेघवाल,वरिष्ठ नेता श्रीनाथ पोकरा,बद्रीप्रसाद गौतम,चंद्रप्रकाश भूतिया, मंडल मंत्री श्याम सेन,कोषाध्यक्ष रामचरण बेथरिया,पार्षद भानु नामा,शुभम शर्मा,राजेश सैनी,प्रवक्ता प्रमोद राघव,किसान मोर्चा अध्यक्ष चिमन चौधरी, युवा मोर्चा अध्यक्ष अर्पित तिवारी,मन की बात संयोजक शशि शर्मा, सह संयोजक मनीष डागर,मीडिया प्रभारी मनीष राठौर,सोशल मीडिया सह प्रभारी कार्तिक शर्मा,कार्यालय मंत्री राजेश चित्तौड़ा,सह कार्यालय मंत्री जेताराम मारुभाट,बूथ अध्यक्ष अजय शर्मा,मोहित बागड़ी, मुकुल सुमन,अक्षय वाल्मीकि, महावीर संगत,दिनेश शर्मा,राकेश प्रजापत,जगदीश राठौर,अभिषेक भारद्वाज,देवेन्द्र राठौर,मिथलेश कुस्तला,भगवान लाटा,विक्की वाल्मीकि,बाबूलाल पालीवाल,राम नामा,जीतू शर्मा,नरेश पंचोली,आशीष शर्मा सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

### जिला स्तरीय मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव अग्रसेन भवन में, 406 राजकीय सेवा में नवचयनितों को संदेश नियुक्ति पत्र

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजस्थान को दी 1 लाख 8 हजार 468 करोड़ रुपए की परियोजनाओं और विकास कार्यों की सौगात

**सभी देशवासियों की देश के प्रति भावना ही, देश को आगे बढ़ाएगी- अध्यक्ष, राज्य स्तरीय सैनिक कल्याण सलाहकार समिति**

द डेस्प्रिंग



**हनुमानगढ (विनोद चौधरी) ।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को एकात्म मानववाद और अंत्योदय के प्रणेता पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती के अवसर पर बांसवाड़ा से 1 लाख 22 हजार 670 करोड़ रुपये की लागत वाली विभिन्न परियोजनाओं का शिलान्यास-उद्घाटन कर राष्ट्र को समर्पित किया। प्रधानमंत्री ने राजस्थान को 42 हजार करोड़ रुपए की माही बांसवाड़ा परमाणु ऊर्जा परियोजना सहित 1 लाख 8 हजार 468 करोड़ रुपए से अधिक की परियोजनाओं और विकास कार्यों की सौगात दी। इसका सीधा लाइव प्रसारण हनुमानगढ़ जंक्शन के अग्रसेन भवन में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में किया गया। जिला स्तरीय कार्यक्रम में 204 पशु परिचर, 81 कनिष्ठ सहायक, 41 कनिष्ठ अनुदेशक, 7 (द्वितीय लेवल) अध्यापक, 4 छात्रावास अधीक्षक, 51 कनिष्ठ अभियंता, 18 वरिष्ठ अध्यापकों सहित कुल 406 राजकीय सेवा में नवचयनितों को संदेश नियुक्ति पत्र, राजकीय कार्य नियमावली, दुपट्टा सहित वेलकम किट प्रदान की गई। इस अवसर पर जीएसटी में छूट के संबंध में भी विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम में राज्य स्तरीय कल्याण सलाहकार समिति के अध्यक्ष श्री प्रेम सिंह बाजौर ने कहा कि प्रधानमंत्री ने आज राजस्थान को 1 लाख करोड़ रुपए से अधिक के कार्यों की सौगात दी है। जब से श्री नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बने हैं, तब से देश को नई ऊंचाइयों पर लेकर गए हैं। उन्होंने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि आप सब कि देश के प्रति भावना ही, देश आगे बढ़ाएगी। उन्होंने जापान के बारे में उदाहरण देते हुए बताया कि देश रहेगा तो आगे आने वाली पीढ़ियां बचेगी। इस अवसर पर जिला कलेक्टर डॉ. खुशाल यादव, पूर्व मंत्री डॉ. रामप्रताप चौधरी, पूर्व विधायक गुरदीप शाहपिनी, पूर्व विधायक धर्मेंद्र मोची, भाजपा जिला अध्यक्ष प्रमोद डेलू, हिंदुस्तान स्काउट गाइड के जिला अध्यक्ष विकास गुप्ता, जनप्रतिनिधि प्रदीप ऐरी, जिला परिषद सीईओ ओपी बिश्नोई, पशुपालन संयुक्त निदेशक डॉ. आनंद स्वरूप, जनप्रतिनिधि ओम सोनी, आशीष पारीक, संजय शर्मा, दमयंती बेनीवाल, देवेंद्र पारीक सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, राजकीय सेवा में नव चयनित एवं अधिकारी मौजूद रहे। प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बीकानेर- दिल्ली कैंट वंदे भारत एक्सप्रेस, जोधपुर- दिल्ली कैंट वंदे भारत एक्सप्रेस एवं उदयपुर सिटी-चंडीगढ़ एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। उन्होंने 2 वन्दे भारत सहित 3 ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई। राजस्थान में युवाओं को पारदर्शी एवं समयबद्ध रूप से अधिकाधिक रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाने के लिए राज्य सरकार तत्परता के साथ कार्य कर रही है। इस क्रम में प्रधानमंत्री की उपस्थिति में 5778 पशु परिचरों, 4197 कनिष्ठ सहायकों, 1800 कनिष्ठ अनुदेशकों, 1464 कनिष्ठ अभियंताओं, तृतीय श्रेणी लेवल-2 के 1200 अध्यापकों, अन्य पदों एवं अनुकंपात्मक नियुक्ति सहित 15 हजार युवाओं को सरकारी नौकरियों के नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए

## डंपर की चपेट में आने से 2 की मौत

### पहले राहगीरों को कुचला, फिर ट्रांसफार्मर में घुसने के बाद आग लगी

द डेस्प्रिंग

**जयपुर ।** आमेर थाना इलाके में कुंडा के पास दिल्ली-जयपुर हाईवे के नजदीक एक बड़ा हादसा हुआ। डंपर ने पहले 2 लोगों को कुचल दिया। इसके बाद डंपर ड्राइवर गाड़ी से संतुलन खो बैठा और सड़क पर एक ट्रांसफॉर्मर से जा टकराया। ट्रांसफॉर्मर से हुई टक्कर के बाद डंपर में आग लग गई। जिससे ड्राइवर और परिचालक झुलस गए। हादसे में 2 लोगों की मौत हो गई, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद लोगों ने सड़क को जाम कर दिया है। आमेर थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई है।

# जातिवाद पर प्रतिबंध योगी सरकार का ऐतिहासिक कदम



ललित गर्ग

**भारतीय समाज में जातिवाद की जड़ें गहरी हैं। जाति व्यवस्था ने कभी सामाजिक पहचान और श्रम विभाजन का आधार बनकर काम किया, लेकिन समय के साथ यह भेदभाव, असमानता और सामाजिक विद्वेष का कारण बन गई। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने कहा था- 'जातिवाद समाज की आत्मा को खोखला करता है।' डॉ. भीमराव आंबेडकर ने तो इसे भारतीय प्रगति की सबसे बड़ी बाधा बताया था।**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हाल ही में एक ऐतिहासिक और साहसिक कदम उठाया है। उन्होंने समाज में जाति आधारित विद्वेष को ही नहीं बल्कि विभेद को भी समाप्त करने की आवश्यकता को महसूस करते हुए सद्भाव के साथ सबके विकास को बल देने का सूझबूझभरा फैसला लिया है। इस फैसले के अन्तर्गत उन्होंने जाति-आधारित रैलियों, सार्वजनिक प्रदर्शनों और पुलिस रिकॉर्ड में जाति संबंधी उल्लेखों पर रोक लगा दी है। यह निर्णय इलाहाबाद उच्च न्यायालय के आदेश के बाद लिया गया, लेकिन इसका वास्तविक महत्व इससे कहीं अधिक है। यह केवल एक प्रशासनिक पहल नहीं बल्कि समाज को जातिगत बंधनों से मुक्त करने की दिशा में क्रांतिकारी प्रयास है। राजनीतिक दलों ने जाति आधारित वोटों को लुभाने एवं राजनीतिक स्वार्थ की रोटियां सेंकने के लिये समाज को बांटा है। यह गौर करने की बात है कि जाति आधारित संगठनों और रैलियों की बाढ़ आ गई है, जिससे एक-एक जाति के अनेक संगठन बने और इन जातिगत संगठनों ने सड़कों पर उतर कर न केवल सार्वजनिक व्यवस्था, इंसान-इंसान के बीच दूरियां-विद्वेष बढ़ा दिया बल्कि राष्ट्रीय एकता को भी क्षत-विक्षत कर दिया।

भारतीय समाज में जातिवाद की जड़ें गहरी हैं। जाति व्यवस्था ने कभी सामाजिक पहचान और श्रम विभाजन का आधार बनकर काम किया, लेकिन समय के साथ यह भेदभाव, असमानता और सामाजिक विद्वेष का कारण बन गई। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने कहा था- 'जातिवाद समाज की आत्मा को खोखला करता है।' डॉ. भीमराव आंबेडकर ने तो इसे भारतीय प्रगति की सबसे बड़ी बाधा बताया था। दुर्भाग्य से आजादी के बाद भी जातिवाद ने राजनीति और समाज दोनों में गहरी पैठ बनाई और देश की एकता को कमजोर करने का काम किया। जाति-आधारित राजनीति ने सत्ता के समीकरण तो बदले लेकिन समाज को बांटने का काम किया। चुनाव के समय उम्मीदवारों का चयन जातिगत समीकरणों के आधार पर होता रहा। समाज के बंटवारे का यह खेल लोकतंत्र के स्वस्थ आदर्शों के लिए चुनौती बना। जातिगत रैलियां और प्रदर्शन सामाजिक ताने-बाने को कमजोर करते रहे। पुलिस रिकॉर्ड में जाति का उल्लेख अपराधी को अपराधी नहीं बल्कि किसी जाति का प्रतिनिधि बना देता था, जिससे कानून-व्यवस्था पर भी प्रतिकूल असर पड़ता था। इन जटिल स्थितियों में योगी सरकार का यह निर्णय विषमताओं एवं विसंगतियों को समाप्त करने की दिशा में एक नया अध्याय है। यदि इसे सख्ती और ईमानदारी से लागू किया गया तो निि त ही समाज में सौहार्द, भाईचारा और समानता का वातावरण बनेगा। जाति-आधारित पहचान की जगह व्यक्ति की योग्यता, आचरण और योगदान को महत्व मिलेगा।



किसी जाति के प्रति लगाव दशार्ने के लिए किसी अन्य जाति को नीचा दिखाने की भी गलत परंपरा पड़ती दिख रही है। जाति आधारित पोस्टर या प्रतीक न केवल गलियों में, मकानों पर बल्कि अपने वाहनों पर भी लगाए जा रहे हैं। ऐसे में, परस्पर भेद, ऊंच-नीच की भावना बढ़ती जा रही है। ऐसे भेद को मिटाने की मांग उठती रही है। समाज के लिए चिंतित रहने वाले लोग यही चाहते हैं कि जातिगत झंडों और पोस्टरों पर एक हद तक लगाम लगनी चाहिए, लेकिन ऐसा साहस राजनीतिक स्वार्थों के चलते अब तक किसी भी राजनेता ने नहीं दिखाया, लेकिन योगी सरकार ने यह साहस दिखाया है तो उसका स्वागत होना ही चाहिए। योगी सरकार द्वारा जारी 10 सूत्रीय दिशा-निर्देश में यह बात विशेष रूप से गौर करने लायक है कि अब जाति के नाम, नारे या स्टिकर वाले वाहनों का केंद्रीय मोटर वाहन अधिनियम, 1988 के तहत चालान किया जाएगा। यहां तक कि प्रथम सूचना रिपोर्ट में भी जाति को दशार्ने से बचा जाएगा। अभी तक होता यह है कि अपराधी जाति के आधार पर अपनी पहचान बना लेते हैं और मजबूत हो जाते हैं।

यह बहुत अफसोस की बात है कि विशेष रूप से चुनाव के समय जाति आधारित बैनरों की बाढ़ आ जाती है। राजनीतिक दल एवं नेता जातिगत समीकरणों से समाज को बांटने में जुट जाते हैं। लेकिन अब यूपी सरकार की मंशा सराहनीय है और इन दिशा-निदेर्शों को पूरी तरह से लागू करने की जरूरत है। वाकई समाज से अपराध को मिटाने के लिए अपराधी की जाति देखना गैर-वाजिब है। हां, यह सावधानीपूर्वक कुछ मामलों में जाति का उल्लेख करने की छूट दी गई है। जैसे, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के तहत मामलों में जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल होता रहेगा। वाकई, कुछ मामले ऐसे होते हैं, जहां जाति की चिंता या उल्लेख जरूरी हो जाता है। यह भूलना नहीं चाहिए कि जाति आधारित भेदभाव अभी भी कई जगहों पर देखने को मिल जाता है। विशेष रूप से सोशल मीडिया पर भेदभाव की शिकायतें अक्सर आती हैं, ऐसे में, प्रशासन को ज्यादा सजग रहना पड़ेगा। निर्देश जारी हो जाना ही पर्याप्त नहीं है बल्कि जातिगत भेदभाव के बिंदुओं को खोज-खोजकर मिटाने की ईमानदार पहल भी जरूरी है। सामाजिक चिंतक विनोबा भावे कहा करते थे 'जाति का भेद मिटेगा तो समाज में भाईचारा और सहयोग की भावना पनपेगी।' वास्तव में जातिवाद केवल सामाजिक समस्या नहीं बल्कि मानसिकता का रोग है। जब तक समाज इसे स्वीकार करता रहेगा, तब तक सच्चा विकास संभव नहीं।

योगी आदित्यनाथ उत्तर प्रदेश में एक आदर्श समाज व्यवस्था निर्मित करने के लिए प्रतिबद्ध दिखाई देते हैं। उन्होंने जातिवाद के विरुद्ध आवाज ही नहीं उठाई, अपने राजनीतिक जीवन के अनेक उदाहरणों से समाज को सक्रिय प्रशिक्षण भी दिया। वे समता के पोषक हैं, इसलिये उन्होंने पूरी शक्ति के साथ जाति के दंश, प्रथा एवं विसंगति पर प्रहार कर मानवीय एकता का स्वर प्रखर किया। उनके शासन की सबसे बड़ी विशेषता यह रही है कि उन्होंने कानून-व्यवस्था को प्राथमिकता दी, जिससे राज्य में अपराध और अराजकता पर काफी हद तक नियंत्रण पाया गया। 'सबका साथ-सबका विकास-सबका विश्वास' की नीति पर चलते हुए उन्होंने गरीबों, किसानों, युवाओं और महिलाओं के उत्थान के लिए अनेक योजनाएं लागू कीं। बुनियादी ढांचे के विकास, धार्मिक स्थलों के पुनरोद्धार, निवेश को आकर्षित करने और रोजगार सृजन में भी उनके प्रयास उल्लेखनीय हैं। उनकी सकारात्मक सोच का ही परिणाम है कि उत्तर प्रदेश आज तेजी से विकासशील राज्यों में गिना जाने लगा है और जातिवाद, भ्रष्टाचार और असुरक्षा की छवि से बाहर निकलकर एक नए आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ रहा है। उनकी ताजा पहल समाज को बताती है कि नई पीढ़ी को जाति नहीं, योग्यता और नैतिकता के आधार पर आगे बढ़ना चाहिए। यह निर्णय राजनीतिक दलों के लिए भी चेतावनी है कि उन्हें जातिगत समीकरणों की राजनीति छोड़कर राष्ट्रहित और जनहित की राजनीति करनी होगी।

जाति, रंग, भाषा आदि के मद से सामाजिक एवं राजनीतिक विक्षोभ पैदा होता है, इसीलिये यह पाप की परम्परा को बढ़ाने वाला पाप है। इसके कारण राष्ट्रीयता को भूल कर जातिगत संकीर्णताओं को लोग आगे बढाते रहे हैं, एक जाति के लोग मजबूत होने के बाद वे अपनी जाति को लाभ पहुंचाने के लिए किसी भी हद तक जाने को तैयार रहते हैं। यह धारणा भी बढती. रही है कि सबको अपनी जाति की चिंता करनी चाहिए। यह भ्रांति भी फैल रही है कि अपनी जाति के लोग या अधिकारी या नेता ही अपनी जाति के समुदाय या लोगों की मुसीबत में साथ खड़े होते हैं। ऐसी तमाम सामाजिक व प्रशासनिक खामियों एवं विडम्बनाओं से उबरने की जरूरत योगी सरकार ने महसूस की है। अन्यायी के खिलाफ बिना जाति देखे खड़ा होना चाहिए। संविधान की भी मंशा यही है कि हर नागरिक को अपने समाज की ताकत बनकर आगे बढ़ना चाहिए और ध्यान रहे, यह समाज मात्र एक जाति आधारित न रहे। हर जाति महत्वपूर्ण है और सबका विकास हो, पर जाति आधारित लगाव या राजनीति का दिखावा खत्म होना चाहिए। योगी आदित्यनाथ सरकार का यह कदम भारतीय समाज को जातिवाद की जंजीरों से मुक्त कराने का बड़ा अवसर है। यह केवल उत्तर प्रदेश ही नहीं, पूरे देश के लिए एक अनुकरणीय उदाहरण बन सकता है। अब आवश्यकता है कि अन्य राज्य भी इसे अपनाएं और भारत को सच्चे अर्थों में समानता, न्याय और बंधुत्व की धरती बनाएं।

(लेखक, पत्रकार, स्तंभकार)

(यह लेखक के व्यक्तिगत विचार हैं इससे संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है)

## सितारगंज में गन्ना किसानों का चीनी मिल पर तीखा विरोध

### हक के लिए किया जबर्दस्त प्रदर्शन

द डेसिंप्रग

**सितारगंज/ (दीपक भारद्वाज)।** जिला गन्नाधिकारी कार्यालय सितारगंज में गन्ना सुरक्षा को लेकर आयोजित बैठक में शक्तिफार्म, तिलियापुर, बसगर, दौंदा समेत कई क्षेत्रों के गन्ना किसानों ने चीनी मिल सितारगंज के खिलाफ जमकर विरोध जताया। किसानों का आरोप था कि मिल में गन्ना घटतौली की जा रही है, किसानों के साथ दुर्व्यवहार हो रहा है, यूपी से टोकन पर गन्ना खरीदा जा रहा है और




गन्ना माफिया को बढ़ावा दिया जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि बिना वास्तविक आवश्यकता के चीनी मिल की क्षमता बढ़ाने के नाम पर करोड़ों की सब्सिडी का खेल चल रहा है। किसानों ने विशेष रूप से मांग की कि शक्तिफार्म क्षेत्र के गन्ना किसानों का गन्ना पूर्व की भांति किच्छा चीनी मिल को दिया जाए। बैठक में सहायक गन्ना आयुक्त शैलेन्द्र सिंह, भारतीय किसान संघ के नेता अनिरुद्ध राय, मानवेंद्र सिंह, नेबुलाल, शिवशंकर यादव, राजेश यादव, सुनील मल्ल और स. मंगल सिंह समेत अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे और किसानों की समस्याओं को गंभीरता से सुना। इस मौके पर किसानों की आवाज बुलंद थी और उन्होंने मिल प्रशासन के खिलाफ अपने हक की रक्षा के लिए स्पष्ट संदेश दिया।

## एडवोकेट महेश ओझा एवं श्रवण त्रिवेदी मुख्य उपाध्यक्ष बनने पर हुआ सम्मान

द डेसिंप्रग

**जोधपुर।** विश्व में समस्त श्रीमाली ब्राह्मण समाज का एकमात्र गुरुद्वारा श्री गुरु फूलनारायण आश्रम न्यास सोजत सिटी में नवरात्रि के शुभ अवसर पर जोधपुर के एडवोकेट महेश ओझा एवं श्रवण त्रिवेदी को मुख्य उपाध्यक्ष पद पर मनोनीत किया गया। इस शुभ



अवसर न्यास अध्यक्ष सुरेन्द्र कुमार त्रिवेदी, मुकेश दवे एयरफोर्स, नरेन्द्रलाल त्रिवेदी, एडवोकेट प्रवीण दयाल दवे, विक्रान्त दवे (मीडिया), कमल व्यास अनन्तवासनी, चेतन ने माल्यार्पण कर हार्दिक अभिनंदन किया। मिलनसार एवं सरल व्यक्तित्व के धनी ओझा व त्रिवेदी को निस्वार्थ भावना से की गई समाज सेवा को देखते हुए इनको मुख्य उपाध्यक्ष का दायित्व सौंपा है।

## अंतर्राष्ट्रीय विचार संगोष्ठी 'राष्ट्र प्रथम' का भव्य आयोजन

द डेसिंप्रग




**जयपुर।** विकसित भारत संकल्प संस्थान जयपुर के तत्वावधान में कांस्टीट्यूशन क्लब में अंतर्राष्ट्रीय विचार संगोष्ठी ÷राष्ट्र प्रथम÷ का भव्य आयोजन हुआ। कार्यक्रम में राज्यपाल हरिभाऊ बागडे, विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी, डॉ. महेश शर्मा, एम.एल. स्वर्णकार, किशोर रुंगटा, संदीप चौधरी, प्रो. डी.पी. शर्मा, पद्मश्री माया टंडन एवं पूर्व सांसद रामस्वरूप कोली सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कहा कि ÷राष्ट्र प्रथम कोई नारा नहीं, बल्कि देशप्रेम से जुड़ी भावना है।÷ उन्होंने जनधन योजना और कश्मीर के लाल चौक पर तिरंगा फहराने जैसे निर्णयों को इस सोच का प्रतीक बताया। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने भारतीय उत्पादों के उपयोग पर बल देते हुए विद्यालयी शिक्षा में राष्ट्रभक्ति और संस्कार निर्माण को शामिल करने की आवश्यकता जताई।

## जितना स्वस्थ होगा पर्यावरण, उतना बेहतर होगा स्वास्थ्य



योगेश कुमार गोयल

हमारा पर्यावरण जितना स्वस्थ होगा, हमारा स्वास्थ्य भी उतना ही अच्छा होगा। इसका सीधा सा अर्थ है कि हम अपने स्वास्थ्य के लिए काफी हद तक पर्यावरण के प्रति उत्तरदायी हैं और इसलिए पर्यावरणीय स्वास्थ्य की सुरक्षा सुनि ि त करना हमारी प्रमुख जिम्मेदारी है। दरअसल पर्यावरणीय स्वास्थ्य का मानव स्वास्थ्य से बहुत गहरा संबंध है। उत्तम स्वास्थ्य के साथ प्रकृति और पर्यावरण हमें भोजन, कपड़े इत्यादि जीवित रहने के लिए भी हर चीज प्रदान करते हैं, इसलिए न केवल स्वस्थ रहने के लिए बल्कि धरती पर जीवन का अस्तित्व बचाए रखने के लिए प्रकृति और पर्यावरण का ध्यान रखा जाना बेहद जरूरी है लेकिन गहन चिंता का विषय यही है कि अब प्रकृति के साथ मानव जाति द्वारा किए जा रहे खिलवाड़ के कारण ही वैश्विक पर्यावरण को गंभीर नुकसान हो रहा है, जिसका खामियाजा अब दुनिया के लगभग तमाम देश भुगत भी रहे हैं। विकास के नाम पर प्रकृति के साथ किए जा रहे भयानक खिलवाड़ के ही कारण धरती लगातार गर्म हो रही है। चक्रवाती तूफानों का बढ़ता सिलसिला, बाढ़, सूखा, जंगलों में लगने वाली भीषण आग तथा अन्य प्राकृतिक आपदाओं में तेजी, ये सब पर्यावरण का स्वास्थ्य बिगड़ने के कारण जलवायु में हो रहे बदलावों का ही परिणाम हैं। वैश्विक तापमान में निरंतर हो रही बढ़ोतरी तथा मौसम का बिगड़ता मिजाज समस्त मानव जाति के लिए गंभीर चिंता बनता जा रहा है। भारत के ही संदर्भ में देखें तो अब सर्दियां कम हो रही हैं और गर्म दिन बढ़ रहे हैं, बारिश के मौसम में भी कहीं सूखे जैसी स्थिति बनी रहती है तो कहीं चारों तरफ तबाही ही तबाही नजर आती है। इस वर्ष भी हिमाचल, उत्तराखण्ड, जम्मू कश्मीर, पंजाब, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश से लेकर देश के अनेक हिस्सों में जल तबाही का भयानक नजारा देखा जाता रहा है। पर्यावरण को हो रहे गंभीर नुकसान की ओर लोगों का ध्यान आकर्षित करने, पर्यावरण की स्थिति के बारे में सार्वजनिक जागरूकता बढ़ाने तथा लोगों को इसे और बदतर होने से रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाने के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 26 सितम्बर को एक विशेष थीम के साथ 'विश्व पर्यावरण स्वास्थ्य दिवस' मनाया जाता है। 2025 के विश्व पर्यावरण स्वास्थ्य दिवस का विषय है 'स्वच्छ वायु, स्वस्थ लोग', जो स्वच्छ वायु और अच्छे स्वास्थ्य के बीच सीधे संबंध पर जोर देता है। प्रदूषकों से मुक्त वायु श्वसन संबंधी बीमारियों को सीमित करने और लोगों के स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। 2024 में यह दिवस 'पर्यावरणीय स्वास्थ्यः आपदा जोखिम न्यूनीकरण और जलवायु परिवर्तन शमन तथा अनुकूलन के माध्यम से लचीले समुदायों का निर्माण' थीम के साथ मनाया गया था जबकि 2023 की थीम थी 'वैश्विक पर्यावरणीय सार्वजनिक स्वास्थ्यः हर दिन हर किसी के स्वास्थ्य की रक्षा के लिए खड़ा होना' थीम के साथ मनाया गया था और 2022 की थीम थी 'सतत विकास लक्ष्यों के कार्यान्वयन के लिए पर्यावरणीय स्वास्थ्य प्रणालियों को मजबूत करना', जिसका अर्थ था पर्यावरणीय स्वास्थ्य तंत्र को इस प्रकार मजबूत बनाया जाए ताकि लंबे समय तक पर्यावरण और मानव की लंबी उम्र तथा अच्छी सेहत के लक्ष्य को पूरा किया जा सके। इस दिन पर्यावरण के कारण मनुष्यों के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले हानिकारक प्रभावों के बारे में जागरूकता फैलाई जाती है। प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन और ग्लोबल वार्मिंग से उत्पन्न खतरों के बारे में जागरूकता बढ़ाना अब पहले के मुकाबले ज्यादा महत्वपूर्ण हो गया है। दरअसल पर्यावरणीय परिस्थितियों को बिगड़ने से रोकने के लिए कुछ भी नहीं करके हम न केवल पर्यावरण को बल्कि स्वयं को भी खतरे में डाल रहे हैं क्योंकि हमारा स्वास्थ्य हमारे पर्यावरण से जुड़ा है और पर्यावरण को हो रहे निरंतर नुकसान से मानव जीवन को भी नुकसान झेलना पड़ता है। बढ़ते प्रदूषण और प्रकृति से खिलवाड़ के कारण ग्रीनहाउस प्रभाव, जलवायु परिवर्तन, शहरीकरण इत्यादि के कारण हमारे भोजन, पानी और वायु की गुणवत्ता पर सीधा प्रभाव पड़ता है, जिसके कारण लोगों को सांस लेने में तकलीफ, त्वचा संबंधी रोग सहित कई तरह की गंभीर बीमारियां भी हो रही हैं। पर्यावरण का स्वास्थ्य खराब होने से हमारा स्वास्थ्य भी खराब हो रहा है, जिसका सीधा असर हमारी रोग प्रतिरोधक क्षमता पर पड़ता है। ऐसी ही समस्याओं के मद्देनजर लोगों में पर्यावरणीय स्वास्थ्य को लेकर जागरूकता बढ़ाने के लिए 'इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ एनवायरनमेंटल हैल्थ' (आईएफईएच) द्वारा 26 सितम्बर 2011 को विश्व पर्यावरण स्वास्थ्य दिवस की शुरूआत की गई थी। इसकी शुरूआत 2011 में डेनपास, बाली (इंडोनेशिया) में हुए पर्यावरण स्वास्थ्य शिखर सम्मलेन और आईएफईएच की बैठक के दौरान हुई थी और इस दिन को दुनियाभर में चिन्हित करने का मुख्य उद्देश्य लोगों की भलाई और स्वास्थ्य की तरफ उनका ध्यान आकर्षित करना था। आईएफईएच वैज्ञानिक और तकनीकी अनुसंधान के आदान-प्रदान पर केन्द्रित है और इसका बड़ा हिस्सा वैज्ञानिक एवं तकनीकी के लिए कार्य करता है। पूर्ण रूप से पर्यावरण और स्वास्थ्य कार्यों को लेकर समर्पित आईएफईएच पर्यावरण स्वास्थ्य विज्ञान और प्रशासन से संबंधित विषयों पर चर्चा करता है और पर्यावरणीय स्वास्थ्य पर सूचना का आदान-प्रदान करता है। पर्यावरण सुरक्षा कार्यबल के समर्थन के साथ आईएफईएच स्वास्थ्य और हरित पुनर्प्राप्ति में सहयोग करता है। यह उन राष्ट्रीय संस्थानों के लिए एक महासंघ है, जो पर्यावरण स्वास्थ्य से संबंधित मुद्दों पर कार्य करते हैं। 2018 में इस फेडरेशन ने 40 देशों को पूर्ण सदस्यों के तौर पर जगह दी थी। आईएफईएच के अध्यक्ष सुजान पैक्सो के अनुसार दुनिया को यह समझने की आवश्यकता है कि पर्यावरण, स्वास्थ्य और अर्थव्यवस्था के बीच एक गहन संबंध है। बहरहाल, यह समझना बहुत जरूरी है कि आखिर पर्यावरण स्वास्थ्य है क्या? किसी क्षेत्र विशेष के रासायनिक, भौतिक और सांस्कृतिक वातावरण को उसके पर्यावरणीय स्वास्थ्य के रूप में जाना जाता है और किसी क्षेत्र का पर्यावरणीय स्वास्थ्य वहां की वायु की खराब गुणवत्ता, पर्यावरण में विविधता का नुकसान, रासायनिक असमानताएं तथा ऐसे सभी कारक, जो किसी क्षेत्र के पर्यावरणीय स्वास्थ्य को बिगाड़ते हैं, से प्रभावित होता है। किसी क्षेत्र के पर्यावरणीय स्वास्थ्य को मापने में पर्यावरणीय स्वास्थ्य संकेतक, प्रदूषण का स्तर, पारिस्थितिकी में विविधता, स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता, स्वच्छता की शर्तें, कृषि उत्पादकता इत्यादि प्रमुख भूमिका निभाते हैं। पर्यावरणीय स्वास्थ्य की देखभाल के महत्व को दशार्ता विश्व पर्यावरण स्वास्थ्य दिवस वास्तव में न केवल पारिस्थितिक स्वास्थ्य की सुरक्षा की वकालत करता है बल्कि मानव स्वास्थ्य पर पर्यावरणीय स्वास्थ्य के पड़ने वाले प्रभाव और संबंध को समझने की जरूरत पर भी जोर देता है।

## मुद्दाः शोधार्थियों को प्रोत्साहन की कमी



गिरीश पांड़े


पिछले एक दशक में भारत की ऊर्जा यात्रा उल्लेखनीय परिवर्तन की साक्षी बनी है। तीव्र क्षमता वृद्धि, सौर और पवन ऊर्जा में वैश्विक नेतृत्व और नवोन्मेषी फ्लैगशिप कार्यक्रमों के साथ भारत स्वच्छ और आत्मनिर्भर ऊर्जा की ओर तेजी से अग्रसर है। भारत में स्वच्छ ऊर्जा न केवल कार्बन उत्सर्जन को कम कर रही है, बल्कि हरित रोजगार भी पैदा कर रही है। ऊर्जा की पहुंच में सुधार हो रहा है, और वैश्विक जलवायु नेतृत्वकर्ता के रूप में भारत की भूमिका दिनोंदिन मजबूत हो रही है।

पिछले महीने गुजरात के हंसलपुर में एक कार्यक्रम के दौरान हरित गतिशीलता योजनाओं का शुभारंभ करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस बात पर जोर दिया कि स्वच्छ ऊर्जा और स्वच्छ गतिशीलता एक वैश्विक केंद्र के रूप में भारत के भविष्य को आकार देंगे। मार्च, 2014 से जून, 2025 तक नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता लगभग तीन गुना बढ़ कर 226.8 गीगावॉट हो गई है। सौर ऊर्जा उत्पादन 1 लाख 8 हजार गीगावॉट प्रति घंटे से भी ज्यादा हो गया है जिससे भारत जापान को पीछे छोड़ते हुए दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा सौर ऊर्जा उत्पादक बन गया है।

जुलाई, 2025 की स्थिति के अनुसार देश में अब पचास प्रतिशत स्थापित बिजली क्षमता गैर-पारंपरिक ईंधन स्रोतों से चालित है, और भारत ने यह लक्ष्य निर्धारित समय से पांच वर्ष पूर्व ही हासिल कर लिया है। यह उपलब्धि जहां पेरिस समझौते के अंतर्गत नेशनल डिटरमाइंड कांट्रिब्यूशन (एनडीसी) की प्रतिबद्धता के लिए निर्धारित लक्ष्य से पांच साल पहले ही प्राप्त कर ली गई वहीं देश जलवायु परिवर्तन की रोकथाम और टिकाऊ विकास के प्रति संकल्पित है, और स्वच्छ ऊर्जा को अपनाने की गति लगातार बढ़ रही है। इसमें सौर, पवन, पनबिजली, जैव एवं परमाणु ऊर्जा शामिल हैं। कुल 484.82 गीगावॉट स्थापित क्षमता में इन नवीकरणीय स्रोतों की हिस्सेदारी 242.78 गीगावॉट हो गई। यह किसी भी विकासशील देश के लिए बहुत दुर्लभ मामला है, जिसने अपने लिए निर्धारित लक्ष्य से पहले ही ऐसी सफलता प्राप्त की। आज गैर-जीवाश्म स्रोत कुल बिजली उत्पादन का 49प्र. हिस्सा दे रहे हैं। इसका श्रेय उत्पादन-आधारित प्रोत्साहन-पीएलआई योजना-जैसे क्रांतिकारी प्रयासों को जाता है। यह कार्बन डाई ऑक्साइड उत्सर्जन खत्म करने के वैश्विक प्रयासों के लिए देश की प्रतिबद्धता की पुष्टि है। जलवायु परिवर्तन की चुनौती का सामना करने के लिए नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों को अपनाना इसलिए और अनिवार्य हो गया है कि वैश्विक ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में अकेले जीवाश्म ईंधनों की हिस्सेदारी करीब तीन-चौथाई है।

भारत की रणनीति भी बहुत व्यावहारिक है। वह जीवाश्म ईंधनों से एकाएक पीछा नहीं छुड़ा रहा और कोयला एवं गैस आधारित संयंत्र अभी भी प्रमुख ऊर्जा आपूर्तिकर्ता बने हुए हैं। चूंकि भारत ने 2030 तक गैर-जीवाश्म क्षमता को 500 गीगावॉट तक ले जाने और 2070 तक शून्य कार्बन उत्सर्जन का लक्ष्य निर्धारित किया है, तो उसे ग्रिड आधुनिकीकरण, ऊर्जा भंडारण क्लीन टेक मैटीरियल रिसाइक्लिंग और ग्रीन हाइड्रोजन जैसे आधुनिक ईंधनों में निवेश बढ़ाना ही होगा।

प्रति व्यक्ति कार्बन उत्सर्जन कम होने के बावजूद स्वच्छ ऊर्जा को अपनाने में हुई यह प्रगति मूल्यवान है, और भारत जी-20 के उन चंद देशों में शामिल है, जो जलवायु परिवर्तन की रोकथाम के अपने संकल्प को पूरा करने की दिशा में तेजी से बढ़ रहे हैं। सोलर पार्क और विंड कारिडोर स्वच्छ ऊर्जा में निवेश को लुभाने में भी सहायक बने हैं। उल्लेखनीय है कि बीते दशक में सौर एवं पवन ऊर्जा की लागत 80 प्रतिशत से भी अधिक घट गई है। इसके चलते कई क्षेत्रों में सौर-पवन ऊर्जा की लागत कोयले और गैस से बनने वाली बिजली से भी किफायती हो गई है। नवीकरणीय ऊर्जा कीमतों में स्थायित्व प्रदान करने के साथ ही यह ऊर्जा स्वतंत्रता भी सुनि ित करती है। एक बार इंस्टाल होने के बाद उसमें लागत लगभग नगण्य रह जाती है। कॉप शिखर सम्मेलनों में विकसित देशों द्वारा विकासशील देशों के प्रति की गई वचबद्धता भी पूरी



नहीं हो रही है, इस बाबत भारत कॉप शिखर सम्मेलनों में इस मुद्दे को बराबर उठाता रहा है। अमेरिका में अभी भी 60 प्रतिशत से अधिक बिजली जीवाश्म इृधनों से पैदा हो रही है। चीन दुनिया का सबसे बड़ा उत्सर्जक है, जिसकी आधी से अधिक बिजली अभी भी कोयले से बनती है। इसलिए विश्व की दो सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाएं और सबसे बड़े कार्बन उत्सर्जक देश के तौर पर अमेरिका और चीन की जिम्मेदारी है कि अपने उत्सर्जन में तेजी से कमी लाएं, विकासशील देशों को वित्त और तकनीकी सहयोग दें, स्वच्छ ऊर्जा नवाचार साझा करें और प्रतिस्पर्धा से ऊपर उठ कर वैश्विक सहयोग को बढ़ाएं। (लेख में विचार निजी हैं)

### स्थानीय व खादी उत्पादों को बढ़ावा देने हेतु प्रदर्शनी का आगाज़

# जिला कलेक्टर व एडीएम ने किया स्टॉलों का निरीक्षण, 120 प्रतिभागियों ने लिया हिस्सा

## डॉ. भीमराव अंबेडकर दलित आदिवासी उद्यम प्रोत्साहन योजना के तहत सम्मेलन एवं प्रशिक्षण सत्र

द डेस्प्रिंग

**हनुमानगढ़/ विनोद चौधरी** । राज्य सरकार की मंशानुरूप सेवा पखवाड़ा 2025 के अंतर्गत स्थानीय व खादी उत्पादों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से जंक्शन स्थित जिला उद्योग एवं वाणिज्य केंद्र में प्रदर्शनी का शुभारंभ किया गया। यह प्रदर्शनी 25 सितम्बर से शुरू होकर 2 अक्टूबर, 2025 तक चलेगी। प्रदर्शनी में जिलेभर से आए उद्यमियों, स्वयं सहायता समूहों और छात्रों ने भाग लेकर अपनी उत्पादक क्षमता का प्रदर्शन किया।

प्रदर्शनी के पहले दिन 25 सितम्बर को लगभग 24 स्टॉल लगाए गए, जिनमें स्थानीय व खादी उत्पादों की विविधता प्रदर्शित की गई। इस अवसर पर जिला



कलेक्टर डॉ. खुशाल यादव एवं अतिरिक्त जिला कलेक्टर उम्मेदीलाल मीना ने सभी स्टॉलों का निरीक्षण किया। उन्होंने उद्यमियों व उत्पादकों से संवाद कर उनके अनुभवों और चुनौतियों की जानकारी ली तथा जिला प्रशासन की ओर से हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया।

इस कार्यक्रम में विभिन्न जिला स्तरीय अधिकारी, उद्यमी, राजीविका एवं स्वयं सहायता समूह के सदस्य, आरसेटी प्रतिनिधि तथा राजकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं सहित लगभग 120 प्रतिभागियों ने सक्रिय रूप से हिस्सा लिया। प्रदर्शनी में हस्तशिल्प, कपड़ा, खादी वस्त्र, हस्तनिर्मित सामग्री, खाद्य प्रसंस्करण उत्पाद एवं अन्य ग्रामीण उद्यमिता आधारित उत्पाद प्रमुख आकर्षण रहे।

जिला कलेक्टर डॉ. खुशाल यादव ने कहा कि राज्य सरकार की मंशा है कि स्थानीय व खादी उत्पादों को व्यापक पहचान दिलाई जाए। उन्होंने कहा कि इस तरह की प्रदर्शनियां न केवल ग्रामीण व शहरी उद्यमियों को मंच प्रदान करती हैं, बल्कि उनके उत्पादों की विपणन क्षमता को भी बढ़ाती हैं।

### डॉ. भीमराव अंबेडकर दलित आदिवासी उद्यम प्रोत्साहन योजना के तहत सम्मेलन एवं प्रशिक्षण सत्र भी आयोजित

इसी क्रम में गुरुवार को डॉ. भीमराव अंबेडकर दलित आदिवासी उद्यम प्रोत्साहन योजना के तहत सम्मेलन एवं प्रशिक्षण सत्र का आयोजन भी हुआ। इसमें विशेषज्ञों ने प्रतिभागियों को योजना की विस्तृत जानकारी दी और बताया कि इस योजना का उद्देश्य दलित एवं आदिवासी समुदाय के युवाओं व उद्यमियों को स्वरोजगार और उद्योग स्थापना हेतु प्रोत्साहित करना है। जिला उद्योग एवं वाणिज्य केंद्र के महाप्रबंधक आकाशदीप सिद्धु ने कहा कि इस प्रदर्शनी का मुख्य उद्देश्य स्थानीय एवं खादी उत्पादों को बाजार उपलब्ध कराना और लघु उद्यमियों को प्रोत्साहित करना है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ अब सीधे उद्यमियों तक पहुंचाया जा रहा है, जिससे उनके व्यवसाय को आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी। सिद्धु ने जिले के युवा व महिलाओं से स्वरोजगार के क्षेत्र में आगे आने और सरकारी योजनाओं का अधिकतम लाभ उठाने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि यह प्रदर्शनी 2 अक्टूबर तक चलेगी। इसमें प्रतिदिन विभिन्न योजनाओं की जानकारी देने के साथ-साथ प्रशिक्षण कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। इच्छुक उद्यमी व आगंतुक अधिक जानकारी के लिए सीधे जिला उद्योग एवं वाणिज्य केंद्र में संपर्क कर सकते हैं।

## ग्रामीण सेवा शिविर में 35 लोगों ने आयुर्वेदिक चिकित्सा उपचार का लाभ प्राप्त किया

द डेस्प्रिंग





**निवाई।** ग्राम पंचायत लुहारा में आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर 2025 का आयोजन गुरुवार को हुआ, जिसमें सभी विभाग उपस्थित रहे । इसमें 35 स्त्री पुरुषों ने आयुर्वेदिक चिकित्सा उपचार का लाभ प्राप्त किया एवं आयुर्वेद विभाग की तरफ से समस्त ग्रामीणों को योग के बारे में जानकारी दी गई , सभी को शुष्क क्वाथ वितरण किया गया। चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ धर्मराज मीना ने उपस्थित सभी ग्रामीणों को ऋतुचार्य से संबंधित जानकारी दी। कंपाउंड श्री निरंजन शर्मा ने औषधि वितरण की श्री अजय चौहान एवं योग प्रशिक्षक अशोक लांगडी भी शिविर मे उपस्थिति रहे।

# सफाई से समृद्धि, स्वच्छता से प्रगति के तहत गांधी पार्क और जिला परिषद में श्रमदान

## जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों ने भी किया श्रमदान

द डेस्प्रिंग

**हनुमानगढ़ / विनोद चौधरी** । स्वच्छता ही सेवा-2025 पखवाड़े के तहत जिला स्तरीय कार्यक्रम गुरुवार को कलेक्ट्रेट परिसर स्थित गांधी पार्क में हुआ। इस दौरान राज्य स्तरीय सैनिक कल्याण सहलाकर समिति के अध्यक्ष प्रेम सिंह बाजौर, विधायक गणेशराज बंसल, जिला कलक्टर डॉ. खुशाल यादव के नेतृत्व में जिला स्तरीय अधिकारियों ने श्रमदान किया और स्वच्छता की शपथ ली।

**जिला परिषद के सौजन्य से कलेक्ट्रेट स्थित गांधी पार्क जिला परिषद कार्यालय परिसर में सफाई से समृद्धि, स्वच्छता से प्रगति की थीम पर आयोजित कार्यक्रम में समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों ने एक दिन, एक घंटा,**



**एक साथ की भावना के अनुरूप श्रमदान किया।** गांधी जी प्रतिमा की सफाई की गई और पुष्प अर्पित किए गए। इस दौरान जिला कलक्टर सहित समस्त अधिकारियों ने पार्क में झाड़ू लगाकर सफाई की और कस्सी-बट्ठल से कचरे का उठाव किया। अपने संबोधन में प्रेम सिंह बाजौर ने सफाई को समृद्धि और स्वच्छता को प्रगति से जोड़ते हुए कहा कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के नेतृत्व में स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा आयोजित किया जा रहा है। इसी क्रम में जिले में भी विभिन्न स्थानों पर स्वच्छता के लिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। उन्होंने आमजन से भी स्वच्छता पखवाड़े के तहत श्रमदान करने और साफ-सफाई रखने के लिए आह्वान किया। इस अवसर पर एडीएम उम्मेदी लाल मीना, जिला परिषद सीईओ सीईओ ओपी बिश्नोई, हिंदुस्तान स्काउट गाइड के जिलाध्यक्ष विकास गुप्ता, जनप्रतिनिधि देवेंद्र पारीक सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि और अधिकारी मौजूद रहें।

# पुरातन शिव मंदिर मैं गरबा व डांडिया महोत्सव में झूम उठा सालासर दरबार

द डेस्प्रिंग

**सालास / पप्पू लाल शर्मा** । हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी पुरातन शिव मंदिर में गरबा व डांडिया महोत्सव मनाया गया पुजारी माधव प्रसाद स्वामी के द्वारा विधिवत पूजा अर्चना के बाद कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया कार्यक्रम मे गरबा नृत्य डांडिया नृत्य नवदुर्गा स्वरूप नृत्य व विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं दर्शकों के आकर्षण का केंद्र रहा डांडिया नृत्य गरबा नृत्य अन्य प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को आकर्षक उपहार वितरण किए गए संध्या आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया कार्यक्रम में मंदिर के पुजारी माधव प्रसाद पुजारी मांगीलाल गुलेरिया कमल किशोर ढाका विमल पुजारी रामकुमार ढाका पवन सैनी भागीरथ मल ढाका



चैन सिंह शेखावत रामनिवास प्रजापत मनोज सोनी मोहन प्रजापत देवेश शर्मा व सैकड़ों महिलाएं वह पुरुष उपस्थित रहे मंच संचालन रूप सिंह शेखावत वह राजकुमार शर्मा ने किया कार्यक्रम का लाइव प्रसारण smc चारिया पर किया गया

# राजस्थान शिक्षक संघ एकीकृत का दो दिवसीय जिला स्तरीय शिक्षक सम्मेलन शुभारंभ आज

## महाराणा स्कूल गडरपुरा धौलपुर में होगा भव्य शुभारंभ

द डेस्प्रिंग

**धौलपुर / दीपू वर्मा** । राजस्थान शिक्षक संघ एकीकृत धौलपुर की कोर ग्रुप की बैठक हुई जिसमें जिला कार्यकारणी कोर ग्रुप के सदस्यों ने भाग लिया सम्मेलन संयोजक चन्द्रभान चौधरी एवं जिला अध्यक्ष मनोज पोसवाल ने अपने सयुक्त बयान में बताया कि राजस्थान शिक्षक संघ एकीकृत का जिला स्तरीय शिक्षक सम्मेलन महाराणा स्कूल धौलपुर में दिनांक 26 सितम्बर दिन शुक्रवार को आयोजित होगा जिसका प्रथम सत्र 12 बजे होगा जिसमें आगंतुकों और अतिथियों का मान सम्मान शिक्षकों की समस्याओं को लेकर विचार प्रकट किए जाएंगे वही दूसरे सत्र में सेवानिवृत्त शिक्षकों और पुरस्कृत शिक्षकों को सम्मानित किया जाएगा, शिक्षा विभाग के आदेशानुसार सभी शिक्षकों को इन सम्मेलनों में भाग लेना अनिवार्य है, इस सम्मेलन में विभाग की गाइड लाइन का अनुसरण किया जाएगा जिसके अनुसार शिक्षकों की सक्रिय उपस्थिति एवं सम्मेलन में सशरीर सहभागिता ही विद्यार्थी एवं राष्ट्र के उज्जवल भविष्य की आधार शीला बनेगी। जिला अध्यक्ष मनोज पोसवाल ने बताया कि सत्र में सेवानिवृत्त शिक्षकों और पुरस्कृत शिक्षकों और खेल के क्षेत्र में अच्छा कार्य करने वाले 46 शिक्षकों को भी




सम्मानित किया जाएगा। सम्मेलन के समापन पर मांग पत्र तैयार किया जायेगा जिसका अनुमोदन करवाकर राज्य सरकार को मांग पत्र भेजा जाएगा। वहीं सम्मेलन को सफल बनाने के पांच समितियो का गठन किया गया जिसमें प्रत्येक समिति में पाँच सदस्य होगे जो टेंट माइक स्वागत भोजन और मंच संचालन की व्यवस्था देखेगी। इस अवसर पर गंगाराम गुर्जर, राकेश प्रजापति, विभीषण चौधरी, नौशाद खान, रूप सिंह चौधरी, रामबरन कपासिया, त्रिलोक सिंह, चेतनशर्मा, मुरारीलाल, सुरेन्द्र सिंह, जयप्रकाश गुर्जर, आदि उपस्थित रहे।

# धौलपुर/करौली टाईगर रिजर्व सैंचुरी के खिलाफ विरोध प्रदर्शन

धौलपुर विजय श्रीवास्तव द डेस्प्रिंग न्यूज़

बसेड़ी विधायक संजय कुमार जाटव के नेतृत्व में सर्व समाज के लोगों ने सरमथुरा तहसील के बाजारों में जुलूस निकाला और धौलपुर+करौली रिजर्व टाईगर सैंचुरी के खिलाफ जबरदस्त विरोध प्रदर्शन किया गया

**विधायक संजय कुमार जाटव ने कहा कि** आम जनता की पीड़ा और उनकी आजीविका से जुड़े इस महत्पूर्ण मुद्दे को लेकर महामहिम राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी महामहिम राज्यपाल राजस्थान बागडे वन एवं पर्यावरण भारत सरकार राजस्थान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नाम एस डी एम सरमथुरा को ज्ञापन सौंपा।

**विधायक संजय कुमार जाटव ने बताया कि** धौलपुर करौली टाईगर रिजर्व सैंचुरी बनने से लोगों की रोजी रोटी का सवाल पैदा होता है क्योंकि जब जमीन चली जाएगी




तो लोग मूलभूत सुविधाओं एवं रोजगार से वंचित हो जायेगे रोजी रोटी कमाने के लिए पलायन करना पड़ेगा। जब आजीविका के साधन नहीं रहेंगे तो सर्व समाज के लोग रोजगार के लिए जगह जगह भटकने को मजबूर हो जाएंगे। इसलिए केन्द्र एवं राजस्थान सरकार से मांग करते हैं कि धौलपुर करौली टाईगर रिजर्व सैंचुरी बनने से पीड़ित लोगों की समस्याओं को का निराकरण कैसे होगा।विरोध प्रदर्शन एवं ज्ञापन में सर्व समाज के लोग उपस्थित रहे।

### नवनियुक्त थानाधिकारी राजेंद्र प्रसाद ने किया पदभार ग्रहण

# कानून व्यवस्था एवं शांति व्यवस्था बनाए रखना पहले प्राथमिकता होगी- राजेंद्र प्रसाद

द डेस्प्रिंग



**निवाई/अशोक लांगडी ।** नव नियुक्त थानाधिकारी राजेंद्र प्रसाद ने सोमवार को सदर पुलिस थाना निवाई का कार्याभार संभाल लिया है। इस अवसर पर सदर थाना के सभी पुलिस जवानों ने नवनियुक्त थानाधिकारी को गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया।

**इस मौके पर नवनियुक्त थानाधिकारी ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि** कानून व्यवस्था एवं शांति व्यवस्था बनाए रखना पहले प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि नशाखोरी के खिलाफ अभियान चलाकर सख्त से सख्त कार्यवाही की जाएगी। पुराने मुकदमों में फरार आरोपियों को धर पकड़ अभियान चलाकर जल्दी ही गिरफ्तार किया जायेगा। महिलाओं की सुरक्षा पर विशेष तौर से प्रमुखता से ध्यान दिया जाएगा। किसी भी प्रकार की कोई भी महिलाओं के साथ घटना घटित होती है तो उस तुरंत कार्यवाही की जाएगी। असहाय एवं गरीब लोगों के साथ जो भी न्यायप्रिय कार्य होगा वो किया जायेगा। इस दौरान मदन लाल, मुकेश कमांडो, बलवंत गुर्जर, रामनरेश बैरवा सहित पुलिस के जवान मौजूद रहे।

### स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत बसेड़ी में श्रमदान किया

# भूतेश्वर महादेव मंदिर और पार्वती नदी घाटों की हुई सफाई, ग्रामीणों ने लिया स्वच्छता का संकल्प

धौलपुर विजय श्रीवास्तव द डेस्प्रिंग न्यूज़

बसेड़ी कस्बे स्थित भूतेश्वर मंदिर पर श्रमदान किया गया।"एक दिन, एक घंटा, एक साथ" राष्ट्रव्यापी श्रमदान कार्यक्रम के तहत बसेड़ी में स्वच्छता ही सेवा अभियान का आयोजन किया गया। मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद धौलपुर के निर्देशन एवं पंचायत समिति बसेड़ी के विकास अधिकारी रामजीलाल मीणा के नेतृत्व में भूतेश्वर महादेव मंदिर परिसर और पार्वती नदी के घाटों की व्यापक सफाई की गई।अभियान में ब्लॉक कॉर्डिनेटर धर्मेंद्र सिंह, अशोक शर्मा, सचिव रीतेश बंसल, राजकुमार, रामदेव, पवन सहित कई ग्रामीणों और कार्यकर्ताओं ने सक्रिय भागीदारी निभाई। श्रमदान के दौरान मंदिर और घाटों से कचरा, प्लास्टिक एवं अन्य गंदगी



हटाकर स्वच्छ वातावरण का संदेश दिया गया।इस अवसर पर विकास अधिकारी रामजीलाल मीणा ने कहा कि "स्वच्छता केवल एक दिन का अभियान नहीं, बल्कि यह सभी की जीवनशैली का हिस्सा होना चाहिए। जब हर नागरिक अपने घर और आसपास की सफाई को जिम्मेदारी से निभाएगा तभी हम स्वच्छ भारत का सपना साकार कर पाएंगे।"**ब्लॉक कॉर्डिनेटर धर्मेंद्र सिंह ने कहा कि** "गांव और कस्बे तभी स्वस्थ रहेंगे जब हम प्लास्टिक और गंदगी को खत्म करने का संकल्प लेंगे। यह



श्रमदान आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ वातावरण देने का एक प्रयास है।"ग्रामीणों ने भी अभियान को निरंतर जारी रखने और स्वच्छता को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने का संकल्प लिया।

## एडवोकेट महेश ओझा एवं श्रवण त्रिवेदी मुख्य उपाध्यक्ष बनने पर हुआ सम्मान

द डेस्प्रिंग



**जोधपुर।** विश्व में समस्त श्रीमाली ब्राह्मण समाज का एकमात्र गुरुद्वारा श्री गुरु फूलनारायण आश्रम न्यास सोजत सिटी में नवरात्रि के शुभ अवसर पर जोधपुर के एडवोकेट महेश ओझा एवं श्रवण त्रिवेदी को मुख्य उपाध्यक्ष पद पर मनोनीत किया गया। इस शुभ अवसर न्यास अध्यक्ष सुरेन्द्र कुमार त्रिवेदी, मुकेश दवे एयरफोर्स, नरेन्द्रलाल त्रिवेदी, एडवोकेट प्रवीण दयाल दवे, विक्रान्त दवे (मीडिया), कमल व्यास अनन्तवासनी, चेतन ने माल्यार्पण कर हार्दिक अभिनंदन किया। मिलनसार एवं सरल व्यक्तित्व के धनी ओझा व त्रिवेदी को निस्वार्थ भावना से की गई समाज सेवा को देखते हुए इनको मुख्य उपाध्यक्ष का दायित्व सौंपा है।

## ओउमाश्रय सेवा धाम में सत्कार्य के संकल्प से जुड़ रहे दानवीर

द डेस्प्रिंग



**जयपुर।** ओउमाश्रय सेवा धाम में सहयोग की श्रंखला निरंतर आगे बढ़ रही है। हिण्डोन के कम्वलवाल परिवार के श्री घनश्याम गर्ग, जिन्हें समाज में स्नेहपूर्वक "विडला जी" के नाम से जाना जाता है, हाल ही में आजीवन सदस्य दिनेश मोदी के साथ ओउमाश्रय पहुंचे। उन्होंने पूर्व में हर माह एक क्विंटल आटा देने का संकल्प लिया था। इसी संकल्प को निभाते हुए विडला जी ने तीन माह के तीन क्विंटल आटे हेतु 9,300 की राशि भेंट की। इस पुण्य कार्य हेतु ओउमाश्रय परिवार ने उनका **हार्दिक धन्यवाद ज्ञापित करते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं।**

इसी क्रम में वैक अधिकारी रहे गंगापुर निवासी एवं फाइनेंस कंपनी संचालक श्री अनिल गुप्ता ने भी ओउमाश्रय सेवा धाम के कार्यों पर भावनात्मक पोस्ट मित्रों व विभिन्न ग्रुपों पर साझा की। संस्था ने उनकी इन भावनाओं का सम्मान करते हुए समाज के प्रति उनके सहयोग और संवेदनशीलता को सराहा। ओउमाश्रय सेवा धाम का मानना है कि समाज की सेवा में किए जा रहे ऐसे संकल्प और भावनात्मक योगदान ही मानवीय मूल्यों को और अधिक सशक्त बनाते हैं।

## स्वास्थ्य विभाग में जांचों के निजीकरण के विरोध में विरोध प्रदर्शन जारी

द डेस्प्रिंग

**भरतपुर,** । राजस्थान के चिकित्सा क्षेत्र की जांचों के निजीकरण किए जाने को लेकर के प्रदेश भर में विरोध प्रदर्शनों का दौर जारी है, प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र सिंह के नेतृत्व में जिला कलेक्टर को ज्ञापन ,तीन दिन काली पट्टी सहित शहीद स्मारक जयपुर पर धरना सहित और अब शांतिपूर्ण तरीके से 21 दिवसीय सरपंच ,प्रधान ,जिला प्रमुख ,विधायक और सांसदों को ज्ञापन का चरण जारी है जिसके अंतर्गत आज भरतपुर में राज्य सरकार के गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेड़म , डीग - कुम्हेर विधायक शैलेश दिगंबर सिंह , भरतपुर विधायक डॉ सुभाष गर्ग , बयाना विधायक श्रीमती रितु बनावत को ज्ञापन सौंप कर जिले के लैब टेक्नीशियन नरेंद्र शर्मा, खेमकरण चितारी, प्रमेन्द्र सिंह, मयंक, त्रिलोक ,केदार, बादल, ऋतु, कपिल ,तनीषा, रश्मि, जगवीर, आदि लैब टेक्नीशियन ने बताया कि जांचों का निजीकरण ना तो सरकार के हित में है, ना ही जनता के हित में, गरीब और किसानों वर्ग के बच्चे आज जो डिग्री डिप्लोमा लेकर आ रहे हैं उनका भविष्य खत्म हो जाएगा, बेरोजगारी बढ़ेगी सरकारी क्षेत्र का निजीकरण भारी नुकसानदायक होगा, निजीकरण से आज तक किसी को फायदा नहीं हुआ है, राज्य सरकार पर अतिरिक्त भार पड़ेगा, जिस पर गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेड़म जी ने बताया कि जल्द ही इस पर मुख्यमंत्री जी से चर्चा की जाएगी,लैब टेक्नीशियन संवर्ग के कार्मिकों ने बताया कि अगर सरकार हमारी जनसुनवाई नहीं करती है तो मजबूरन हमें भूख हड़ताल के साथ आमरण अनशन जैसे कदम उठाने पड़ेंगे।NHM MD अमित यादव मुर्दाबाद के नारे भी लगे लेकिन साथ मुख्यमंत्री सहित जवाहर सिंह बेड़म जिन्दाबाद के कार्मिकों ने नारे लगाए।

## राजकीय इंटर कॉलेज के छात्रों ने फिनो पेमेंट्स बैंक का शैक्षिक भ्रमण कर जानी आधुनिक बैंकिंग की कार्यप्रणाली




द डेस्प्रिंग

**सितारगंज / दीपक भारद्वाज ।** पीएम श्री आदर्श राजकीय इंटर कॉलेज के कक्षा 9, 10, 11 और 12वीं के छात्रों ने व्यावसायिक शिक्षा अंतर्गत पढ़ाए जाने वाले आईटी कंप्यूटर विषय के तहत फिनो पेमेंट्स बैंक का शैक्षिक भ्रमण किया, जहां उन्होंने बैंकिंग की आधुनिक तकनीकों, ऑनलाइन लेन-देन, निवेश शिक्षा तथा डिजिटल कार्यप्रणाली की विस्तृत जानकारी हासिल की। इस अवसर पर कोऑर्डिनेटर श्री जितेंद्र नेगी एवं व्यावसायिक शिक्षक डॉ. धर्मेंद्र नाथ चौबे, मोहम्मद सलमान और सचिन शर्मा के नेतृत्व में छात्रों ने बैंकिंग क्षेत्र से जुड़ी बारीकियों को करीब से समझा और कर्मचारियों से संवाद कर वास्तविक कार्यप्रणाली को जाना। छात्रों ने ऑनलाइन सेवाओं, खाते संचालन, भुगतान प्रणाली तथा डिजिटल निवेश से संबंधित कई अहम जानकारियां प्राप्त कीं, जिससे उनके ज्ञान और कौशल में उल्लेखनीय वृद्धि हुई। विद्यालय के प्रधानाचार्य शरद चंद्र पंत ने कहा कि इस शैक्षिक भ्रमण का मुख्य उद्देश्य छात्रों को कंप्यूटर और तकनीक आधारित बैंकिंग कार्यों से अवगत कराना है, ताकि भविष्य में वे न केवल रोजगार के अवसरों के लिए सक्षम बन सकें बल्कि डिजिटल युग की आवश्यकताओं को भी अच्छे से समझ सकें। प्रधानाचार्य ने ऐसे शैक्षिक भ्रमणों को छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए जरूरी बताते हुए भविष्य में भी इस प्रकार की गतिविधियों को निरंतर जारी रखने की बात कही।

# तौकीर रजा के धरना प्रदर्शन की चेतावनी पर प्रशासन अलर्टः बरेली में फ्लैग मार्च

द डेस्प्रिंग

**ब्यूरो बरेली / अनुभव मोहन सक्सेना** ।"आई लव मोहम्मद" के समर्थन में मौलाना तौकीर रजा द्वारा शुक्रवार को बरेली के इस्लामिया ग्राउंड में प्रस्तावित बड़े धरना प्रदर्शन को लेकर प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट है। मौलाना तौकीर रजा ने पुलिस-प्रशासन को चेतावनी दी थी कि अगर धरना रोका गया तो यह शहर के लिए एक गंभीर खतरा बन सकता है। इसके जवाब में, जिला प्रशासन ने शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए कमर कस ली है।

## डीएम और एसएसपी ने किया फ्लैग मार्च

प्रशासन ने किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए कमर कस ली है। इसी कड़ी में, डीएम अविनाश सिंह और एसएसपी अनुराग आर्य ने पुलिस, पीएसी, और पैरामिलिट्री फोर्स के साथ



मिलकर इस्लामिया ग्राउंड से एक लंबा फ्लैग मार्च निकाला। यह फ्लैग मार्च बिहारीपुर पुलिस चौकी, कुतुबखाना, दरगाह आला हजरत, मलूकपुर, और सिटी सब्जी मंडी तक, लगभग 5 किलोमीटर की दूरी तक चला। इस दौरान, अधिकारियों ने जनता से शांति बनाए रखने और कानून का पालन करने की अपील की। इस फ्लैग मार्च में एसपी सिटी मानुष पारीक, एसपी साउथ अंशिका वर्मा, एसपी नॉर्थ मुकेश चंद्र मिश्रा, एसपी क्राइम, एसपी ट्रैफिक, सिटी मजिस्ट्रेट अलंकार अग्निहोत्री, सभी एडीएम, एसडीएम, सीओ, महिला एसओजी और



इंस्पेक्टर समेत बड़ी संख्या में पुलिस बल मौजूद था।

## धारा 163 लागू, बिना अनुमति प्रदर्शन की इजाजत नहीं

डीएम अविनाश सिंह ने स्पष्ट किया कि किसी भी तरह की खुराफात या अव्यवस्था बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने बताया कि जिले में पहले से ही धारा 163 लागू है, जिसके तहत बिना प्रशासन की अनुमति के कोई भी धरना प्रदर्शन या सभा आयोजित नहीं की जा सकती। उन्होंने यह भी कहा कि कानून का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## तौकीर रजा का बयान और देशव्यापी संदर्भ

एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में मौलाना तौकीर रजा ने देश के कई हिस्सों में पैगंबर मोहम्मद की शान में हुई कथित गुस्ताखी का जिक्र किया। उन्होंने शाहजहांपुर में लिखी गई आपत्तिजनक बातों और कानपुर में "आई लव मोहम्मद" पोस्टर के संदर्भ में अपना पक्ष रखा। तौकीर रजा ने कहा कि वह हर हाल में धरना प्रदर्शन करेंगे और यह भी चेतावनी दी कि भारत में मुसलमानों की संख्या नेपाल, श्रीलंका, और बांग्लादेश से अधिक है। अगर वे सड़कों पर उतर आए तो स्थिति नियंत्रण से बाहर हो सकती है।

प्रशासन का यह फ्लैग मार्च दिखाता है कि वह किसी भी तरह के तनावपूर्ण माहौल को बनने देना नहीं चाहता और शांति बनाए रखने के लिए हर संभव प्रयास कर रहा है।

# वेदान विनायक इंटरनेशनल स्कूल में दशहरा उत्सव

## बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश

द डेस्प्रिंग

बरेली फरीदपुर के वेदान विनायक इंटरनेशनल स्कूल में गुरुवार को दशहरा (विजयादशमी) का पर्व बड़े ही उत्साह और पारंपरिक तरीके से मनाया गया। इस उत्सव का मुख्य उद्देश्य छात्रों को सांस्कृतिक विरासत और नैतिक मूल्यों से जोड़ना था।

### रामायण का जीवंत मंचन

कार्यक्रम की शुरुआत एक विशेष प्रार्थना सभा से हुई। इसके बाद, छात्रों ने राम, सीता, लक्ष्मण और हनुमान के जीवन पर आधारित शानदार प्रस्तुतियाँ दीं, जिन्होंने दर्शकों का मन मोह लिया।स्कूल के सांस्कृतिक मंच पर आयोजित रामलीला सबसे खास रही, जिसमें छात्रों ने रावण, मेघनाद और कुंभकर्ण जैसे किरदारों को जीवंत कर दिया। राम और रावण के बीच का युद्ध, जिसे बच्चों ने बहुत ही लगन के साथ प्रस्तुत किया, सभी के लिए आकर्षण का केंद्र रहा।

### बुराई पर अच्छाई की विजय

कार्यक्रम का समापन एक प्रतीकात्मक संदेश के साथ हुआ। रावण के विशाल पुतले का दहन कर यह दर्शाया गया कि चाहे असत्य और अधर्म कितना भी शक्तिशाली क्यों न हो, अंत में जीत हमेशा सत्य और धर्म की होती है। विद्यालय की



चेयरपर्सन, डॉ. सबीन एहसन, ने छात्रों को विजयादशमी का महत्व समझाया। उन्होंने कहा कि "दशहरा" शब्द 'दस और हरा' से बना है, जिसका अर्थ है दस सिर वाले रावण की हार। उन्होंने यह भी बताया कि यह पर्व भगवान राम की रावण पर विजय का प्रतीक है। स्कूल के सीएमडी, डॉ. अमीद मुराद, ने छात्रों की मेहनत की सराहना की और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस दौरान, पूरा स्कूल परिसर रोशनी और सजावट से जगमगा रहा था। सभी शिक्षक और विद्यार्थी पारंपरिक परिधान में थे,

# विश्व फॉर्मेसी दिवस समारोह श्री हरिदत्त कॉलेज ऑफ़ फ़ार्मेसी सम्पन्न

द डेस्प्रिंग

**भरतपुर / संवाददाता** । श्री हरिदत्त कॉलेज ऑफ़ फ़ार्मेसी में विश्व फॉर्मेसी दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर फार्मेसी स्पोर्ट्स वीक के अंतर्गत आयोजित विभिन्न खेलकूद एवं प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता निदेशक डॉ. आलोक शर्मा ने की। उन्होंने कहा कि फार्मेसी का भविष्य देश और विदेशों में तेजी से प्रगति कर रहा है और इसकी उपयोगिता निरंतर बढ़ रही है। मुख्य अतिथि विनोद छारिया तथा सुनील ने फार्मेसी के विभिन्न क्षेत्रों–जैसे मेडिकल,



साइंटिफिक रिसर्च, क्वालिटी कंट्रोल, ड्रग इंडस्ट्री आदि–में करियर संभावनाओं पर प्रकाश डाला। **उन्होंने छात्रों को अनुशासन, परिश्रम और समर्पण के महत्व को समझने के साथ ही भविष्य निर्माण हेतु प्रेरित किया।**



प्रतियोगिताओं में मेघा, फुन्द्रिका, वृषभ, रतन, राकेश टकाच, नीतिदेव, विकास और धनुष ने विभिन्न खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। बैडमिंटन में हिमांशु और गुर्जनदीप विजेता बने, 100 मीटर दौड़ में विकास और फुन्द्रिका अव्वल रहे, जबकि रिले रेस में नरेश, विक्रांत, मोहित और गफ्फार ने जीत हासिल की। कार्यक्रम का संचालन प्रियंका कुमारी एवं अभिषेक चाहर ने किया। मंच संचालन में दक्षता दिखाने के लिए प्रियंका कुमारी को "सर्वश्रेष्ठ एंकर अवार्ड" प्रदान किया गया। **अंत में विनोद छारिया ने सभी अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया।**

# विक्रम सिंह राजपुरोहित चाडवास Adv को राजस्थान हाई कोर्ट एडवोकेट एसोसिएशन द्वारा सम्मानित

द डेस्प्रिंग

राजस्थान हाई कोर्ट एडवोकेट एसोसिएशन द्वारा अधिवक्ता विक्रम सिंह राजपुरोहित चंदवास द्वारा पिछले 15 वर्षों से नियमित सेवाएं दी जारही है ,पशु पक्षी पर्यावरण की तन मन धन से सेवा कर रहे हैं राजस्थान हाई कोर्ट हेरिटेज बिल्डिंग के आसपास और जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय के विभिन्न चौराहे पर पक्षियों को दाना पानी डालना, शहर में करीबन 130 पक्षियों के पानी पीने के लिए परिंदे लगवाना और उनकी नियमित साफ सफाई करना, पशुओं के लिए पानी पीने की खेलियों को नियमित रूप से हर रोज ,पानी डलवाना और सफाई करना की व्यवस्था की जा रही है मुख्य रूप से कोर्ट कैंपस जोधपुर के आसपास पानी का उपयोग होने पर हर तीसरे दिन सफाई की जाती है जोधपुर से गांव



जाते समय भी रास्ते में जितनी भी सड़क के आसपास पानी की उपयोग के लिए बनी खेलीयों को भी साफ करना, और पानी भरवाया जाता है लगभग 15 से 20 वर्ष से लगातार कार्य किया जाता है और करीबन ढ़ाई सौ पौधों का रोपण किया गया है और गोचर भूमि, मंदिर और देवी देवताओं के लिए छोड़ी गई जमीनों पर भी वर्षो से निरंतर पौध रोपण किया जा रहे हैं हर सप्ताह रविवार को निंबा नीमड़ी बेरी गंगा जोगी तीर्थ के विभिन्न स्थान के आसपास के पहाड़ों पर पशुओं पक्षियों बंदरों की सेवा फल फ्रूट कच्ची सब्जियां इत्यादि खिलाकर उनकी सेवा की जाती है और जोधपुर शहर के करीबन 5 सेवा समितियां में सदस्य की भूमिका निभाते हैं और हर समय सेवा के लिए तत्पर और हर टाइम उपलब्ध रहते हैं शाम के समय भी निशक्तजन एवं जरूरतमंदों को भोजन पानी की व्यवस्था करना मंदिरों में भंडारा ,रात्रि में जागरण इत्यादि भी प्रसादी वितरण में सहयोग देना उपरोक्त कार्य करने के कारण माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय जोधपुर के अधिवक्ता भवानी सिंह भलासरिया, देवेंद्र सिंह भाटी, श्रवण चौधरी, हेमलता सिंह, महेश जी वर्मा, चैन सिंह राजपुरोहित, महेंद्र सिंह राजपुरोहित, आदि अधिवक्ताओं द्वारा उपरोक्त कार्य करने पर विक्रम सिंह राजपुरोहित चाडवाड़ की प्रशंसा की।

# प्रधानमंत्री ने वर्चुअल रूप से किया आरबीएम अस्पताल के नवीन ब्लॉक का लोकार्पण

## जिला स्तर पर जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने सुना लाईव प्रसारण

## समारोह में 411 नवनियुक्त कार्मिकों को सौंपे नियुक्ति पत्र एवं वैलकम किट

द डेस्प्रिंग

**भरतपुर/ संवाददाता।** राजकीय आरबीएम अस्पताल के 250 बैड के नवीन भवन का लोकार्पण वर्चुअल माध्यम से गुरूवार को प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने बांसवाडा में आयोजित समारोह से बटन दबाकर किया। समारोह में राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे, मुख्यमंत्री श्री भजन लाल शर्मा सहित केन्द्र एवं प्रदेश के मंत्रीगण उपस्थित रहे। समारोह का आरबीएम



अस्पताल परिसर में लाईव प्रसारण किया गया जिसमें गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम, विधायक डीग-कुम्हेर डॉ. शैलेष सिंह, बयाना डॉ. ऋतु बनावत, संभागीय आयुक्त डॉ. टीना सोनी, जिला कलक्टर कमर चौधरी, पुलिस अधीक्षक दिगंत आनन्द, जिला अध्यक्ष शिवानी दायमा सहित जनप्रतिनिधिगण, विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं बडी संख्या में विभिन्न विभागों में नवनियुक्त कार्मिक उपस्थित रहे। समारोह में विभिन्न विभागों में नवनियुक्त 411 कार्मिकों को नियुक्ति पत्र एवं वैलकम किट अतिथियों द्वारा प्रदान



किये गये। विकसित भारत की संकल्पना में प्रदेश कदम से कदम मिला रहा है- **गृह राज्य मंत्री** समारोह को संबोधित करते हुये गृह राज्य मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री ने आज प्रदेश में प्रत्येक जिले को बडी सौगात प्रदान की हैं। इससे राजस्थान विकसित भारत में कदम से कदम मिलाकर आगे बढेगा। उन्होंने कहा कि भरतपुर में आरबीएम अस्पताल में नवीन ब्लॉक की सौगात मिलने से चिकित्सा सुविधाओं में विस्तार होने के साथ ही स्थानीय स्तर पर आमजन को आधुनिक चिकित्सा सेवाओं का लाभ मिल सकेगा। उन्होंने समारोह में नवनियुक्त कार्मिकों को शुभकामनाऐं देते हुये कहा कि केन्द्र एवं राज्य सरकार युवाओं के सपनों को साकार करते हुये अपने संकल्प को पूरा कर प्रतिवर्ष सरकारी एवं निजी क्षेत्रों में रोजगार उपलब्ध करवा रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश का चहुँमुखी विकास करने के लिये सरकार कृतसंकल्पित है इसी कडी में भरतपुर में आधारभूत संरचनाओं का विकास एवं मूलभूत सुविधाओं के लिये बजट में किये गये प्रावधान साकार होने जा रहे हैं। इससे नवीन एवं विकसित भरतपुर की संकल्पना पूरी होगी। इस अवसर पर गिरधारी तिवारी, मनोज भारद्वाज, सत्येंद्र गोयल, गिरधारी गुप्ता, मोहन रारह, अतिरिक्त कलक्टर प्रशासन घनश्याम शर्मा, शहर राहुल सैनी, पीएमओ डॉ. नगेन्द्र भादौरिया, संयुक्त निदेशक पशुपालन रामकिशन महावर सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### नवनिर्मित भवन में ये मिलेंगी सुविधाए

राज्य सरकार की ओर से राजकीय आरबीएम चिकित्सालय के विस्तार हेतु 87.50 करोड की लागत से 250 बैड के नवीन विंग में 4 मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर तैयार किये गये हैं, जिसमें न्यूरो सर्जरी, प्लास्टिक सर्जरी एवं यूरोलोजी सम्बंधी व अन्य रोगो का ईलाज राज्य सरकार के निर्देशानुसार निःशुल्क रूप से किया जावेगा। इस भवन में आपातकालीन चिकित्सा ईकाई को आधुनिक मापदण्डों के अनुसार बनाया गया है जिसमें आपातकालीन ऑपरेशन थियेटर के साथ रेड, ग्रीन, येलो वार्ड व रेडियोलॉजी की सभी सुविधाओं को एक ही साथ विकसित किया गया है कि ताकि आपातकालीन मरीजों को त्वरित ईलाज की सुविधाएं मुहैया कराई जा सकें। नवीन भवन में कार्डिलॉजी विभाग में कैथ लैब के साथ सभी आवश्यक आधुनिक जांच सुविधाएं भी उपलब्ध करवाई जावेगी। भवन के अन्दर ब्लड बैंक आधुनिक सुविधायुक्त तैयार की जा रही है जिसके अंतर्गत ब्लड के कम्पोनेंट का अलग-अलग बीमारियों के लिए अधिकतम उपयोग किया जा सकेगा। नवीन भवन के साथ ही मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा की महत्वाकांक्षी योजना में वृद्धजनों को प्राथमिकता देते हुए रामाश्रय वार्ड का उन्नयन कर 16 बैड से 30 बैड की स्थिति में कमोन्न्त किया जावेगा एवं डे-केयर सेंटर का भी उन्नयन कर 20 बैड से 40 बैड मे क्रमोन्नत किया जावेगा ताकि अधिकतम कैन्सर रोगियों को कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध करवाई जा सकें। नवीन भवन के संचालित होने से ओ.पी.डी, आई.पी.डी एवं सुपर स्पेशलिटी की सुविधाओं में विस्तार होगा। नवीन भवन के संचालित होने से भूमिगत पार्किंग, मरीजो के शुद्ध भोजन के लिए आधुनिक सुविधाओं से युक्त किचन, मरीजों के परिजन एवं स्टाफ के लिए कैफेटेरिया भी उपलब्ध हो जावेगा। नवीन भवन में विद्यार्थियों के लिए लैक्चर थियेटर उपलब्ध करवाया गया है ताकि एमबीबीएस के क्लिनिकल विषय की थ्योरी की कक्षाएं की सुविधा चिकित्सालय परिसर में ही संभव हो पाएगी। नवीन भवन के शुरूआत होने से लगभग 60 बैडड आई.सी.यू की सुविधाओं में विस्तार किया जा सकेगा। नवीन भवन के साथ विभिन्न विभागों में नवीनीकरण हेतु आवश्यक मेडीकल उपकरण, मेडीकल फर्नीचर एवं ऑफिस फर्नीचर उपलब्ध करवा दिए गए है। जिसमें से मेडीकल उपकरणों पर लगभग 18 करोड रूपये की राशि व्यय की गई है ।

# उत्तराखंड में पेपर लीक का फिर आरोप, नारायणपाल ने सरकार को लिया आड़े हाथ, बेरोजगार युवाओं को न्याय का आह्वान

द डेस्प्रिंग

**सितारगंज / दीपक भारद्वाज।** उत्तराखंड में सरकारी नौकरी के पेपर लीक होने की घटनाओं को लेकर पूर्व विधायक नारायणपाल ने प्रदेश सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने सितारगंज में प्रेसवार्ता के दौरान कहा कि हर बार जब सरकारी परीक्षाएँ होती हैं, तब पेपर लीक हो जाते हैं, जिससे राज्य के युवा बेरोजगारी की मार झेलते हैं।सितारगंज विधानसभा से बसपा के पूर्व विधायक रहे नारायणपाल ने स्पष्ट कहा कि चाहे पटवारी की परीक्षा हो या कोई




अन्य भर्ती, हमेशा युवा पीड़ित होते हैं और उन्हें नौकरी पाने का मौका नहीं मिलता। उन्होंने सरकार से आग्रह किया कि ऐसे दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए और ऐसे लोगों में कानून का भय पैदा किया जाए, ताकि भविष्य में पेपर लीक जैसी घटनाएँ रोकी जा सकें। नारायणपाल ने प्रदेश सरकार को बेरोजगार युवाओं को रोजगार देने के लिए सक्रिय कदम उठाने का आह्वान किया और कहा कि सरकार की लापरवाही युवाओं के साथ विश्वासघात के समान है। उन्होंने जोर देकर कहा कि अब समय आ गया है कि उत्तराखंड के युवाओं के साथ न्याय सुनिश्चित किया जाए और उन्हें उनके हक की नौकरी मिले।ओर प्रदेश से बेरोजगारी खत्म की जा सके।

# जयपुर में 3775 लीटर मिलावटी घी सीज

## 400 रुपए में खरीदकर किराना स्टोर पर करते थे सप्लाई, हरियाणा से मंगाता था व्यापारी

द डेस्प्रिंग

जयपुर सीएमएचओ की फूड सेफ्टी टीम ने गुरुवार को जयपुर के मुरलीपुरा स्थि?त एक घी व्यापारी के छापा मारा। कार्रवाई में वहां से 3775 लीटर मिलावटी घी बरामद हुआ। टीम ने घी के इस स्टॉक को सीज करते हुए सैंपल लिए। इन्हें जांच के लिए लैब में भि?जवाया गया। त्योहारी सीजन में "शुद्ध आहार-मिलावट पर वार" अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई।

# केन्द्र सरकार द्वारा जीएसटी में छूट एक क्रांतिकारी कदमः सुमित गोदारा

## राज्य के 22 जिलों में किसानों को दिन में विद्युत मिल रही है

## पूरे राज्य में जल्द ही किसानों को दिन में 8 घंटे बिजली मिलने लगेगी

द डेस्प्रिंग

**श्रीगंगानगर / कृष्ण आसेरी** । खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग, उपभोक्ता मामले विभाग के मंत्री एवं जिला प्रभारी मंत्री श्री सुमित गोदारा ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री आज राजस्थान के बांसवाड़ा क्षेत्र में आये हुए थे। उन्होंने हजारों करोड़ रूपये के विकास परियोजनाओं की सौगात राजस्थान को दी है। सौर ऊर्जा की बड़ी परियोजनाएं प्रारम्भ हुई है। राजस्थान में विद्युत सुधार के उल्लेखनीय कार्य हुए है। माननीय मुख्यमंत्री श्री भजनलाल की सरकार ने किसानों से दिन में विद्युत उपलब्ध करवाने का वादा किया था। उसी के अनुरूप अब 22 जिलों में दिन में 8 घंटे विद्युत किसानों को दी जा रही है और जल्दी ही पूरे राज्य में यह सुविधा प्रदान कर दी जायेगी। किसान को जीरो डिग्री में ठिठुरती ठंड में रात के समय काम करने की आवश्यकता नहीं रहेगी।

श्री गोदारा गुरूवार को गंगानगर जिले के एक दिवसीय दौरे के दौरान कलेक्ट्रेट हॉल में पत्रकारों से बातचीज करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि आज जो रोजगार उत्सव मनाया गया, जिसमें एक लाभार्थी ने सरकार का आभार व्यक्त किया और मुक्त कंठ से सरकार की सराहना की कि इस सरकार के समय में पेपर लीक नहीं होने के कारण



हमें रोजगार मिला है। इससे यह लगता है कि आमजन में सरकार के प्रति विश्वास की भावना बढ़ी है। पूर्ववर्ती सरकार के आरपीएससी के अध्यक्ष से लेकर सदस्य तक पेपरलीक में सम्मिलित पाये गये थे।

उन्होंने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री ने आज बांसवाड़ा में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मंच से राजस्थान सरकार की सराहना करते हुए विद्युत व्यवस्था व सौर ऊर्जा के काम की सराहना की है। राजस्थान विद्युत उत्पादन का सेंटर बनेगा। सूरतगढ़ में शिविर निरीक्षण के दौरान ज्ञात हुआ कि विद्युत विभाग ने 500 छोटे ट्रांसफार्मर मौहल्लों मे स्थापित किये हैं, जिससे गुणवत्तापूर्ण विद्युत मिलने लगी है। वर्षा जल की निकासी के लिये भी शहरों, छोटी मंडियों व गांवों में भी रिचार्ज की व्यवस्था की जायेगी। इस कार्य को सरकार मिशन मोड में ले रही है।

उन्होंने कहा कि प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में 10 करोड़ रूपये की राशि से सड़क निर्माण के कार्य जल्द प्रारम्भ होंगे। किसानों की 2575 रूपये प्रति क्विंटल की दर से गेहूं खरीद की गई। वर्तमान सरकार ने बहुत ही शानदार काम किया है। गंगानगर व हनुमानगढ़ जिले में डीजल व पेट्रोल के दाम घटाकर बड़ी राहत दी थी। गिव अप अभियान के तहत 35 लाख से उपर नागरिकों ने स्वेच्छा से गेहूं लेना बंद किया है। सरकार ने बड़ी संख्या में जरूरतमंद परिवारों को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा से जोड़ा भी है। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा जीएसटी में छूट देना एक बड़ा क्रांतिकारी कदम है। उन्होंने कहा कि जीएसटी हो या आयकर देश में रिकॉर्ड रेवेन्यू जनरेट हुआ है। देश के नागरिकों में इस बात की प्रसन्नता है कि सरकार ने रिफॉर्म किया है और रिफॉर्म से देश आगे बढ़ता है।

इस अवसर पर जिला कलक्टर डॉ. मंजू, एडीएम प्रशासन श्री सुभाष कुमार, एडीएम सतर्कता श्रीमती रीना, एएसपी श्री रघुवीर शर्मा, श्री शरणपाल सिंह, श्री प्रदीप धेरड़ सहित अन्य उपस्थित रहे।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय जयंती पर नगर पालिका में भव्य श्रद्धांजलि समारोह

द डेस्प्रिंग

**सितारगंज / दीपक भारद्वाज ।** नगर पालिका परिषद सितारगंज में जनसंघ के संस्थापक सदस्य, राष्ट्रवादी विचारक और अंत्योदय के प्रेरक आदरणीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की जयंती पर उनके आदर्शों को सम्मानित करते हुए नगरपालिका परिसर में उनकी प्रतिमा पर भव्य माल्यार्पण किया गया और उपस्थित सभी नागरिकों ने उन्हें शत-शत नमन अर्पित किया। इस अवसर पर नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष सुखदेव सिंह व सम्मानित सभासदगण एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे, जिन्होंने उनके जीवन और विचारों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। समारोह में उनके द्वारा प्रतिपादित एकात्म मानववाद और राष्ट्रसेवा के संदेश को युवाओं तक पहुँचाने पर विशेष जोर दिया गया, जिससे यह कार्यक्रम और भी प्रेरणादायक और यादगार बन गया।



# अभिव्यक्ति गरबा में कृष्णा क्यूटो बनकर पहुंचा बच्चा

## यूट्यूबर कोमल ने पति और बेटे संग किया डांस, दूसरे दिन भी दिखी ऑपरेशन सिंदूर की झलक

द डेस्प्रिंग

20वें अभिव्यक्ति गरबा महोत्सव के दूसरे दिन भी पांडाल खचाखच भरा है। आज मां जगदम्बा की आरती के साथ गरबा महोत्सव की शुरुआत हुई। गरबा वेन्यू मानसरोवर में वीटी रोड पर राजस्थान हाउसिंग बोर्ड ग्राउंड में साउथ इंडियन से लेकर गुजराती ड्रेस में लोग सज-धजकर लोग पहुंचे। कृष्णा क्यूटो बने बालक ने सभी को अपनी ओर आकर्षित किया। क्यूटो से लोगों और बच्चों ने हाथ मिलाए और जमकर मस्ती की। यूट्यूबर कोमल ने पति और एक साल के बेटे संग डांस किया।

# मुख्य सचेतक एवं पोकरण विधायक ने रामदेवरा में जीएसटी 2.0 के प्रचार-प्रसार के लिए की पदयात्रा

## व्यापारियों संग साझा की गई कर सुधारों की जानकारी

द डेस्प्रिंग




**जैसलमेर-रमेश प्रजापत ।** देशभर में 22 सितंबर से लागू जीएसटी 2.0 के प्रचार-प्रसार की श्रृंखला में राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक श्री जोगेश्वर गर्ग ने गुरुवार को अपने रामदेवरा प्रवास के दौरान जीएसटी कर सुधारों को जन-जन तक पहुँचाने के लिए पदयात्रा का आयोजन किया। इस पदयात्रा में स्थानीय विधायक प्रताप पुरी महाराज, पंचायत समिति साकड़ा के प्रधान भगवत सिंह तंवर, ग्राम पंचायत रामदेवरा के सरपंच समंदर सिंह तंवर, वाणिज्यिक कर विभाग की संयुक्त आयुक्त पंकज पंवार सहित सैकड़ों स्थानीय कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों ने भाग लिया। बाबा रामदेव जी के मुख्य मंदिर से प्रारंभ हुई पदयात्रा रामदेवरा के मुख्य बाजार से होते हुए रामदेवरा पुलिस चौकी के पास स्थित गजानन्दजी के मंदिर तक पहुँची, जहाँ यह एक सभा में परिवर्तित हुई। पदयात्रा के दौरान वाणिज्यिक कर विभाग द्वारा व्यापारियों को जीएसटी 2.0 की कर दरों में की गई ऐतिहासिक कटौती, प्रक्रियाओं की सरलता एवं उपभोक्ता हितों से जुड़े लाभों की जानकारी पेम्प्लेट्स एवं स्टिकर्स के माध्यम से दी गई। मुख्य सचेतक श्री गर्ग ने इस अवसर पर कहा कि जीएसटी 2.0 के रूप में देश को ष्एक कर, सरल करष् की ओर ले जाया गया है और इससे छोटे व्यापारियों को भी सीधा लाभ होगा। उन्होंने उपस्थित कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे इन सुधारों की जानकारी हर उपभोक्ता व व्यापारी तक पहुँचाएं। सभा में श्री गर्ग ने नागरिकों से देश के विकास में भागीदारी निभाने और कर सुधारों से मिले लाभ को आर्थिक विकास के लिए उपयोग करने की अपील की। उन्होंने केंद्र सरकार के कर सुधारों की प्रशंसा की और व्यापारियों से इसका लाभ उपभोक्ताओं तक पहुंचाने का आग्रह किया। पोकरण विधायक महंत प्रतापपुरी ने भारत की संभावनाओं का उल्लेख कर आत्मनिर्भर व विकसित भारत निर्माण के लिए स्वदेशी अपनाने की शपथ दिलाई। संयुक्त आयुक्त पंकज पंवार ने जीएसटी सरलीकरण एवं कम दरों की जानकारी दी, साथ ही व्यापारियों से आईटीसी लाभ को ग्राहकों तक पहुंचाने एवं समय पर कर भुगतान की सलाह दी। साथ ही, वाणिज्यिक कर विभाग जैसलमेर से राज्य कर अधिकारी विजयप्रताप सिंह, कर सहायक जितेन्द्र और वाहन चालक शंकरराम ने व्यवस्थाओं में सहयोग किया। सभा में जुगलकिशोर व्यास, नारायण सिंह तंवर, संतोश पालीवाल, श्रवण पूनिया, रमेश टावरी, भंवर सिंह सहित कई व्यापारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे।जिला प्रशासन जैसलमेर एवं वाणिज्यिक कर विभाग द्वारा समन्वयित यह आयोजन स्थानीय व्यापारिक समुदाय द्वारा सराहा गया।

# वरदान भवन में सजी चैतन्य देवियों की भव्य झांकी

### श्रद्धालुओं ने लिया दिव्य वातावरण का अनुभव।

द डेस्प्रिंग



**सितारगंज / दीपक भारद्वाज ।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय प्रभु प्रधान भवन सहज राजयोग केंद्र सितारगंज संस्थान के वरदान भवन कक्षा कक्ष में सोमवार को भव्य चैतन्य नव देवियों की झांकी का आयोजन बड़े ही श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन व मंगल गीतों के साथ हुआ, जिसके बाद पूरा वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा और भक्ति रस से सराबोर हो उठा। आकर्षक साज-सज्जा और जीवंत झांकियों ने उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। यह कार्यक्रम लगातार कई घंटों तक चला, जिसमें करीब 120 से अधिक श्रद्धालुओं ने भाग लेकर दिव्य वातावरण का आनंद लिया। इस अवसर पर मुख्य रूप से वी.के. सरोज, बी.के. ईशा, बी.के. निर्मला, प्रिंसिपल निरंजन सिंह, वी.के. राकेश गुप्ता पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष सितारगंज, और वी.के. संतोष सिंह मौजूद रहे। झांकी की विशेषता रही कि देवियों की पालकी सजाने व प्रस्तुत करने में सभी ब्रह्माकुमारी बहनों ने विशेष योगदान दिया। भक्ति गीतों और प्रवचनों से कार्यक्रम और भी रोचक बन गया, वहीं श्रद्धालुओं ने इस अद्भुत आयोजन को जीवन में आध्यात्मिक जागरण और सकारात्मक ऊर्जा का अद्वितीय अवसर बताया।

# आयुष्मान आरोग्य मंदिर पखवाड़ा कैंप में हुआ व्यापक स्वास्थ्य परीक्षण

### टीबी मरीजों को मिला संबल

द डेस्प्रिंग




**सितारगंज / दीपक भारद्वाज ।** क्षेत्र के अरविन्द नगर में आज आयुष्मान आरोग्य मंदिर पखवाड़ा कैंप का आयोजन स्वस्थ नारी-सशक्त नारी अभियान के अंतर्गत बड़े उत्साह के साथ किया गया। कैंप में ग्रामीणों का बीपी, शुगर, गर्भवती महिलाओं के खून की जांच सहित टीबी स्कैनिंग की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ ग्राम प्रधान श्रीमती दीपा घारामी ने दीप प्रज्वलन कर किया और विशेष पहल करते हुए दवा ले रहे 4 टीबी मरीजों को निश्चय मित्र बनकर गोद लिया तथा उन्हें पोषण किट प्रदान कर जीवन में संबल दिया। इस अवसर पर वर्ल्ड हेल्थ पार्टनर के कम्युनिटी कोऑर्डिनेटर वंशीधर तिवारी ने ग्रामीणों को टीबी बीमारी के लक्षण, बचाव और टीबी मुक्त ग्राम पंचायत बनाने की दिशा में जागरूक किया। वहीं इम्पैक्ट इंडिया प्रोजेक्ट, सीएचओ डॉ. दीपक टम्टा, सीएचओ डॉ. शिवांगी व्यास, एनम मुक्ता डाकुआ सहित समस्त आशा स्टाफ ने मिलकर ग्रामीणों को स्वास्थ्य परीक्षण व निःशुल्क दवाइयां उपलब्ध कराई। कैंप में महिलाओं व बुजुर्गों की भारी भीड़ उमड़ी और सभी ने स्वास्थ्य जांच का लाभ उठाया। इस आयोजन ने न केवल लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं से जोड़ा बल्कि स्वस्थ समाज निर्माण का संदेश भी दिया।

# जिला स्तरीय शैक्षिक सम्मेलन दो दिवसीय उद्घाटन समारोह आज

द डेस्प्रिंग

**मुंडावर /हवासिंह चौधरी ।** राजस्थान पंचायती राज एवं माध्यमिक शिक्षक संघ ( अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ से संबद्ध) जिला खैरथल- तिजारा का जिला स्तरीय शिक्षक शैक्षिक सम्मेलन मोहन बाग मैरिज गार्डन, श्योपुर चौक, हरसोली रोड,मुंडावर उद्घाटन समारोह 26 सितंबर (शुक्रवार) को होगा। दो दिवसीय कार्यक्रम में खुला मंच एवं समापन समारोह 27 सितंबर शनिवार को होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ललित यादव विधायक मुंडावर कार्यक्रम की अध्यक्षता सुनीता महेश गुप्ता प्रधान पंचायत समिति मुंडावर एवं कार्यक्रम पावन सानिध्य योगेंद्र नाथ महाराज बाबा धोकलनाथ आश्रम, छापुर होगे।

# मंडल रेल प्रबंधक ने धनबाद-बरवाडीह-पतरातू रेलखंड का निरीक्षण

धनबाद द डेस्प्रिंग हिंदी दैनिक



धनबाद मंडल अधीन आज दिनांक 25.09.25 को मंडल रेल प्रबंधक अखिलेश मिश्रा धनबाद - बरवाडीह-पतरातू रेलखंड का निरीक्षण किया गया निरीक्षण के क्रम में बरकाकाना अवॉइडिंग का निरीक्षण, टोरी-बरवाडीह रेलखंड के मध्य विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण, बरवाडीह स्थित आरओएच शेड, स्टोर डिपो आरओएच, बरवाडीह क्रेन एवं एआरटी शेड, रनिंग रूम, क्रू लॉबी तथा बरवाडीह स्टेशन का गहन निरीक्षण किया गया तथा संबंधित शाखाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया स्वच्छता ही सेवा-2025 अभियान के अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक सहित मंडल अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा ओआरएच शेड, बरवाडीह में श्रमदान किया गया 7 इसके अतिरिक्त, मंडल रेल प्रबंधक ने पतरातु स्थित सी एंड डब्लू एवं डीजल लोकोमोटिव शेड का भी निरीक्षण किया तथा उनकी उपस्थिति में सी एंड डब्ल्यू, पतरातु में सी एंड डब्लू महिला कर्मचारी द्वारा नवनिर्मित रेल कोच कॉन्फ्रेंस हॉल का उद्घाटन किया गया उक्त आशय की जानकारी मोहम्मद इकबाल (वरीय मंडल वाणिज्य प्रबंधक, धनबाद एवं वरीय जनसंपर्क अधिकारी) ने दी है।

# अज्ञात युवक की सड़क हादसे में मौत, पुलिस कर रही शिनाख्त की तलाश

द डेस्प्रिंग



**जयपुर ।** चोमू थाना क्षेत्र के रामपुरा डाबड़ी, खातीयों की ढाणी के पास मंगलवार देर रात एक सड़क हादसे में एक अज्ञात युवक की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, रात करीब 12 बजे कपूर हॉस्पिटल के सामने सड़क पार करते समय एक अज्ञात वाहन ने 20 वर्षीय युवक को टक्कर मार दी। हादसे के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। घायल को एम्बुलेंस की मदद से एसएमएस अस्पताल पहुँचाया गया, जहाँ इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान अब तक नहीं हो पाई है। पुलिस के अनुसार, युवक के दाहिने हाथ पर ÷एस डी÷ अक्षर अंकित है। शव को एसएमएस अस्पताल की मोर्चरी में सुरक्षित रखा गया है। पुलिस ने आमजन से मृतक की शिनाख्त या वारिसान की जानकारी उपलब्ध कराने की अपील की है। जानकारी देने हेतु मोबाइल नंबर 9828971111 या लैंडलाइन नंबर 0141-2209040 पर संपर्क किया जा सकता है।

# भाजपा ने जीएसटी में 22 लाख करोड़ वसूले

### आठ साल बाद भी व्यापारी, उद्योग और आम जनता कराह रही है- गणेश उपाध्याय

### प्रदेश सरकार युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ रही

द डेस्प्रिंग



**सितारगंज / दीपक भारद्वाज ।** राज्य कांग्रेस के प्रवक्ता डॉ गणेश उपाध्याय ने कहा कि महंगाई से निजात दिलाने के लिए पेट्रोलियम पदार्थों को जीएसटी परिधि में लाने की मांग की। कहा कि भाजपा ने जीएसटी में 22 लाख करोड़ वसूले। अब जीएसटी से राहत दिलाने का जश्न मना रही है। कई वस्तुओं में जीएसटी स्लैब बढ़ाकर छूट का ढकोसलना कर दरें बढ़ा दी हैं। गणेश उपाध्याय ने कहा कि डीजल व पेट्रोल अन्य उत्पादों में जीएसटी लागू नहीं होता तब तक महंगाई को कम किसी हालत नहीं किया जाता की है। कहा कि आठ साल बाद भी व्यापारी, उद्योग और आम जनता कराह रही है। डॉ उपाध्याय ने कहा कि प्रदेश सरकार युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ रही है। वर्ष भर मेहनत कर नौकरी के इंतजार में युवाओं को मायूसी मिल रही है। युवा सड़कों पर हैं। सरकार अपनी पीठ थपथपा रही है। नकल माफिया को भी जेहाद का नाम देकर युवाओं की पीड़ा का खुला मजाक उड़ा रही है।

# राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ के आह्वान पर शहीद स्मारक पर हुआ विशाल धरना-प्रदर्शन

द डेस्प्रिंग



**जयपुर।** अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ (एकीकृत) के आह्वान पर बुधवार को शहीद स्मारक पर विशाल धरना-प्रदर्शन आयोजित हुआ। जिसमें सैकड़ों कर्मचारी शामिल हुए। इस ऐतिहासिक आंदोलन में राजस्थान परिवहन निरीक्षक संघ के अनेक सदस्य भी बड़ी संख्या में सम्मिलित हुए। सभा को संबोधित करते हुए राजेश कुमार चौधरी, अध्यक्ष राजस्थान परिवहन निरीक्षक संघ एवं उपाध्यक्ष अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ (एकीकृत) ने कहा कि राजस्थान सरकार का अस्तित्व कर्मचारियों की मजबूती पर टिका है। कर्मचारी ही वह हड्डियाँ हैं जो इस सरकार के शरीर को सहारा देती हैं। यदि ये हड्डियाँ कमजोर होंगी तो निश्चित रूप से राजस्थान सरकार भी कमजोर पड़ जाएगी। चौधरी ने संगठन की ओर से स्पष्ट किया कि महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष गजेन्द्र सिंह राठौड़ लगातार कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान और अधिकारों की रक्षा के लिए अग्रिम पंक्ति में संघर्ष कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि राजस्थान परिवहन निरीक्षक संघ पूर्ण रूप से गजेन्द्र सिंह राठौड़ के नेतृत्व के साथ खड़ा है और सरकार को अब संवाद और समाधान की दिशा में ठोस कदम उठाने होंगे। इस अवसर पर महासंघ के महासचिव अनिल बसवाल, सदस्य अमित सुद्दा सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस दौरान सभी ने एक स्वर में कहा कि कुछ उच्च अधिकारी कर्मचारियों की समस्याओं को सरकार तक पहुँचने नहीं दे रहे, और यही सबसे बड़ा अवरोध है। सरकार को इस हिचकिचाहट को दूर करके कर्मचारियों की भावनाओं और मांगों को गंभीरता से लेना चाहिए। धरना कर्मचारियों की एकता, अनुशासन और जज़्बे का प्रतीक बना और यह साबित किया कि जब कर्मचारी संगठित होते हैं तो किसी भी कठिनाई को पार किया जा सकता है। आंदोलन की तस्वीरें और वीडियो साझा कर संगठन ने स्पष्ट संदेश दिया है कि यह संघर्ष तब तक जारी रहेगा जब तक समाधान नहीं मिलता है।

### पीएम मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष में रक्तदान शिविर का आयोजन

# भाजपा मंडल खाचरियावास द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर स्वच्छता कार्यक्रम व संगोष्ठी भी आयोजित

द डेस्प्रिंग





**सीकर।** भाजपा मंडल खाचरियावास के द्वारा सेवा पखवाड़ा के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। वहीं पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती के उपलक्ष में स्वच्छता कार्यक्रम, संगोष्ठी का आयोजन भी किया गया। खाचरियावास भाजपा मंडल अध्यक्ष सुशील कुमार शर्मा ने बताया कि रक्तदान शिविर में कार्यकर्ताओं के द्वारा 76 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया साथ ही देश के पूर्व उपराष्ट्रपति राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री रहे स्वर्गीय भैरों सिंह की प्रतिमा पर कार्यकर्ताओं के द्वारा प्रतिमा को स्वच्छ किया। संगोष्ठी में पूर्व जिला महामंत्री प्रभु सिंह गोगावास ने कहा कि उपाध्याय एकात्म मानवतावाद के प्रेरणा स्त्रोत रहे हैं साथ ही अंतोदय योजना के जनक भी उपाध्याय ही रहे। इस दौरान भाजपा प्रत्याशी गजानंद कुमावत के द्वारा सेवा पखवाड़े के दौरान खाचरियावास मंडल के युवाओं के द्वारा जो रक्तदान किया गया उसके लिए सभी युवाओं का आभार व्यक्त किया व राज्य व केंद्र सरकार की योजनाओं से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खाचरियावास के सभी कर्मचारियों का सम्मान किया गया।

इस मौके पर सुरेश शर्मा, डांसरौली सरपंच हनुमान प्रसाद झाझड़ा, कुली सरपंच दिग्विजय सिंह, नरेंद्र सिंह शेखावत, मंडल अध्यक्ष सुशील कुमार शर्मा, पूर्व युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष सुरजीत सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष मुकेश शर्मा, बाबूलाल हल्दुनिया, राजू मीणा दिनेश कुमावत सहित भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# माधव विश्वविद्यालय में एनएसएस ने युवाओं में जगाई सामाजिक जागरूकता, राष्ट्र निर्माण का दिया संदेश

द डेस्प्रिंग





**आबूरोड ।** माधव विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग विभाग एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के संयुक्त आयोजन में राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस पर एक प्रेरक और उत्साहजनक कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में उपस्थित छात्रों और संकाय सदस्यों को संबोधित करते हुए विश्वविद्यालय के प्रेसिडेंट डॉ. राजीव माथुर ने कहा कि राष्ट्र के सर्वांगीण विकास और सामाजिक उत्थान के लिए एनएसएस का योगदान नितांत आवश्यक है। उन्होंने युवाओं से सेवा, अनुशासन और समाज के प्रति जिम्मेदारी की भावना को अपनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में रजिस्ट्रार डॉ. भावेश कुमावत ने कहा कि एनएसएस युवाओं में राष्ट्रभक्ति और सामाजिक जागरूकता को बढ़ावा देता है और उन्हें जिम्मेदार नागरिक बनने में मार्गदर्शन करता है। इंजीनियरिंग विभाग के अधिष्ठाता वक्ता डॉ. राजेंद्र बैरागी ने एनएसएस के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इसका लक्ष्य विद्यार्थियों के जीवन में सामाजिक सेवा की भावना विकसित करना और उनके सर्वांगीण व्यक्तित्व के विकास में सहायता करना है। एनएसएस इकाई प्रथम की प्रभारी संगीता सिंह ने कहा कि एनएसएस से जुड़कर युवा समाज में जागृति लाते हैं और दूसरों के लिए प्रेरणा बनते हैं। इकाई द्वितीय की प्रभारी डॉ. रेणुका ने चतुर्भुज विकास में एनएसएस की भूमिका को रेखांकित किया, वहीं सह प्रभारी डॉ. दुष्यंत ने युवाओं के व्यक्तित्व विकास में सक्रिय सहभागिता की आवश्यकता पर जोर दिया। कार्यक्रम में क्विज प्रतियोगिता भी आयोजित की गई जिसमें गोपाल कुमार, साहिल राधाकृष्णन, अभिजीत रविंद्र, शुभम पंकेस, कुसर दिया, मधुमेश और कुशल विजेता रहे और उन्हें पारितोषिक देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में डॉ. धीर सिंह, केतन राजपुरोहित, राहुल मीणा, लवकुश, उत्तम, अमित, अमृतलाल, भूमेश कुशल और साहिल सहित विभिन्न विभागों के संकाय सदस्य और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# माधव विश्वविद्यालय में स्थापना दिवस समारोहः गौरव, प्रेरणा और सहभागिता का संगम

द डेस्प्रिंग







**आबूरोड ।** माधव विश्वविद्यालय का गौरवमय स्थापना दिवस बड़े उत्साह और धूमधाम के साथ विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विश्वविद्यालय का ध्वजारोहण करके की गई, जिसमें छात्र, संकाय अधिष्ठाता व सदस्य और कर्मचारी सभी गर्व और उत्साह के साथ उपस्थित रहे। इस मौके पर विश्वविद्यालय के प्रेसिडेंट डॉ. राजीव माथुर ने उपस्थित सभी को संबोधित करते हुए कहा कि स्थापना दिवस केवल एक तारीख नहीं है, बल्कि यह विश्वविद्यालय की प्रगति, शिक्षण गुणवत्ता और समाज में योगदान का प्रतीक है। उन्होंने छात्रों से विश्वविद्यालय की उपलब्धियों को आगे बढ़ाने और देश तथा समाज के प्रति जिम्मेदारी निभाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में रजिस्ट्रार डॉ. भावेश कुमावत ने कहा कि माधव विश्वविद्यालय ने शिक्षा, शोध और सामाजिक गतिविधियों में कई महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की हैं। उन्होंने उपस्थित छात्रों, संकाय सदस्यों और कर्मचारियों से विश्वविद्यालय के मूल्यों को अपनाने और हर गतिविधि में सक्रिय भागीदारी निभाने का संदेश दिया। इस अवसर पर प्रॉक्टर डा आदेशपाल, अकादमिक अधिष्ठाता डॉ महेंद्र सिंह परमार, शारीरिक शिक्षा विभागाध्यक्ष विष्णु चौधरी सहित विभिन्न संकाय अधिष्ठाता, सदस्य, छात्र-छात्राएं और कर्मचारी उपस्थित रहे और उन्होंने विश्वविद्यालय की उपलब्धियों और सेवा के महत्व को सराहा। सभी ने स्थापना दिवस की शुभकामनाएं साझा की और विश्वविद्यालय की प्रगति तथा समाज में योगदान को निरंतर आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

# परिवार की सुरक्षा ओर अपने हक अधिकारों की रक्षा के लिए कोटा रेंज आईजी, बून्दी एसपी ओर उपखण्ड अधिकारी तालेड़ा को सौपा ज्ञापन

### मां के अंतिम संस्कार व रस्मों में शामिल होने से रोका, जान से मारने की धमकी - विजय सिंह ने प्रशाशसन से लगाई न्याय की गुहार

द डेस्प्रिंग



**बून्दी / फ़रीद खान ।** बूंदी। जिले के डाबी थाना क्षेत्र से एक बेहद ही गंभीर मामला सामने आया है, जहां गोपाल गौशाला पराणा निवासी विजय सिंह बंजारा ने अपने ही परिजनों पर सामाजिक और धार्मिक अधिकारों से वंचित करने, अपनी मां के अंतिम संस्कार में शामिल न होने देने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। इस संबंध में उन्होंने कोटा रेंज आईजी, बूंदी पुलिस अधीक्षक और तालेड़ा एसडीएम को परिवाद देकर सख्त कार्रवाई की मांग करते हुए सुरक्षा की गुहार लगाई है। विजय सिंह बंजारा ने बताया कि 22 सितंबर 2025 को उनकी मां स्वरूपी बाई का निधन हुआ था। अंतिम संस्कार के दौरान जब वे अर्थी को कंधा देने लगे तो परिजनों ने उन्हें रोक दिया। आरोप है कि परिजनों ने गाली-गलौच कर अपमानित किया और मुण्डन व कपाल क्रिया जैसे धार्मिक अनुष्ठानों में भी शामिल नहीं होने दिया। उन्होंने अलग से नाई बुलाकर मुण्डन की रस्म पूरी की। विजय सिंह ने परिजनों पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि उनके 85 तोले सोना, 17 किलो चांदी और नकदी पर कब्जा करने की नीयत से उन्हें परिवार से अलग-थलग किया जा रहा है। आरोप है कि मांगीलाल नामक व्यक्ति ने परिजनों को भड़काकर उन्हें सामाजिक और पारिवारिक अधिकारों से वंचित कर रखा है।

उन्होंने बताया कि अगले दिन 23 सितंबर 2025 को भी परिजनों ने एकजुट होकर उनके साथ गाली-गलौच और मारपीट की तथा धक्के मारकर घर से निकाल दिया। इस दौरान उन्हें पत्थर भी मारे गए और धमकी दी गई कि अगर दोबारा मां के क्रियाकर्म में शामिल होने आए तो जान से मार देंगे। विजय सिंह का कहना है कि उनके परिजन यह तक कह रहे हैं कि स्वरूपी बाई उनकी मां नहीं है और इस आधार पर उन्हें परिवार से बाहर करने की कोशिश की जा रही है। जबकि मृतका उनकी सगी मां थीं। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि आरोपियों ने उपखंड न्यायालय तालेड़ा में वर्ष 2024 में एक वाद दायर किया था, जिसमें झूठे तथ्य पेश कर उनकी मां के जीवित रहते ही मृत्यु दर्शा दी गई थी। इस तरह छल-कपट कर उपखंड न्यायालय को गुमराह किया गया। विजय सिंह ने बताया कि इस पूरे मामले की रिपोर्ट उन्होंने 23 सितंबर 2025 को थाना डाबी में दी थी, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने जिला प्रशासन और पुलिस अधिकारियों से गुहार लगाई है कि आरोपियों पर सख्त कार्रवाई कर उनके सामाजिक और धार्मिक अधिकारों की रक्षा की जाए। यह मामला अब गांव-समाज में चर्चा का विषय बना हुआ है और पीड़ित ने न्याय की उम्मीद में उच्च अधिकारियों से सुरक्षा और न्याय की मांग की है।

# रांची से रीवा तक बार्डर तक फोरलेन सड़क बनाने को लेकर केंद्रीय मंत्री गटकरी से मिले संजीव गोंड़ राज्यमंत्री

सोनभद्र द डेस्प्रिंग हिंदी दैनिक



सोनभद्र थाना चोपन परिक्षेत्र के रहने वाले राज्यमंत्री संजीव गौड़ विधान सभा ओबरा विधायक एवं उत्तर प्रदेश सरकार में समाज कल्याण राज्यमंत्री ने रीवा रांची राष्ट्रीय मार्ग जो मध्य प्रदेश अंतिम बार्डर से दो फोरलेन सड़क निर्माण का प्रस्ताव जनहित में सराहनीय है। इस बाबत फोन पर हुई बातचीत में राज्य मंत्री संजीव कुमार गोड ने बताया कि 24 सितंबर को केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से शिष्टाचार मुलाकात कर मूर्धवा से बभनी के छत्तीसगढ़ सीमा तक और बभनी थाना के पास से बीजपुर के मध्यप्रदेश सीमा तक की सड़क को फोरलेन , ओबरा से परसोई कनहरा होते हुए सिंगरौली मध्य प्रदेश राज्य की सीमा, चोपन से सा आरंगी,पनारी, फफराकुंड, खैराही होते हुए अनपरा तक जो मध्य प्रदेश के सीमावर्ती राज्य में जुड़ जाएगा ऐसा प्रस्ताव बनाकर दिया गया है। जिस पर केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने आश्वासन दिया है कि प्रस्ताव पर जल्द विचार कर कार्य प्रारंभ कराया जाएगा। मंत्री संजीव कुमार गोड के प्रयास और जनहित में लिए गए निर्णय की चारो ओर प्रशंसा की जा रही है।सम्भ्रांतजनो ने माँग किया है कि आए दिन जाम की स्थिति से निपटने के लिए इस कार्य को जल्द शुरू कराने का प्रयास करें इस सड़क मार्ग के फोरलेन होने से लाखों यात्रियों को जलालत से निजात मिलेगी और क्षेत्र का तेजी से विकास होगा। विंडमगंज से हाथीनाला से रेणुकूट वाया अनपरा वर्ष 1980 में बनी सड़क दो लेन हैं उस समय बहुत कम कोयला की गाड़ियों का परिवहन होता था आज उसका कई गुना अधिक हो गया हैं। पहले पावर प्लांट के फ्लाई ऐश राख का परिवहन सड़क मार्ग से नहीं होता था आज हजारों गाड़ियों का आवागमन हो रहा हैं। अत्यधिक गाड़ियों के परिवहन से सिदहवा से रेणुकूट और मुरधवा से हाथीनाला अक्सर जाम लगने से सड़क मार्ग पर चलने वाले राहगीरों को घंटों घंटा जाम लगने से परेशानियों को झेलना पड़ता हैं।

# विश्व हिन्दू परिषद का अभियान विकसित भारत के निर्माण में युवा शक्ति की भुमिका का कार्यक्रम सरुण्ड में आयोजित

द डेस्प्रिंग

**मुंडावर /हवासिंह चौधरी ।** विकसित भारत के निर्माण में युवा शक्ति की भुमिका अभियान कार्यक्रम ग्राम सरुण्ड की राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सरुण्ड में आयोजित किया गया, सरूण्ड ग्राम पंचायत के सभी विधालयो के छात्र व छात्राओं ने हिस्सा लिया, कार्यक्रम का मंच संचालन अध्यापक रतिराम जी वर्मा के द्वारा किया गया, कार्यक्रम के अध्यक्ष व्याख्याता मुकेश कुमार जी रहे, कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डा. अश्विनी गोयल जिला अध्यक्ष विश्व हिन्दू परिषद्, विशिष्ट अतिथि रामनारायण विजयवर्गीय प्रखण्ड अध्यक्ष विहिप, मुख्य वक्ता सुरेन्द्र हिन्दू बजरंग दल अलवर विभाग संयोजक रहे, सुरेन्द्र कुमार हिन्दू बजरंग दल अलवर विभाग संयोजक मुख्य वक्ता ने कहा हमारे देश पहले से ही विकसित देश था अंग्रेजों ने आने के बाद देश के युवाओं को भ्रमित करके नशे और ड्रग्स की लत डाल दी विकसित भारत का उदाहरण देते हुए कहा सिकंदर जिसने कभी हार नहीं मानी वह भी भारत में आकर हार गया था, और नालन्दा विश्वविद्यालय जिसमें विदेशो से नागरिक आकर शिक्षा ग्रहण करते थे




और भारत विश्व गुरु कहलाता था सोने की चिड़िया कहलाता था विज्ञान की बात करे तो रामसेतु का प्रमाण है जिसको कैसे पत्थर खोजे कैसे समुद्र पर पुल का निर्माण कर दिया अन्त में कहा कि असामाजिक तत्वों से आत्मरक्षा के लिये शारीरिक व्यायाम करें व मंदिरों, पुजारियों व संतों की भूमिका के महत्व पर प्रकाष डाला। उन्होंने घटती हिंदू आबादी व जन्मदर, धर्मांतरण का संकट, लव जिहाद कि बढ़ती घटनायें, हिंदू संस्कारों का दृढ़िकरण जैसे विषयों पर समाज को सावधान रहने, विष्व हिन्दू परिषद् से जुड़ने व विहिप का सहयोग करने की बात कह डा. अश्विनी गोयल जिला अध्यक्ष विहिप ने कहा की अभी देश विकसित नही हुआ है युवा पीढ़ी विकसित होगी तभी देश विकसित होगा युवाओं को विकसित होने के लिए स्वरोजगार पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए , सभी को सरकारी नोकरी नही मिल सकती, युवाओं को विकसित होने के लिए चिकित्सक इंजीनियर, एग्रीकल्चर, स्वव्यापार , छोटे छोटे और बड़े उधोग कारखाने भी चला सकते है, और ईसके साथ स्वदेशी सामान भी मिलेगा और युवाओं को रोजगार भी मिलेगा पास गांव शुकलाबास का उदाहरण देते हुए कहा छोटे से गांव में 40+चिकित्सक है और भी रोजगार चला रहे हैं पहले स्वयं को विकसित करो स्वयं विकसित हो जाओगे देश विकसित हो जायेगा रामनारायण विजयवर्गीय प्रखण्ड अध्यक्ष विहिप ने कहा भारत के सामने एक नयी चुनौती मुंह पसारे खड़ी है वो है युवाओं में बढती नशे की लत, तम्बाकू गुटखा पान मसाला व शराब तथा ड्रग्स की लत केवल युवाओं में ही नही है बल्कि स्कुली बच्चो में भी तीव्र गति से बढ़ रही है, और आज भारत में एक सर्वे के अनुसार 6.5 करोड़ से ज्यादा ड्रग्स एडिक्ट है, भारत में लगभग दस शहरो का सर्वेक्षण किया तो स्कूल के बच्चे भी 13 साल की उम्र में ही नशे के शिकार हो रहे हैं, और उन बच्चों का प्रमाण होता है नशे के कारण परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर हो जाती है,और पढ़ाई, स्वास्थ्य, और भविष्य सभी का नुक़सान हो रहा है, इसलिए विश्व हिन्दू परिषद व बंजरग दल जागरण करके युवाओं को व्यायाम,योग, अध्यात्म व सम्पर्क प्रबोधन से इस खतरे से बचा रहा है और, विश्व हिन्दू परिषद्, बजरंग दल के कार्यकर्ता इस अभियान के तहत विद्यालय, महाविद्यालय, कोचिंग क्लासेज आदि शिक्षण संस्थानों से सम्पर्क कर जागरण कर रहा है, और परिवारो में सभी से संवाद हो और जागरुकता से सभी पर निगरानी रखे,अपने परिवार कुटुम्ब के अन्दर भी इन बातों की खुलकर चर्चा होनी चाहिए, और बच्चों के व्यवहार में नशे के कारण बदलाव आता है, जो इस खतरे के बारे में संकेत देते हैं, और आज स्वास्थ्य क्षेत्र में पुनर्वास सहायता की सुविधाएं खडी हुई है जिसका लाभ नशे की लत लगे हुए युवाओं को दे सकते है, काउन्सिल तथा वैद्यकीय चिकित्सा भी करनी होगी, समाज में भी अत्यंत सतर्कता की आवश्यकता है, कोई भी संदिग्ध गतिविधियां हमारे आसपास हो रही है तो इसकी सुचना सम्पर्क हेल्पलाइन नंबर पर देवे अंतिम चरण में व्याख्याता मुकेश कुमार सैनी ने कहा युवाओं को विकसित होने के लिए शिक्षा पर ध्यान केंद्रित करे देश का युवा विकसित होगा तभी भारत विकसित होगा, युवाओं को मोबाइल व सोशल मीडिया से दुर रखना चाहिए और कुटुम्ब प्रबोधन का भाव जागृत करे कार्यक्रम में सभी विधालयो के अध्यापक अध्यापिकाओं सहित संजय हिन्दू बजरंग दल जिला सहसंयोजक, प्रहलाद सैनी प्रखण्ड मंत्री विहिप, रणवीर सिंह शेखावत, महावीर सिंह, आदित्य, सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे

## सालासर एवं पल्लू पैदल जाने वाली यात्रियों के बैगों और वाहनों पर रिफ्लेक्टर लगा

द डेस्प्रिंग

**हनुमानगढ़ (विनोद चौधरी) ।** रोजाना जिला मुख्यालय से होकर हजारों श्रद्धालु पैदल व वाहनों के जरिए सालासर धाम जा रहे हैं। इनकी सुरक्षा को मद्देनजर रखते हुए पुलिस अधीक्षक हरी शंकर के निर्देशानुसार यातायात पुलिस की ओर से टाउन स्थित यातायात शाखा के बाहर अस्थाई रूप से सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा का बूथ बनाया गया है। बूथ के सामने से गुजरने वाले पैदल व वाहनों पर जा रहे श्रद्धालुओं को रोककर उनके बैग, हेलमेट व वाहनों पर रिफ्लेक्टर लगाए जा रहे हैं। साथ ही उन्हें पानी की बोतलें व फल वितरित किए जा रहे हैं। दवाइयों की भी व्यवस्था बूथ पर की गई है। पैदल चलने वाले श्रद्धालुओं को सड़क के किनारे चलने, सड़क पर नहीं बैठने वहीं वाहन चालकों को वाहन खराब होने पर वाहन को सड़क से नीचे खड़ा करने के लिए जागरूक किया जा रहा है ताकि हर श्रद्धालु सुरक्षित अपना यात्रा पूरी करे। यातायात प्रभारी अनिल चिन्दा ने बताया कि अब तक करीब 22 से 23 हजार श्रद्धालुओं के बैग व वाहनों पर रिफ्लेक्टर लगाए जा चुके हैं। श्रद्धालुओं की सुरक्षा के मद्देनजर यह कार्य किया जा रहा है। समाजसेवी सुमन चावला ने यातायात प्रभारी अनिल चिन्दा की ओर से किए गए इस नवाचार की सराहना की। उन्होंने कहा कि आमतौर पर लोग पुलिस के पास जाने से कतराता है लेकिन यातायात प्रभारी की कार्यशैली ने हर किसी को उनका कायल कर दिया है। इससे समाज में भी अच्छा संदेश जा रहा है जो हम सबके लिए अनुकरणीय है। उन्होंने कहा कि सालासर यात्रियों के लिए की गई रिफ्लेक्टर लगाने की व्यवस्था सराहनीय है। इससे हादसों पर अंकुश लगेगा।



# कांग्रेस शिक्षक प्रकोष्ठ का शपथ समारोह, मगलानी ने वोट चोरी के खिलाफ अभियान को घर-घर पहुंचाने का किया आह्वान

द डेस्प्रिंग

**श्रीगंगानगर, / कृष्ण आसेरी ।** कांग्रेस के जिला कार्यालय में आज शिक्षक प्रकोष्ठ की जिला इकाई का शपथ ग्रहण समारोह जिलाध्यक्ष अंकुर मगलानी की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। समारोह में प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष सोहनलाल सहारण सहित अन्य पदाधिकारियों ने शपथ ग्रहण की। इस अवसर पर शिक्षक प्रकोष्ठ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष अभिमन्युसिंह भदौरिया, संरक्षक महेंद्र चौधरी, शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष धर्मपाल झोरड़ और युवक कांग्रेस के अध्यक्ष कारण सहारण उपस्थित रहे। जिलाध्यक्ष अंकुर मगलानी ने अपने उद्बोधन में कहा कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने दिल्ली में दो प्रेस वार्ताओं के माध्यम से भाजपा और चुनाव आयोग की मिलीभगत से वोट चोरी कर चुनाव जीतने के मुद्दे का भंडाफोड़ किया है। उन्होंने शिक्षक प्रकोष्ठ से आह्वान किया कि पार्टी द्वारा चलाए जा रहे ÷वोट चोर गद्दी छोड़÷ अभियान को जिले में घर-घर तक ले जाया जाएं। मगलानी ने जोर देकर कहा कि शिक्षक प्रकोष्ठ बुद्धिजीवी वर्ग का प्रतिनिधित्व



करता है और यह भाजपा द्वारा फैलाए जा रहे झूठ और भ्रम को उजागर करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। उन्होंने कहा-लोग मताधिकार के प्रति जागरूक हो जाएंगे तो भाजपा को वोट चोरी का मौका नहीं मिलेगा। उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस हमेशा मजदूर, किसान, छोटे व्यापारी, अनुसूचित जाति, जनजाति और ओबीसी के विकास के लिए प्रयासरत रही है और आज भी समाज के अंतिम व्यक्ति के साथ खड़ी है। मगलानी ने शिक्षक प्रकोष्ठ को कांग्रेस की विचारधारा को मजबूत करने की दिशा में कार्य करने का निर्देश देते हुए आश्वासन दिया कि जिला कांग्रेस कमेटी उनकी हर आवश्यकता में साथ खड़ी रहेगी। प्रदेशध्यक्ष अभिमन्युसिंह भदौरिया ने कहा कि आगामी तीन महीनों में प्रत्येक ब्लॉक कार्यकारिणी का गठन पूरा कर लिया जाएगा और प्रत्येक कार्यकारिणी के सदस्यों को 15-15 बीएलए आवंटित किए जाएंगे ताकि मतदाता सूची पर निगरानी रखी जा सके। महेंद्र चौधरी ने कहा कि आज देश में धर्म और झूठ का माहौल फैलाया जा रहा है, जिसे शिक्षक ही तोड़ सकते हैं। उन्होंने शिक्षक प्रकोष्ठ से जनता के बीच झूठ का पर्दाफाश करने का आह्वान किया। समारोह में सोहनलाल सहारण जिलाध्यक्ष, सुखचैनसिंह वरिष्ठ उपाध्यक्ष, विनोद पुरी, वेद प्रकाश राव, रणवीर धोवण, श्री राम डूडी, बनवारीलाल गोदारा उपाध्यक्ष, ओमप्रकाश नायक महामंत्री, मनीराम मेघवाल महासचिव, इंद्र मिश्रा, हंसराज गेरा, कृष्णलाल पूनिया, संदीप जांदू, और श्यामसिंह मडीवाल सचिव को शपथ दिलाई गई। जरनैलसिंह मांगट, आजादसिंह, मनफूलराम और कुलदीपसिंह रत्ता को संरक्षक मनोनीत किया

# 5 साल पहले प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बनी सड़क, पेचवर्क तक नहीं कराया जा रहा

### स्टेट हाईवे 14 से राजकीय बालिका विद्यालय तक - मीणो की ढाणी के पास वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो रहे

द डेस्प्रिंग

**मुंडावर /हवासिंह चौधरी ।** सोडावास कस्बे के स्टेट हाईवे -14 से राजकीय बालिका विद्यालय तक प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत सड़क मार्ग बना था। वर्तमान में सड़क जर्जर अवस्था में होने के कारण इन दिनों लोगों को आवागमन में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीण भूपसिंह मेधवाल पंचायत समिति सदस्य, योगेश गुजर, लीलाराम मीणा, कबूल सैन, नरेश राठी, राजेश सिंह चौहान ने बताया सार्वजनिक निर्माण विभाग के द्वारा यह मार्ग बना था। जिसके बाद आज तक सड़क पर न तो निर्माण कार्य किया गया और नहीं पेच वर्किंग का कार्य किया गया। जबकि सड़क की दुर्दशा का आलम यह है कि मीणो की ढाणी के पास तो रास्ता पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त और बड़े-बड़े



गड्ढे हो गए हैं। कई जगह पर तो डामर का नाम निशान ही खत्म हो गया है। इस संदर्भ में ग्रामीण पूर्व में भी कई बार देखे थे मौखिक रूप से स्थानीय



प्रशासनिक, पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को अवगत करवा चुके हैं। मगर समस्या जज की तस बनी हुई हैं।

# सेवा पखवाड़े के अंतर्गत आयोजित सांसद खेलकूद प्रतियोगिता का समापन

### विजेता खिलाड़ियों का किया गया सम्मान

द डेस्प्रिंग

**धौलपुर (दीपू वर्मा) ।** राजस्थान सरकार द्वारा आयोजित सेवा पखवाड़े के अंतर्गत जिला प्रशासन के सहयोग से जिला खेलकूद प्रशिक्षण केंद्र धौलपुर द्वारा आयोजित पांच दिवसीय सांसद खेलकूद प्रतियोगिता का इंदिरा गांधी स्टेडियम में मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी महेश मंगल के मुख्य आतिथ्य में समापन किया गया। इस अवसर पर उपस्थित खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए जिला शिक्षा अधिकारी ने कहा कि खेलों का जीवन में बहुत महत्व है । पढ़ाई के साथ प्रत्येक छात्र को खेलों में भी अपनी भागीदारी निभानी चाहिए । उन्होंने कहा कि खेल बेहतर भविष्य का निर्धारण करते हैं। इसलिए प्रत्येक खिलाड़ी को नियमित रूप से अभ्यास करना चाहिए। इस अवसर पर सांसद खेलकूद प्रतियोगिता के जिला संयोजक जयवीर सिंह पोसवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री के जन्मदिन



के अवसर पर आयोजित सेवा पखवाड़े के अंतर्गत सांसद खेलकूद प्रतियोगिता का उद्देश्य खिलाड़ियों को मैदान से जोड़ना है और युवा पीढ़ी को नशे की लत से दूर करना है । उन्होंने कहा कि फिट इंडिया कार्यक्रम के तहत सरकार द्वारा प्रत्येक जिला स्तर पर आयोजन कराएं जा रहे हैं । जिसमें बड़ी संख्या में युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिल रहा है । ऐसा पहली बार देखने को मिल रहा है जब इस प्रकार के आयोजन जिला स्तर पर बड़े पैमाने पर कराए जा रहे हैं। चंद्रमल फाउंडेशन के संरक्षक राजवीर सिंह गुर्जर ने कहा कि धौलपुर में खेलों का भविष्य काफी स्वर्णिम धौलपुर में युवा एन एनआई एस कर चुके हैं और खेलो को बढ़ावा देने में लगे हुए हैं। हमारा प्रयास रहेगा कि हम फाउंडेशन के माध्यम से छुपी हुई प्रतिमाओं को सामने ला सकें। इस अवसर पर जिला खेल अधिकारी अशोक कुमार ने कहा कि सरकार द्वारा आयोजित पांच दिवसीय आयोजन में विभिन्न खेलों के सैकड़ो खिलाड़ियों ने बढ़-चढ़कर अपनी भागीदारी निभाई और आयोजन को सफल बनाया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन के माध्यम से खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलता है। उन्होंने कहा कि सभी विजेता खिलाड़ियों को विभाग की ओर से स्मृति चिन्ह व मेडल देकर सम्मानित किया गया है । कार्यक्रम में विशिष्ट योगदान के लिए मोहम्मद जाकिर हुसैन को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर युवा मोर्चा के महासचिव वेद प्रकाश, ट्रेजरी अधिकारी ने भी अपना उद्बोधन दिया । कार्यक्रम में संजीव झा, चंद्रमोहन त्रिवेदी, भुवनेश, असलम, अजय बघेल, आदित्य, योगेश कुमार, विक्रांत मुद्गल, विजय दिवाकर ,विकास बघेला, कुमारी गुंजन, दीपिका शर्मा, सुश्री सुष्मिता मिश्रा, नाजिश खान मुख्य रूप से उपस्थित थे। मंच का संचालन रंजीत दिवाकर एडवोकेट द्वारा किया गया।

## शहरी सेवा कैंप में पी.एम. स्वनिधि लाभार्थियों को ऋण स्वीकृति

द डेस्प्रिंग

**धौलपुर (दीपू वर्मा) ।** नगर परिषद धौलपुर द्वारा आयोजित शहरी सेवा कैंप में भारत सरकार की फ्लैगशिप योजना प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के अंतर्गत रेहड़ी-पटरी व्यवसायियों को ऋण स्वीकृति प्रदान की गई। योजना के अंतर्गत लाभार्थियों को पहली किस्त रू15,000, दूसरी किस्त रू25,000 तथा तीसरी किस्त रू50,000 तक का ऋण बैंकों के माध्यम से उपलब्ध कराया जाता है। कैंप में एस.डी.एम. साधना शर्मा द्वारा पी.एन.बी. बैंक के माध्यम से लाभार्थियों को ऋण स्वीकृत कर स्वीकृति पत्र वितरित किए गए। इस अवसर पर आयुक्त गुमान सिंह ने अधिक से अधिक पात्र लोगों को इस योजना का लाभ दिलाने पर जोर दिया। पी.एम. स्वनिधि योजना प्रभारी सचिन पांडे ने उपस्थित लोगों को योजना की विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान पी.एन.बी. एल.डी.एम. ऑफिस से महेश शर्मा, नगर परिषद एन.यू.एल.एम. से वरिष्ठ बाबू जितेंद्र शर्मा, सी.ओ. प्रशान्त शर्मा सहित परिषद के कर्मचारी उपस्थित रहे।



## मालियों की ढाणी की दो छात्राओं का वॉलीबॉल में राज्य स्तर पर चयन

द डेस्प्रिंग

**मुंडावर /हवासिंह चौधरी ।** सोडावास के समीप शामदा पंचायत के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय मालियों की ढाणी की दो छात्राओं का वॉलीबॉल में राज्य स्तर पर चयन होने पर ग्रामीणों में खुशी है । प्रधानाध्यापक निर्मला बाई ने बताया कि सोड़ावास में आयोजित 14 वर्षीय जिला स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता में विद्यालय की दो छात्रा सुहानी व निकिता सैनी का राज्य स्तर पर चयन हुआ हैं। दोनों छात्रा खैरथल तिजारा जिले को टीम का प्रतिनिधित्व करने जोधपुर खेलने जाएंगी।दोनों छात्राओं ने विद्यालय और गांव का नाम रोशन किया। शारीरिक शिक्षक संदीप सैनी व विद्यालय स्टाफ ने दोनों छात्राओं को शुभकामनाएं दी।





# शहरी सेवा शिविर 2025 : नागरिकों को समस्यओं का हो रहा शीघ्र निस्तारण

द डेस्प्रिंग

**जैसलमेर-रमेश प्रजापत ।** राज्य सरकार ने शहरी नागरिकों को दी जाने वाली सेवाओं के शीघ्र निस्तारण एवं जन समस्याओं के समाधान के उद्देश्य से शहरी सेवा शिविर 2025 का आयोजन जैसलमेर सहित प्रदेश भर में किया जा रहा है। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य शहरी क्षेत्रों में रहने वाले नागरिकों को सभी आवश्यक सेवाएं प्रदान करना एवं उनसे संबंधित प्रकरणों का मौके पर निस्तारण कर नागरिकों को राहत देना है। यह अभियान जैसलमेर में 17 सितंबर 2025 से 17 अक्टूबर तक नगर परिषद जैसलमेर एवं पोकरण नगरपालिका द्वारा वार्डवार शिविर संचालित किये जा रहा है। इन शिविरों में शहरी आमजन से जुडी मुख्य समस्याऐं जैसे- **स्वच्छता एवं सुंदरताः-** शहर की वृहद स्तर पर सफाई, सीसी और डामर सड़कों की मरम्मत, पेचवर्क, स्ट्रीट लाइट्स की व्यवस्था एवं जन सुरक्षा।

**सड़क सुरक्षाः-** अंधेरी/सुनसान सड़कों पर स्ट्रीट लाइट्स लगाना और चौराहों, डिवाइडरों, पार्को की सौंदर्यीकरण।

**नागरिक सेवाएंः-** जन्म, मृत्यु, विवाह पंजीकरण, फायर छब्ब्, ट्रेड लाइसेंस, ओ एफ सी केबल, टावर एनओसी, सीवर कनेक्शन, सभी प्रकार के पट्टे, भू-उपयोग परिवर्तन, नामांतरण, मैनहॉल्स की मरम्मत, लीकेज आदि कार्य।




**आवेदन एवं ऋण वितरणः-** मुख्यमंत्री निःशुल्क बिजली योजना, पीएम स्वनिधि योजना, सीएम स्वनिधि के तहत नए आवेदन और लंबित आवेदन पत्रों का ऋण वितरण।

**विभागीय सेवाएंः-** नगर परिषद, वाणिज्यिक कर विभाग वृत जैसलमेर,यूआईटी ,चिकित्सा, आयुर्वेद, सामाजिक न्याय, महिला एवं बाल विकास, विद्युत विभाग, पीएचईडी विभाग ,पंजीयन विभाग, राजस्थान आवासन मंडल,ई मित्र,बैंकों के प्रतिनिधि आदि के माध्यम से आम जन के प्रकरणों का निस्तारण।कार्यक्रम के अनुसार गुरुवार को आरपी कॉलोनी सभा भवन वार्ड नंबर 6 व 7 में शिविर आयोजन किया गया। शिविर में राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक श्री जोगेश्वर गर्ग, पोकरण विधायक महंत प्रतापपुरी, जिला कलक्टर प्रताप सिंह, समाजसेवी दलपतराम हिंगड़ा, पवनसिंह भाटी, सुरेश कुमार द्वारा आमजन को पट्टे वितरित किए गए। इस दौरान मुख्य सचेतक श्री गर्ग ने लाभार्थियों एवं कार्मिकों से संवाद किया एवं कहा कि आमजन के कार्य शीघ्र एवं सुगमता से हो इसके लिए राज्य सरकार द्वारा पूरे कार्य को ऑनलाइन माध्यम किया गया है। जिससे लोगों की समस्याओं का समाधान शीघ्र हो एवं लोगों को अनआवश्यक कार्योलयों के चक्कर ना काटने पडे। विधायक पोकरण महंत प्रतापपुरी ने अपने विचार व्यक्त कर अधिकारियों एवं कार्मिकों को आमजन के कार्य सेवा पखवाड़ा की तरह सेवा भाव से करने के निर्देश प्रदान किए गए। शिविर में लाभार्थियों ने मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा एवं जिला प्रशासन को धन्यवाद ज्ञापित किया। शिविर मे आयुक्त लजपाल सिंह, सह प्रभारी सहायक अभियंता श्री हंसराज, नगर परिषद के अन्य विभागीय कर्मचारियों की उपस्थिति रही, जिन्होंने शिविर को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

**नागरिकों को मिली राहतः-** शिविर में विभिन्न विभागों एवं बैंकों के प्रतिनिधियों द्वारा नागरिकों के प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण किया गया, जिससे नागरिकों को विभिन्न सेवाओं का त्वरित लाभ प्राप्त हुआ। यह शहरी सेवा शिविर नागरिकों की समस्याओं के समाधान में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो रहे है साथ ही इस प्रकार के आयोजन शहरी क्षेत्रों में विकास को गति प्रदान करेंगे।

## युवा नेता लूणा ने फसल नुकसान निरीक्षण करवाकर रिपोर्ट करने की की मांग

द डेस्प्रिंग

**श्री राम भादू /फलोदी ।** जोधपुर जिला देहात कांग्रेस कमेटी महासचिव किशन राव लूणा ने घंटियाली पंचायत समिति क्षेत्र मे गोगालट के प्रकोप से हुए फसलो को नुकसान को लेकर घंटियाली तहसीलदार को ज्ञापन प्रेषित कर फसल नुकसान निरीक्षण करवाकर रिपोर्ट करने की मांग की है। ज्ञापन में बताया की घंटियाली पंचायत समिति क्षेत्र में हालिया चालु सीजन खरीफ 2025 की मूंगफली कपास मूंग मोठ बाजरी ग्वार व तिल की खड़ी फसल सफेद सूंडी व्हाईट राब यानी गोजालट के प्रकोप से फसल को भारी नुकसान हुआ है फसल बर्बाद हो गई है आऊ उपखण्ड क्षेत्र के लगभग सभी खेतों में इसका कीट भयंकर प्रकोप है किसान हर प्रकार के कीटनाशकों का प्रयोग कर करके थक हार चुके हैं मगर अपनी फसल को नहीं बचा पाए है पहली समस्या बारिश की कमी जिससे फसलें बारिश कमी से जल कर खत्म हो गई है उपर से यह गोजा लट ने किसानों के खेत खाली कर दिए। इस विकट परिस्थितियों` सरकार को अग्रेषित कर गरीब किसानों को मुआवज़ा राशि व बीमित फसल का क्लेम दिलवाने की मांग की। वही वर्ष 2022 की मुआवजा राशि बहुत सारे वंचित किसानों के खाते में अभी तक भी हस्तांतरित नहीं हुई हैं किसान एक सीजन की खाद बीज व कीटनाशक कृषि आदान विक्रेताओं से यह कहकर उधार लाते है कि फसल निकालते ही आपका हिसाब चुकता कर देंगे मगर सरकार द्वारा स्वीकृत 2022 की मुआवजा राशि अभी तक किसानों खातों में हस्तांतरित नहीं हुई हैं

## प्रिंसिपल के स्थानांतरण पर छात्रों ने मेगा हाईवे किया जाम



द डेस्प्रिंग

**केशवरायपाटन(मुकेश जैन)।** केशवरायपाटन उपखंड के ग्राम चडी स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्रिंसिपल रमेश गुर्जर के स्थानांतरण के विरोध में गुरुवार को छात्र व ग्रामीणों ने नाराजगी जताते हुए कोटा-लालसोट मेगा हाईवे जाम लगाकर प्रदर्शन किया। जिससे हाईवे पर लंबा जाम लग गया छात्र-छात्राओं ने स्थानांतरण आदेश रद्द करने की मांग की। सूचना पर पुलिस व प्रशासन मौके पर पहुंची और समझाइश के बाद जाम हटवाया गया।

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक अमरदीप शर्मा के लिए जैमन प्रिंटर्स प्रा. लि. रोड नं. 14 पी विश्वकर्मा इंडस्ट्रियल एरिया जयपुर, 302013 से मुद्रित एवं एफ- 43 गोविंदम टावर ,करधनी कालवाड़ रोड जयपुर से प्रकाशित। प्रधान कार्यालयः- एफ- 43 गोविंदम टावर करधनी कालवाड़ रोड जयपुर 302012 (राज.) संपादक अमरदीप शर्मा । राजस्थान मीनू सेन प्रबंध संपादक सीकर मोः नंबर 8619639447